ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • माघ कृष्ण पक्ष 02 • विक्रम संवत 2079 • सोमवार, 09 जनवरी 2023 • वर्ष-23 • अंक-334 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

अजय देवगन के भांजे अमन बॉलीवुड में... पेज 12 पर



NEWS इन ब्रीफ

## यूएपीए के तहत दर्ज कांडों की गृह मंत्रालय ने मांगी जानकारी

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड में अनलॉफुल एक्टिविटिज प्रिवेंशन एक्ट (यूएपीए) के तहत दर्ज सभी कांडों की विस्तृत जानकारी मांगी है। उग्रवादी व आतंकी समूह से जुड़े सदस्यों व उनकी गतिविधियों को लेकर यूएपीए के तहत केस दर्ज किया जाता है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के सब्सीडरी इंटेलीजेंस ब्यूरो के असिस्टेंड डायरेक्टर उत्कृष्ट प्रसून ने इस संबंध में झारखंड सरकार को पत्र लिखा है। जिसके बाद राज्य पुलिस के आईजी ऑपिरेशन एवी होमकर ने सभी जिलों के एसपी को पत्र लिखकर इस संबंध में जानकारी मांगी है।

## झारखंड कांग्रेस के पांच नेताओं को निष्कासित करने की अनुशंसा

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के पांच नेताओं को पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित करने की अनुशंसा अनुशासन समिति ने की है। झारखंड कांग्रेस के अनुशासन समिति की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। समिति ने जिन पांच नेताओं के निष्कासन की अनुशंसा प्रदेश प्रभारी से की है उनमें आलोक दुबे, राजेश गुप्ता, लाल किशोर नाथ शाहदेव, सुनील सिंह और साधु शरण गोप शामिल हैं।

## राजीव लोचन बख्शी फिर बने पीआरडी निदेशक

**रांची।** भारतीय वन सेवा के पदाधिकारी राजीव लोचन बख्शी



एक बार फिर से पीआरडी के निदेशक बनाए गए हैं। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग ने इस संबंध में रविवार को एक अधिसूचना जारी की है। उल्लेखनीय है कि बीते 15 दिसम्बर को राजीव लोचन बख्शी को पीआरडी के पद से हटाया गया था। 28 दिन बाद राजीव लोचन बख्शी को दोबारा पीआरडी निदेशक बनाया गया है।

## सीएम आवास का घेराव करेंगी नर्सें

**रांची।** झारखंड में वर्षों से स्वास्थ्य विभाग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत अनुबंध पर सेवा दे रहीं एएनएम-जीएनएम नर्सों, पारा मेडिकलकर्मियों ने 16 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की घोषणा की है। आंदोलन की घोषणा करनेवाली अनुबंधित नर्सों के संगठन ने मुख्यमंत्री आवास घेराव के साथ साथ हड़ताल से संबंधित कार्यक्रम की घोषणा की है। इससे पहले एक शिष्टमंडल ने उपायुक्त और सिविल सर्जन को अपनी मांग और आंदोलन की रूपरेखा से अवगत कराया।

# कनकनी

## उत्तर-पश्चिमी इलाकों में भयंकर शीतलहरी, येलो अलर्ट जारी

### कांके का पारा 01 डिग्री पहुंचा, डालटनगंज का न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री किया गया रिकॉर्ड

### राज्य के कई जिले शीतलहर की चपेट में रहेंगे

### सबसे अधिक तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में किया गया है रिकॉर्ड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के पश्चिमी और उससे जुड़े उत्तरी हिस्से भयंकर शीतलहर की चपेट में हैं। रांची मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के उत्तर-पश्चिमी इलाकों के लिए येलो जारी किया है। झारखंड की राजधानी रांची से सटे कांके का तापमान पिछले दिनों एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, डालटनगंज का न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है।

राज्य के कई जिले सोमवार को शीतलहर की चपेट में रहेंगे। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। सबसे अधिक तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में मापा गया। मौसम केंद्र के मुताबिक 9 जनवरी को गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा जिले में कहीं-कहीं शीतलहर चलने की



आशंका है। 9 से 14 जनवरी तक सुबह में कोहरा या धुंध छाया रहेगा। बाद में आसमान साफ रह सकते हैं।

### 15 जनवरी तक स्कूल बंद

**राज्य** में ठंड के कहर को देखते हुए शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने सभी स्कूलों को क्लास 1 से 5 तक 15 जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। इससे पहले शिक्षा मंत्री ने आठ जनवरी तक के लिए सभी सरकारी और निजी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया था। अब छुट्टी की अवधि बढ़ाकर 15 जनवरी तक कर दी गई है। अब 15 जनवरी तक के लिए कक्षा 1 से 5 के बच्चों के लिए स्कूल बंद रहेंगे। बता दें कि राज्य में कपकपाती ठंड पड़ने के कारण छोटे बच्चों को स्कूल जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

### अगले तीन दिनों तक न्यूनतम पारा में बदलाव की उम्मीद नहीं

**राज्य** में सर्दी का सितम फिलहाल कायम रह सकता है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया है कि तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में किसी बदलाव की उम्मीद कम है। उसके बाद अगले तीन दिनों तक तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री तक का इजाफा हो सकता है। इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान डालटनगंज का न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, खूंटी में भी पारा 4.2 डिग्री दर्ज किया गया है। सिमडेगा रामगढ़ और देवघर में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लगभग सभी जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम चल रहा है।

## कड़ाके की ठंड में बिना शर्ट के एक बच्चे को लेकर राहुल चले यात्रा में, भाजपा हमलावर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भाजपा नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा ने एक बार फिर राहुल गांधी पर निशाना साधा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और मौजूदा सांसद राहुल गांधी की अगुवाई में 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान हाल में एक बच्चा धोती पहने हुए दिखा। उसने शर्ट नहीं पहनी हुई थी। ठंड में शर्टलैस बच्चे के साथ चलते राहुल गांधी पर बग्गा ने नाराजगी जताई है। बग्गा ने एक तस्वीर साझा की है। उस तस्वीर में यह देखा जा सकता है कि बच्चे ने केवल धोती और जनेऊ पहन रखा है। बग्गा ने बच्चे के साथ वाली राहुल गांधी की फोटो ट्वीट करते हुए लिखा, '4 डिग्री तापमान में, केवल एक बेशर्म व्यक्ति ही एक बच्चे को राजनीति के लिए बिना कपड़ों के घुमा सकता है।' राहुल गांधी की इस तस्वीर की काफी लोग आलोचना कर रहे हैं।



### एनसीपीसीआर तक पहुंचा मामला

एक वकील चांदनी प्रीति विजयकुमार शाह ने भी ठंड की स्थिति में बिना शर्ट या टी-शर्ट के बच्चे के साथ चलने पर राहुल गांधी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को एक पत्र लिखा है। यह पत्र उन्होंने एनसीपीसीआर की प्रमुख प्रियांक कानूनगो को लिखा है। पत्र में लिखा गया है कि राजनीतिक लाभ के लिए एक बच्चे के अधिकारों और कल्याण का उल्लंघन करने के लिए कांग्रेस के असंवैधानिक आचरण का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पर राजनीतिक लाभ के लिए बच्चों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और हिंदू धर्म में बड़े धार्मिक महत्व वाले पवित्र धागे जनेऊ को लेकर भी सबसे पुरानी पार्टी की आलोचना की।

## तोपचांची बाजार में बम ब्लास्ट पांच महिला समेत सात घायल



**नवीन मेल संवाददाता। तोपचांची (धनबाद)**

तोपचांची बाजार में रविवार को एक बम ब्लास्ट हुआ। इस ब्लास्ट में पांच महिला समेत सात लोग बुरी तरह से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि बम एक बाइक की डिक्की में रखा हुआ था। जैसे ही बाइक सवार ने सब्जी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## पूर्व स्वास्थ्य मंत्री पंचतत्व में विलीन

### हेमेंद्र प्रताप देहाती का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

### भानू प्रताप शाही ने अपने पिता को दी मुखाग्नि

**नवीन मेल संवाददाता। केतार (गढ़वा)**

राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गये। गढ़वा जिले के केतार प्रखंड अंतर्गत पैतृक गांव कधवन में सोन नदी के तट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। इससे पूर्व पुलिस के जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर, उन्हें तिरंगा समर्पित कर सम्मान देते हुए सलामी दी। वहीं, दुःख की इस घड़ी में डीसी रमेश घोलप, एसपी अंजनी कुमार झा, नगर एसडीओ, डीएसपी आदि के साथ काफी संख्या में पक्ष और विपक्ष के राजनेता और कार्यकर्ता अंतिम संस्कार में शामिल हुए। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवारवालों को हिम्मत बंधाया। बता दें कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को रिम्स, रांची में इलाज के दौरान निधन हो गया था।

### मुखिया से मंत्री तक का रहा सफर

सोनपुरा स्टेट के राजपरिवार घराने के कधवन गांव में सन 1926 में लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती का जन्म हुआ था। सन 1952 में उन्होंने



सोशलिस्ट पार्टी में शामिल होकर कपूर्री ठाकुर और राम मनोहर लोहिया को आदर्श मानकर राजनीति सफर शुरू किया। लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती 1958 से लेकर 1969 तक परसोडीह पंचायत के मुखिया रहे। सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर 1969 में विधानसभा उपचुनाव लड़े और अपने प्रतिद्वंद्वी नगर उंटारीगढ़ के शंकर प्रताप देव को हराकर विधायक बने। अधिक उम्र होने के बाद पूर्व मंत्री ने अपने छोटे पुत्र भानू प्रताप शाही को राजनीतिक विरासत दे दी। वर्ष 2004 में भानू प्रताप शाही पहली बार चुनाव लड़े और विधायक बने। विधायक बनने के बाद मधु कोड़ा सरकार में उन्हें स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया। इसी बीच भानू को जेल जाना पड़ा तब उनके पिता लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया था।

## क्या पीके की जनसुराज यात्रा को धन की कमी हो गई?

सुलगते सवाल ?



आनंद सिंह



**क्या** जनसुराज यात्रा को अब पैसे की दिक्कत होने लगी है? क्या देश और राज्यों में सरकार बनाने वाले प्रशांत किशोर(?) यात्रा हेतु धन की किल्लत से जूझ रहे हैं? क्या जिन तथाकथित राज्यों के बड़े लोग इस यात्रा को सहायता दे रहे थे(?), उन्होंने अपनी मुट्ठियां बंद कर लीं? अब तक जो यात्रा चल रही थी, उसके लिए क्राउड फंडिंग के मद में जमा धन खत्म हो गया? या, प्रशांत किशोर के नाम से क्राउड फंडिंग के नाम पर जालसाज लोग बाजार में उतर आए हैं? कुछ ऐसा हुआ है। तभी यह खबर।

ये सवाल एकाएक खड़े नहीं हुए। कल, यानी शनिवार की शाम को इन पंक्तियों के लेखक को एक फोन आया। उधर से कहा गया : फलां...जी बोल रहे हैं। मैं प्रशांत किशोर जी के ऑफिस से बोल रहा हूं। आप यहां (मेरे गृह जनपद का नाम लिया) के रहने वाले हैं। आपने जनसुराज यात्रा को समर्थन दिया है। मैं आपसे अपील करता हूं कि आप जनसुराज यात्रा के लिए जो भी संभव हो, आर्थिक सहयोग करें। क्या आपके इस नंबर पर वाट्सएप है? मैं लिंक भेजता हूं। आप उसी पर जो सहयोग करना चाहें, कर सकते हैं। (अब वह फोन नंबर ब्लॉक किया जा चुका है और यह भी नहीं पता कि फोन करने वाले जनसुराज से जुड़े भी हैं या नहीं।)

लेकिन, ऐसा संभव हो भी सकता है। कोई भी यात्रा हो, उसमें धन तो लगता ही है। हो सकता है कि जो बजटिंग की गई हो, उससे ज्यादा खर्च हो गया हो। यह भी संभव है कि क्राउड फंडिंग से जो धन आया था, वह अब खत्म होने वाला हो। बड़ा सवाल धन के खत्म होने का नहीं है। बड़ा सवाल यह है कि क्राउड फंडिंग के नाम पर आप उन लोगों से पैसे कैसे मांग सकते हैं, जिन्हें आप जानते तक नहीं? अगर जानते भी हैं तो सिर्फ वर्चुअली। क्या किसी को वर्चुअली जानना पर्याप्त है? क्या वर्चुअली एक पहचान रखने वाले लोग आपको फंडिंग कर सकते हैं? इस पर विचार करने की जरूरत है।

### बिहार जैसे राज्य में ज्यादातर के पास नौकरी नहीं

**ऐसे** दौर में, जब बिहार जैसे गरीब राज्य में ज्यादातर लोग परेशान हैं, नौकरी नहीं है, रोजगार नहीं है, 30 फीसद से ज्यादा की आबादी के पास दो जून की रोटी के लिए मुकम्मल पैसे नहीं हैं, तब आपको क्राउड फंडिंग के लिए बिहार के लोग पैसा कैसे दे पाएंगे? बेशक, प्रशांत किशोर का मकसद बहुत ही बढ़िया है। वह बिहार के लोगों को सियासी तौर पर मजबूत करना चाहते हैं, उनकी सियासी समझ को और बढ़िया करना चाहते हैं, एक नए बिहार का निर्माण भी करना चाहते हैं, पर सवाल वहीं आकर अटक जाता है : इसमें उनका क्या फायदा होगा जो न तीन में हैं न तेरह ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**पर्यटन** लग्जरी क्रूज भारत-बांग्लादेश के पांच राज्यों में 3,200 किमी. की दूरी तय करेगा

## भारत में रिवर क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देगा गंगा विलास

### पीएम 13 जनवरी को वाराणसी से हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

### एमवी गंगा विलास भारत को दुनिया के रिवर क्रूज मानचित्र में दिलायेगा स्थान : सोनोवाल

**नवीन मेल नेटवर्क। नयी दिल्ली**

दुनिया की सबसे लंबे रिवर क्रूज का शुभारंभ भारत के लिए रिवर क्रूज पर्यटन के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक होगा। यह लग्जरी क्रूज भारत और बांग्लादेश के पांच राज्यों में 27 नदी प्रणालियों में 3,200 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी, 2023 को वाराणसी में एमवी गंगा विलास का शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय पत्तन, पोत



परिवहन और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि इस सेवा के लॉन्च होने के साथ रिवर क्रूज की विशाल अप्रयुक्त क्षमता के इस्तेमाल की शुरुआत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में एमवी गंगा विलास क्रूज देश में नदी पर्यटन की विशाल क्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम है। वैश्विक स्तर पर हमारी समृद्ध विरासत और आगे बढ़ेगी, क्योंकि पर्यटक भारत की आध्यात्मिक, शैक्षिक, कल्याण, सांस्कृतिक और साथ ही जैव विविधता की समृद्धि का अनुभव करने में सक्षम होंगे। काशी से सारनाथ तक, माजुली से मयोंग तक, सुंदरबन से काजीरंगा तक, यह क्रूज जीवन भर का अनुभव प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में यह अद्भुत पहल, भारत में नदी क्रूज पर्यटन में एक नए युग की शुरुआत है और नीति तथा अभ्यास दोनों के माध्यम से एक्ट ईस्ट को साकार करने की दिशा में हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत कर रही है। एमवी गंगा विलास क्रूज को दुनिया के सामने देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### भारत की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने के लिए तैयार

**एमवी** गंगा विलास के यात्रा कार्यक्रम को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के स्थानों पर रुकने के साथ भारत की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने के लिए तैयार किया गया है। वाराणसी में प्रसिद्ध गंगा आरती से, यह बौद्ध धर्म की महान श्रद्धा के स्थान सारनाथ में रुकेगा। यह मायोंग को भी कवर करेगा, जो अपनी तांत्रिक विद्या के लिए जाना जाता है। माजुली, सबसे बड़ा नदी द्वीप और असम में वैष्णव संस्कृति का केंद्र है। यात्री बिहार स्कूल ऑफ योग और विक्रमशिला विश्वविद्यालय भी जाएंगे, जिससे उन्हें आध्यात्मिकता व ज्ञान में समृद्ध भारतीय विरासत से रूबरू होने का मौका मिलेगा। यह क्रूज रॉयल बंगाल टाइगर्स के लिए प्रसिद्ध बंगाल डेल्टा की खाड़ी में सुंदरबन के जैव विविधता से भरपूर विश्व धरोहर स्थलों के साथ-साथ एक सींग वाले गैंडों के लिए प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से भी गुजरेगा।

## झामुमो का दावा : बजट सत्र के पहले बनेगी नियोजन नीति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो के महासचिव व केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने दावा किया है कि सरकार विधानसभा के आगामी बजट सत्र से पहले नयी नियोजन नीति बना देगी। पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि युवाओं के लिए नियोजन नीति अहम मसला है। उम्मीद है कि बजट सत्र से पहले नयी नियोजन नीति तैयार हो जायेगी।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा 2024 में एक भी सीट पर जीत का मुंह नहीं देख पाएगी। अमित शाह पूर्व में भी चक्रधरपुर आये थे। उनके आने के बाद से समूचे कोल्हान में भाजपा विधानसभा चुनाव में साफ हो गयी थी। अब वे झारखंड में लोकसभा की 14 सीटों पर जीत नहीं, हार के लिए रणनीति बनाना शुरू करें। चाईबासा के अलावा बाकी प्रमंडलों में भी वे दौरा करें।

**छात्रों ने जताया विरोध :** प्रेस वार्ता के बाद टेट पास और कई युवा अभ्यर्थियों ने सुप्रियो भट्टाचार्य के सामने नियोजन नीति को लेकर विरोध जताया। कहा कि सरकार के आधा-अधूरा फैसलों के कारण उनका कैरियर प्रभावित हो रहा है। एक तरफ नियोजन नीति को स्थगित करने की बात है, दूसरी ओर शिक्षकों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया जारी है जो भ्रामक है। इस पर सुप्रियो ने आश्वस्त किया कि जल्द ही नयी नियोजन नीति सरकार लाएगी।

### शाह का बयान राष्ट्रपति का अपमान, एससी ले संज्ञान

**झामुमो** प्रवक्ता ने गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर भाजपा



पर निशाना साधते हुए कहा कि चाईबासा की सभा में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाया, क्या देश की राष्ट्रपति अनुकंपा के आधार पर बनी है। ऐसा बयान क्या देश की सेना का अपमान नहीं हैं, जिसके प्रमुख के बारे में गृह मंत्री ऐसा बयान देते हैं। सुप्रियो ने कहा : आज देश में हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी पहचान बना रही हैं। वहीं, गृह मंत्री का बयान ऐसा है मानो पीएम और भाजपा ने उन्हें अनुकंपा पर राष्ट्रपति पद पर बिठाया हो। उन्होंने कहा कि देश के सर्वोच्च सैन्य कमांडर के बारे में की गई टिपण्णी पर सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेना चाहिए।

# राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत बोर्ड के रूप में उभरा है खादी ग्रामोद्योग बोर्ड : राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता

नवीन मेल संवाददाता। रांचीराजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड एवं ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का समापन रविवार को हो गया। समापन समारोह में राज्यपाल रमेश बैस शामिल हुए। मौके पर राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड एवं ग्रामीण विकास झारखंड सरकार के संयुक्त प्रयास से प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का आयोजन किया जाना एक सराहनीय एवं महत्वपूर्ण कदम है। खादी ने भारत के ग्राम आधारित रोजगार और स्वदेशी की भारतीय कल्पना को नया आयाम दिया है।




उन्होंने कहा कि महोत्सव निर्माण प्रदर्शन एवं उपलब्धता का जीवंत उदाहरण है। यहां देशभर की खादी कतिनों, बुनकरों, कारीगरों एवं हस्तशिल्पयों के उत्पादों को मंच प्रदान करता है। वर्तमान में खादी जन-जन की रोजमर्रा का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि झारखंड खादी बोर्ड ने हाथ से बने खादी कपड़ों से महिला एवं बच्चों के परिधानों का एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने में सफलता पाई है। ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में सरस महोत्सव में भाग लेनेवाले ग्रामीण क्षेत्र के स्वयं सहायता समूह महिलाओं एवं छोटे शिल्पियों का आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण संभव है। उन्होंने यह भी कहा की अपने इन्हीं प्रयासों से झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत बोर्ड के रूप में उभरा है। उन्होंने यह भी कहा कि खादी से बने कपड़ों का अधिक से अधिक उपयोग हो तभी हम सब अपने उद्देश्य में सफल हो सकेंगे। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के स्टॉल को मिला प्रथम पुरस्कारमहोत्सव में लगे सभी खादी स्टॉल्स में झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के स्टॉल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना लोन के अंतर्गत लगे स्टॉल्स में यूपी के राधा ग्राम उद्योग सेवा आश्रम मकरंद नगर कन्नौज यूपी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सरकारी स्टॉल में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण को प्रथम स्थान मिला। साथ ही ग्रामीण विकास विभाग में पलाश मार्ट को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

## झारखण्ड स्टेट राइफल एसोसिएशन की 10 वीं आम सभा का आयोजन

जमशेदपुर। होटल जीवा जमशेदपुर में किया गया। श्री दिवाकर सिंह की अध्यक्षता में इस सभा का आयोजन हुआ एवं इसमें साल भर के कार्यों की समीक्षा की गयी। हमारे नेशनल शूटर एवं आरक्षी विभूति प्रसाद सिंह का आकस्मिक निधन एक सड़क दुर्घटना में तारीख 28.10.2022 को हो गया। उनके बेहतर इलाज के लिए वेदांत अस्पताल दिल्ली में भर्ती कराया गया, फिर भी उनको बचाया नहीं जा सका। उन्होंने नेशनल लेवल में कई पदक जीते थे। इस बार स्टेट चैंपियनशिप 2022 में करीब 750 निशानेबाजों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया जो कि पहले साल कि अपेक्षा काफी अधिक है। 132 निशानेबाजों ने जोनल चैंपियनशिप में भाग लिया। करीब 105 निशानेबाजों ने मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लिया और करीब 110 निशानेबाजों ने नेशनल राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लिया। सभी उपस्थित सदस्यों को आने वाले समय में किये जाने वाले कार्यक्रमों कि जानकारी दी गयी।

## कैंप में भाग लेने के लिए झारखंड के चयनित खिलाड़ी चेन्नई रवाना



नवीन मेल संवाददाता

रांची । चेन्नई में आठ जनवरी से 23 जनवरी तक आयोजित होनेवाले भारतीय महिला फुटबॉल टीम के गठन को लेकर झारखंड की ओर से चयनित खिलाड़ी आज बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से चेन्नई के लिए रवाना हो गयीं। झारखंड के नौ खिलाड़ियों का चयन प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। जिसमें आज रांची से अमिषा बाखला, अस्टम उरांव, सुमति कुमारी, नितू लिंडा, सुधा अनिता तिर्की एवं अंजलि मुंडा चेन्नई के लिए रवाना हुई हैं, बाकी तीन खिलाड़ी शिविर में पहले से ही पहुंच चुकी हैं। झारखंड के सभी छह खिलाड़ियों को झारखंड की खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा के निर्देश पर रांची जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए रांची एयरपोर्ट से रवाना किया। ज्ञातव्य हो कि बांग्लादेश में दो से 10 फरवरी तक सैफ अंडर- 20 महिला चैंपियनशिप और चार से 12 मार्च तक एएफसी अंडर- 20 महिला चैंपियनशिप क्वार्टर राउंड की प्रतियोगिता आयोजित होगी। इन प्रतियोगिताओं को लेकर आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन की ओर से इंडिया अंडर-20 ट्रेनिंग कैंप की घोषणा की गयी है। इस कैंप में झारखंड से नौ खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चेन्नई में आठ जनवरी से 23 जनवरी तक यह कैंप आयोजित है। भारत के विभिन्न राज्यों से कुल 35 खिलाड़ियों का चयन इस कैंप के लिए किया गया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### मुखिया ने किया कूड़ेदान निर्माण का शिलान्यास

नामकुम। नामकुम सदाबहार चौक स्थित बुनियादी स्कूल के समीप 15वें वित्त आयोग मद से कूड़ेदान के निर्माण के लिए 1,55,000 राशि का शिलान्यास किया गया। खिजरी मुखिया कारमेला कच्छप, जिला परिषद सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, अनिरुद्ध पांडे,सुनील कुमार पंचायत सेवक पुरण महली द्वारा किया गया। मौके पर रामअवतार केरकेट्टा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र होने की वजह से कूड़ेदान की व्यवस्था ना होने के कारण स्कूल के समीप काफी कचड़ा का जमाव रहता था। जिसे प्राथमिकता देखते हुए निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर अरविंद कुमार, अधिवक्ता रविंद्र कुमार, मनोज सिंह, समाजसेवी रामाधार सिंह,दिलीप कुमार, मनोज ठाकुर, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का स्वागत किया गया

मुरी। रांची मण्डल के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी बेहरा के मुरी हेल्थ यूनिट आगमन पर द .पू. रेलवे मेंस कांग्रेस मुरी शाखा के सचिव पी डी तिवारी और संगठन के सदस्यो द्वारा बुके देकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी मुरी रेल अस्पताल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान द० पू० रेलवे मेन्स कांग्रेस मुरी शाखा के सचिव द्वारा एक ज्ञापन दिया गया । जिसमें मुरी कॉलोनी में रहने वाले सभी कर्मचारियों की समय समय पर हेल्थ चेकअप की व्यवस्था करने का आग्रह किया गया। जिस पर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रांची ने आश्वासन दिया है इस पर विचार किया जाएगा और लोगों के स्वास्थ्य ठीक रहे ताकि रेल कर्मचारी स्वस्थ होकर रेलवे को अपनी सेवा देते रहें।

### भोलवा टुंगरी मेला समिति की बैठक संपन्न

सिल्ली। सिल्ली भोलवा टुंगरी मेला समिति की एक बैठक रविवार को मेला परिसर स्थित मैदान में मुखिया लालू उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन फारूक मोमिन ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 21 जनवरी को मेला का आयोजन करने को लेकर निर्णय लिया गया। मेले में फुटबॉल टूनामेंट, महिला पाता नाच, मुर्गा लड़ाई आदि कार्यक्रम का निर्णय लिया गया। मेला के सफल संचालन हेतु एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सुभाष महतो को संयोजक, विकास महतो को अध्यक्ष, हराधन महतो, मनोहर महतो विशाल महतो एवं चांद हुसैन को उपाध्यक्ष, शिशुपाल महतो को सचिव, खेल प्रभारी वंशीधर उरांव एवं धीरेंद्र महतो को खेल प्रभारी। मंदिर निर्माण कमेटी के लिए जीतू महतो को अध्यक्ष, बुधराम मुंडा को उपाध्यक्ष, कैलाश महतो को सचिव, गणेश महतो को कोषाध्यक्ष, सुरेश कुजुर को सह सचिव बनाया गया।

### भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का कांग्रेस के मंत्री, पूर्व मंत्री पदयात्रा का करेंगे शुभारंभ

सिल्ली। सिल्ली कांग्रेस पार्टी की ओर से भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम 9 जनवरी को 11 बजे पूर्वाह्न से सिल्लीडीह से झारखंड मोड़ तक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की पूर्ण रूप से तैयारी हो चुकी है। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर , पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय , ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम , स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता , कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की , विधायक राजेश कच्छप , भूषण बाड़ा , अम्बा प्रसाद , शिल्पी नेहा तिर्की , इस भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में सिल्ली विधानसभा क्षेत्र को कई सौगात भी मिलेंगे।

## बुंडू प्रखंड में 150 जरूरतमंदों को किया गया कंबल वितरण

# गरीबों की सेवा करना ही मानवता है जो सबसे बड़ा पुनीत कार्य है : ललित पोद्दार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कड़ाके की ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए जनसेवा के तीसरे चरण में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा सुदूर ग्रामीण क्षेत्र बुंडू प्रखंड के ताईमारा गांव एवं पांचा गांव के 150 गरीबों जरूरतमंदों एवं बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया। पांचा आश्रम में आयोजित कार्यक्रम मे सभी जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल प्रदान किया गया। कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और वे मारवाड़ी सम्मेलन के लोगों को धन्यवाद देते हुए भावुक दिखे। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा



की इस कंप कपाती ठंड में सभी को बचने और बचाने की आवश्यकता है। उन्होंने मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा चलाए जा रहे हैं सेवा योजना के उद्देश्यों एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खुद के लिए नहीं अपितु दूसरे के लिए जीना ही परोपकार है। अपने जीवन के साथ- साथ जरूरतमंदों की सेवा करना ही मानवता है गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। तथा मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा जन सेवा के कार्य निरंतर चलता रहेगा।

# वार्ड नंबर 2 में 500 कंबल गरीबों के बीच बांटे गये

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची नगर निगम वार्ड नंबर 2 से पार्षद उम्मीदवार सबिता कच्छप ने रविवार को वार्ड नंबर 2 में गरीबों और जरूरतमंदों के बीच 500 कंबल बांटा। मौके पर सबिता कच्छप ने कहा कि कड़ाके ठंड और शीतलहरी को देखते हुए गरीबों और जरूरतमंद महिलाओं के बीच कंबल बांटा गया है। आने वाले दिनों में वार्ड दो के अंदर अन्य लोगों के बीच भी कंबल बांटा जायेगा। श्रीमती कच्छप ने कहा कि इस बार वार्ड नंबर दो से पार्षद का चुनाव लड़ना है। वार्ड नंबर दो में कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सड़क, नाली शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने से यहां के रहने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां रहने वाले कई निवासियों के पास राशन कार्ड नहीं है। वहीं, कई वृद्ध महिलाओं को वृद्धा पेंशन नहीं



मिल रहा है। मेरी कोशिश है कि इन परेशानियों को दूर कंरू और सेवा भाव से जनता के लिए काम कंरू। श्रीमती कच्छप ने कहा मैं एक पढ़ी लिखी शिक्षित पोस्ट ग्रेजुएट महिला हूं। मैं जनता की जनभावनाओं एवं उनकी समस्याओं को अच्छे तरीके से जानती हूं। उनकी जरूररत को भी समझती हूं। मेरी पति बसंत उरांव कई सालों से सक्रिय रूप से समाजसेवा करते आ रहे हैं। उनके इस कार्य से मुझे प्रेरणा मिलती है। इस बार वार्ड नंबर दो की जनता का प्यार मिल रहा है। यहां की जतना एक बदलाव भी चाह रही है। पिछले 15 सालों से यहां की जनता को जन प्रतिनिधि से मायूस है। यहां जो भी पार्षद बनें। उन्होंने सिर्फ अपने को बढ़ावा दिया है। उन्हें जनता की परेशानियों से कोई मतलब नहीं है। मौके पर जेएमएम रांची जिला के उपाध्यक्ष जनक नायक, बंसत उरांव, करण लोहार, प्रदीप मिर्धा, सन्नी टोप्पो, राहुल टोप्पो, रौशन लकड़ा, कदरू खलको, पिंकी तिर्की, सोनू कच्छप, विक्की मुंडा, रौशनी तिर्की आदि अन्य लोग मौजूद थे।

# अंजुमन इस्लामिया ने आलम नर्सिंग होम के सहयोग से मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। वर्तमान समय में बढ़ती बिमारियों को देखते हुए हर के दिलों में डर सी पैदा होने लगी है। लोग यहीं समझने लगते हैं कि कहीं कोरोना के तो शिकार नहीं हो गये। हर कोई इस बिमारी से सतर्क रहना चाहता है। इन्हीं सबको देखते हुए रांची अंजुमन ने बेहतर कमद उठाया है। रांची के अंजुमन इस्लामिया की ओर से रविवार को आलम नर्सिंग होम के सहयोग से मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। अंजुमन इस्लामिया अस्पताल में लगाए गए कैंप में 1650 लोगों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गई। इसमें हृदय, दंत, गायनी सहित अन्य रोगों के मरीज शामिल थे। कार्यक्रम में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने कैंप की सराहना करते हुए कहा कि हर इंसान को सेहतमंद रहने की जरूरत है। घोषणा की कि अंजुमन अस्पताल को आर्थिक सहयोग देंगे। अध्यक्ष हाजी मोख्तार अहमद ने अस्पताल के नए परिवेश की जानकारी दी। डॉ मजीद आलम ने अंजुमन इस्लामिया अस्पताल को सहयोग देने का आश्वासन दिया। अंजुमन के महासचिव डॉ तारीक अहमद ने कहा कि स्वास्थ्य के साथ हर क्षेत्र में अंजुमन काम कर रहा है। अस्पताल के सचिव अयूब राजा खान ने कहा कि जल्द ही नये ओपीडी का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम में अंजुमन मो नजीब, वसीम अकरम, शाहीद अख्तर, मो नजीब मिंटू, नूर आलम, नदीम अख्तर, जावेद अख्तर के अलावा मो शफीक व सुफियान समेत अस्पताल के डॉक्टर व नर्स मौजूद थे।

## बेदिया-मांझी के सवाल को लेकर झारखंड स्तरीय आंदोलन तेज किया जाएगा

सिल्ली। बेदिया विकास परिषद् सिल्ली प्रखंड की बैठक ग्राम बनुवाडीह में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता युगेश्वर मांझी और संचालन-त्रिदेव बेदिया ने किया।बैठक में बेदिया विकास परिषद् झारखंड के महासचिव रामफल बेदिया, अध्यक्ष-शंकर बेदिया, सरंक्षक- देवकी नंदन बेदिया, कोषाध्यक्ष-गोबिंद बेदिया, परिषद् के सदस्य-रामानंद बेदिया बैठक में बेदिया विकास परिषद् के सम्मेलन का तैयारी ,सामाजिक रीति-रिवाजों पर विचार रखे गए।इस अवसर पर अध्यक्ष-शंकर बेदिया ने कहा कि बेदिया विकास परिषद् का जन्म आज से 10 वर्ष पूर्व समाज के सामाजिक विकट परिस्थितियों में बेदिया समुदाय के लोग एकीकृत होकर प्रभावशाली आंदोलन चलाया गया। इन दस वर्षों में बेदिया विकास परिषद् ने समाज के कई उपलब्धियां हासिल की है। देवकी विद्या ने कहा कि हमेशा से बेदिया-मांझी की समस्या को सामाजिक समस्या के साथ-साथ राजनीतिक पर भी विचार करना चाहिए।

# स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के सानिध्य में 171 जोड़ों का आदर्श सामूहिक विवाह हुआ संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चेरीटेबल ट्रस्ट (रजिड्) दिल्ली शाखा रांची के संयुक्त तत्वधान में परम पूज्य संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के सानिध्य में171 निर्धन जोड़ों का विवाह एक भौतिक रीति रिवाज से आचार्य श्री शंकर लाल शास्त्री,उनके पुत्र गौरव जी शास्त्री एवं उनके सहयोगियों के द्वारा पुंदाग टीओपी के पीछे निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा आश्रम (मंदिर) के प्रांगण में संपन्न कराया गया। निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा आश्रम मंदिर के प्रांगण में आज सुबह से ही बर बधू और उनके अभिभावक परिवार के सदस्य पहुंचने लगे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एव बैच



लगाते हुए दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ कार्यक्रम में ट्रस्ट के संस्थापक एवं संरक्षक स्वामी श्री सदानंद जी महाराज मुख्य अतिथि उद्घाटन करता पुनीत कुमार जी पोद्दार वरिष्ठ समाजसेवी विशिष्ट अतिथि बसंत मित्तल झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन तथा संस्था के अध्यक्ष श्री डुंगरमल अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी विजय अग्रवाल के कमलों द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के सानिध्य में पिछले 30 वर्षों से रांची में सेवा कार्य प्रणामी ट्रस्ट करता आ रहा है। इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह भी कम है। कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप मंगलसूत्र पाजेब बिछिया वर-वधू को विवाहित जोड़ा साड़ी पैंट शर्ट का कपड़ा श्रृंगार के सामान डिनर सेट, मच्छरदानी बेडसिट बेड चादर तथा नगद उपहार दिया गया।उपस्थित होने वाले जोड़ों की सूची साथ में संलग्न है। कार्यक्रम में मारवाड़ी सहायक समिति उपाध्यक्ष सुरेश जैन सचिव कौशल राजगढ़िया अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री पवन पौदार मुख्य रूप से उपस्थित थे। श्रीमद् भागवत कथा का तीसरा दिन श्रीमद् भागवत कथा के यजमान श्रीमती सुनीता राजू अग्रवाल एवं परिवार के सभी सदस्य संस्था के सदस्यों ने बड़े प्रेम से श्रीमद्भागवत का पूजन तथा स्वामी श्री सदानंद जी महाराज को माल्यार्पण चंदन वंदन कर उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तों के साथ श्रीमद् भागवत की आरती की। कथा की अमृत कथा स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के मुखारविंद से भक्तों ने श्रवण किया। शिवगंज हरमु रोड स्थित सत्संग भवन में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति द्वारा श्रीमद् भागवत कथा व्यास पीठ पर आसीन संत सदानंद जी महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि दुख-सुख को समझने वाले जिस धैर्यवान पुरुष को एक इंद्रियों के विषयों के संजोग व्याकुल नहीं करते वह मोक्ष के योग्य नहीं है। महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण के प्रति गोपियों के हृदय में प्रेम का वर्णन करते हुए कहा की के उद्धव से ज्ञानी को भी कहना पड़ा यह गोपियों तू धन्य हो तुम्हारा जीवन सफल है और तुम सारे संसार के लिए पूजनीय हो क्योंकि तुम लोगों ने इस प्रकार भगवान श्री कृष्ण को अपना हृदय अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया है। नंद बाबा के ब्रज में रहने वाले गोपांगनाओ चरण धूलि को मैं बार-बार प्रणाम करता हूं। भगवान श्री कृष्ण की अद्भुत लिलाएं सागर में द्वारकापुरी निर्माण कर वास किया।

## भाकपा के नेताओं ने हेमेंद्र प्रताप शाही के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

रांची। भाकपा वरिष्ठ नेता हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता और कार्यालय सचिव अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर हेमेंद्र प्रताप शाही के आंशिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है तथा उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि हेमेंद्र प्रताप शाही एक ईमानदार छवि के नेता थे, पलामू प्रमंडल के कनहर परियोजना को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे थे गढ़वा जिले में किसानों को सिंचाई की सुविधा और पीने का स्वच्छ पानी की व्यवस्था की लंबी लड़ाई वे लड़ रहे थे, वे 1967 में भवनाथपुर से विधायक चुने गए और 2008 में झारखंडसरकार में स्वास्थ मंत्री के रूप में 6 माह कार्य किए।वे पूर्व विधायक संघ के झारखंड निर्माण के बाद से अध्यक्ष रहे ,विधायक और सांसद गृहनिर्माण स्वाभिलंभी सहकारी समिति के सदस्य रहे,इनके अथक प्रयास से ही विधायक सहयोग को आबास के लिए भूमि आवंटित की गई।

**शहीद को सम्मान** अमर शहीद टिकैत उमराव सिंह व शेख भीखारी के शहीद दिवस पर उमड़ी भीड़

# झारखंड की मिट्टी की कण-कण में शहीदों के प्रेम का जज्बा है : सांसद

नवीन मेल संवाददाता

ओरमांझी। अमर शहीद टिकैत उमराव सिंह व शेख भीखारी के शहीद दिवस पर ओरमांझी प्रखंड के चुटूपालू घाटी स्थित शहीद स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में इन शहीदों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर कहा झारखंड की मिट्टी वीर शहीदों की मिट्टी रही है इसके कण कण में देश प्रेम का जज्बा भरा है यहां के लोगों को गुलामी में रहना नहीं आता है इस धरती को मेरा नमन है वहीं गिरीडीह के सांसद सह पूर्व मंत्री चन्द्र प्रकाश चौधरी ने कहा हम इन शहीदों को साल में एक बार याद करते हैं और फिर हमलोग भूल जाते हैं।

ऐसी बात नहीं होनी चाहिए, इन्हें हमेशा याद रखने की बात है। इनके



शहादत से प्रेरणा लेने की जरूरत है और इनके परिवार की स्थिति का आकलन कर सुधारने की जरूरत है वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा सिर्फ टिकैत उमराव व शेख भीखारी के चित्र पर माल्यार्पण कर शहादत दिवस को पूरा नहीं किया जा सकता है। शहीदों के परिवार वालों के साथ क्षेत्र के लोगों का आर्थिक सामाजिक विकास हो और लोगों के मन में मुस्कान ला सके तभी इन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। शहीद स्थल पर टिकैत उमराव सिंह व शेख भीखारी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने वाले में राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, गिरीडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, लाल प्रवीण नाथ नामदेव, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, उपप्रमुख रिजवान अंसारी, जिप सदस्य सरीता देवी, कमिश्नर मुण्डा, कांग्रेस नेता बेलस तिर्की, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, विधायक प्रतिनिधि प्रेम नाथ मुण्डा, सफुला अंसारी, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, पूर्व उपप्रमुख जयगोविंद साहू, भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता, मुखिया विरेन्द्र मुण्डा, दीपक बड़ाईक रामधन बेदिया समाज सेवी विनोद गुप्ता सुरेन्द्र सिंह विक्रांत तिवारी त्रिवेदी बेदिया विजय मुण्डा सतीश बड़ाईक अमानत अली काशीनाथ पहान रोहित साहु रमेश उरांव औरंजेब आलम तौहीद अंसारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों व समाजिक कार्यकर्ताओं, शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री पलामू में लगाया जनता दरबार

नवीन मेल संवाददाता

सतबरवा। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में रविवार को झारखंड सरकार के वित्त व खादय आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने जनता से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना। इस जन सुनवाई में कुल 32 आवेदन आये। मंत्री रामेश्वर उरांव ने इस जनसुनवाई में आये सभी लोगों से बारी - बारी से सभी आवेदन लेकर आवेदनकर्ता से बात की। और लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि इन सभी आवेदनों को शत प्रतिशत तो नहीं पर सभी आवेदन को जिस विभाग से संबंधित है वहां पर भेज दिया जा रहा है और निश्चित तौर पर जो समस्या आई है उस पर विचार कर समाधान किया जाएगा। जनसुनवाई में सोहडी गांव के



सरिता देवी ने दबंगों द्वारा जमीन जबरन हथिया कर वहां पर प्लांट लगाकर जमीन पर रास्ता निकाल दिया गया है। मना करने पर धमकी देता है और पुलिस बुला लेता है। उस महिला ने मंत्री से हाथ जोड़ कर निवेदन करते हुए कहा कि मेरे पास 42 डिसमिल ही जमीन है। हम हरिजन हैं, भुइयां जाति से आते हैं । जमीन रहेगा तो हम वहां पर रहकर 2,4 सूअर पालकर बच्चों का भरण पोषण कर सकते हैं। मंत्री रामेश्वर उरांव ने महिला को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस मामले को मैं स्वयं देखूंगा और इस संबंध में सीधे एसपी से बात करूंगा। वहीं सबसे ज्यादा मामले अंचल कार्यालय से संबंधित मिला। जिसमें अंचल पदाधिकारी द्वारा ऑनलाइन रसीद काटने एवं कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक के यहां से सारा काम होने के बाद भी उनके द्वारा कार्य को बाधित रखा जाता है ।

## NEWS इन ब्रीफ

### हेमेंद्र प्रताप देहाती के निधन पर सुबोधकांत सहाय ने जताया शोक



**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हेमंत प्रताप देहाती के निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शोक व्यक्त किया है। अपनी शोक संवेदना में श्री सहाय ने कहा है कि उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति पहुंची है। संसदीय राजनीति व सामाजिक क्षेत्र में स्वर्गीय देहाती का योगदान अविस्मरणीय है। एक कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी विशिष्ट पहचान थी।

### सांसद ने बरियातू में समस्याओं को लेकर स्थानीय लोगों के साथ चर्चा की

**रांची।** रांची सांसद संजय सेठ ने रविवार को बरियातू रिम्स स्टेडियम परिसर में स्थानीय नागरिकों के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान जोड़ा तालाब, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी और मेडिकल कॉलोनी समेत अन्य मोहल्लों के नागरिक मौजूद रहे। श्री सेठ ने नागरिकों से क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की तथा उनके महत्वपूर्ण सुझाव लिए। इस मौके पर रिम्स के चिकित्सकों, कर्मचारियों और सुरक्षा गार्ड ने भी अपनी समस्याएं बताई जिस पर उन्होने कहा कि इन्हें वे रिम्स के शासी निकाय परिषद की बैठक के दौरान रखेंगे।

### सोनाहातू और बारेन्दा भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**रांची।** प्रखंड के भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोइरी की अध्यक्षता में कार्यसमिति की बैठक हुई। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार और जिला उपाध्यक्ष सह सोनाहातू प्रभारी लक्ष्मण मुंडा ने सभी बूथों पर 15 जनवरी तक बूथ कमेटी गठित करने और शक्ति केंद्रों पर अध्यक्ष का चयन करने का निर्देश दिया है। मौके पर ज्योति प्रसाद, ओबीसी जिला महामंत्री इंद्रजीत महतो, महामंत्री परीक्षित मंडल, बानेश्वर महतो, पूर्व अध्यक्ष श्रीपति महतो, पूर्व अध्यक्ष धीरेंद्र महतो, वासुदेव भगत, भुनेश्वर महतो, खगेश महतो और नरेश महतो आदि मौजूद थे।

### जिन्तूडीह गांव में झुंड से बिछड़ी हथिनी ने मचाया उत्पात

**रांची।** थाना क्षेत्र के जिन्तूडीह गांव में झुंड से बिछड़ी एक बूढ़ी हथिनी ने शनिवार की देर रात जमकर उत्पात मचाया। जिन्तूडीह गांव के किसान डॉ विश्वनाथ महतो, संतोष सिंह मुंडा, सुचांद सिंह मुंडा और वंशीधर महतो सहित कई किसानों की चार एकड़ जमीन में तैयार सब्जी आलू, लौकी, टमाटर, मटर, बैगन आदि फसल खाने के साथ रौंदकर बर्बाद कर दिया है।

### रांची नगर निगम सिटीजन फोरम ने 13 सूत्री मांगों को लेकर की बैठक

# महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था हो

**सभी 53 वार्ड के अंतर्गत कूड़ा-कचरा, गंदगी का उचित निष्पादन, नाली की नियमित साफ-सफाई और ड्रेनेज प्रणाली दुरुस्तकर ढक्कन लगाया जाए**

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची नगर निगम सिटीजन फोरम की एक बैठक रांची कचहरी रोड स्थित बिहार क्लब में दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में आहूत की गई, जिसमें वर्तमान में रांची नगर निगम अंतर्गत व्याप्त विभिन्न समस्याओं पर उपस्थित सदस्यों ने चर्चा कर फोरम की आगामी रूपरेखा और कार्ययोजना तय किया। श्री कुमार ने कहा कि शहर फैले गंदगी और खराब लाईटों को शीघ्र ही दुरुस्त किया जायेगा। मुख्य रूप से 13 मांगों जैसे रांची नगर निगम बोर्ड की बैठक नियमित रूप से प्रत्येक महीने हो और झारखंड नगर पालिका अधिनियम, 2011 के धारा-34 के अंतर्गत वार्ड समिति का गठन हो प्रत्येक 53 वार्ड में तथा धारा-39 के तहत वार्ड सभा का आयोजन, वार्ड पार्षदों का नियमित दौरा हो और वार्ड पार्षद के कार्यालय सुव्यवस्थित और क्रियाशील हों, सभी 53 वार्ड के अंतर्गत प्रमुख चौक चौराहे पर स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था हो एवं सड़कों में डक्ट बने ताकि सड़क को बार बार क्षतिग्रस्त ना किया जाए। सभी प्रमुख सड़क मार्ग, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट से नगर सिटी बस का संचालन हो। सभी 53 वार्ड के अंतर्गत कूड़ा-कचरा, गंदगी का उचित निष्पादन, नाली की नियमित साफ-सफाई और ड्रेनेज प्रणाली दुरुस्तकर ढक्कन लगाया जाए, सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन हो, जिससे अपराधियों, कूड़ा-कचरा उठाव, नगर निगम की सभी गतिविधियों के साथ-साथ अन्य तरह की सभी क्रियाकलापों का मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके, तथा पूरे रांची नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत ऐसा मेकैनिज्म डेवलप हो, जिसमें एक टोल फ्री नंबर एक्टिव हो और प्रत्येक वार्ड से इसमें शिकायत/ सुझाव दर्ज कराने की सुविधा हो और एक सप्ताह के अंदर दर्ज शिकायत/ सुझाव का वास्तविक अपडेट वेबसाइट पर उपलब्ध हो, राँची शहर के सबसे बड़े मोरहाबादी मैदान को निर्माणमुक्त कर, अतिक्रमणमुक्त कर एवं अपराधमुक्त कर इसके खुले भाग बच्चों के खेलने और नागरिकों के टहलने/ वॉक के लिए उपलब्ध हो एवं सभी सुरक्षा के इंतजामों के साथ खान-पान की सुव्यवस्थित व्यवस्था हो, रांची नगर निगम के सभी 53 वार्ड अंतर्गत प्रमुख मार्केट एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों को अतिक्रमणमुक्त कर मल्टीस्टोरी पार्किंग स्थल की व्यवस्था हो ताकि परिवहन सुगम हो साथ ही पार्किंग का चार्ज सभी जगह एक समान हो और डिजिटल, हैंडहेल्ड रसीद मिले एवं अपर बाजार एवं प्रमुख बाजार में महिलाओं के लिए प्रसाधन/ शौचालय का उचित व्यवस्था हो, सुविधा उपलब्ध कराया जाए, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं तथा दिव्यांगजनों एवं वरीय नागरिक के कार्यों को नगर निगम प्राथमिकता से संपादित करवाये इत्यादि पर व्यापक चर्चा संवाद स्थापित हुआ और बैठक उपरांत फोरम के सदस्यों ने स्थानीय जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम का परिभ्रमण किया एवं मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जी के स्मारक पर माल्यार्पण कर यहां व्याप्त समस्याओं का अवलोकन किया।

# पुष्पा भुवालका ने राष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सह अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पुष्पा भुवालका एवं झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्य आदित्य भुवालका ने राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। पुष्पा भुवालका ने सम्मान स्वरूप राष्ट्रपति जी को खादी का शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट की तथा काफी देर तक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ रही एवं यादगार पलों को याद करते हुए कहीं कि झारखंड में 6 वर्षों तक साथ में कार्य करने का अवसर मिला जो मेरे लिए एक यादगार एवं गौरवमय क्षण था। उन्होंने झारखंड की सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्र में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे हैं प्रसार गतिविधियों सामाजिक दायित्व एवं क्रियाकलापों से अवगत कराई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी खुशी जाहिर की। उक्त जानकारी झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

# समतामूलक समाज की परिकल्पना को साकार करने की जरूरत : पुष्कर महतो

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** शेख भिखारी समारोह समिति के तत्वावधान में रविवार को शेख भिखारी मीनार चौक धुर्वा रांची में शेख भिखारी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर शहादत दिवस मनाई गई तथा टिकैत उमराव सिंह को नमन किया गया। लोगों ने शोषण मुक्त एवं समतामूलक समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए शेख भिखारी के पद चिन्हों पर चलने और प्रत्येक वर्ष उनकी याद में मेला लगाने व वृक्षा रोपन करने का संकल्प लिया। अति विशिष्ट अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि क्रांति के पथ पर चलकर शहादत देना फक्र की बात है शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह के शहादत के इबारत को इबादत करना हमारा फर्ज है। झारखंड के शहीद सपूतों के सपनों को आज संप्रदायिकता के रंग दिया जा रहा है यह खतरनाक संकेत है, युवा सचेत रहें। कार्यक्रम में शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह के शहादत पर विचार व्यक्त करने वालों में विशिष्ट अतिथि पूर्व एमएलसी अमानत अली विशिष्ट अतिथि झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम भाकपा माले नेता भुनेश्वर केवट एच इ सी लोकप्रचलित के मजदूर नेता मैनुल हक, राजेंद्र नाथ महतो एनल हक मोहम्मद जब्बार राजकुमार नायक आप आबिद अली जेवियर, कारी जान मोहम्मद, आवेश अहमद सहित अन्य प्रमुख थे।

### भाजपा के पास कार्यकर्ता बचा ही कहां है जो संकल्प लेगा : डॉ.एम तौसीफ

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा है कि चाईबासा में देश के गृह मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश नेताओं ने अपने कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाने की जो बात कर रहे हैं झारखंड में भाजपा के पास कार्यकर्ता बचा ही कहां है जो संकल्प लेगा। उसका जीता जागता उदाहरण है राज्य में कई उप चुनाव हुए सभी में बीजेपी को शिकस्त मिली। चाईबासा में गृह मंत्री का कार्यक्रम था किसी तरह भाजपा के नेताओं ने कुछ लोगों को जमा किया और उसी कार्यक्रम में आपस में संकल्प लिया है की जिस तरह से पूर्व में 16 सालों तक राज्य में भाजपा की सरकार आदिवासी मूलवासियों का दोहन किया उसी तरह फिर से सत्ता में आकर उनके अधिकार को छीन कर पूंजीपतियों के हवाले करेंगे और अपनी तिजोरी भरेंगे।

# श्री जीण माता का वार्षिकोत्सव मनाया

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** श्री जीण माता का वार्षिकोत्सव रविवार को मारवाड़ी भवन में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूरे आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था तथा श्री जीण माता का भव्य श्रृंगार किया गया। संस्था के सचिव दिलीप पटवारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10:00 बजे श्री गणेश पूजन के साथ शुरू हुई। मुख्य यजमान श्री विजय पालड़ीवाल ने सपत्नी गणेश पूजन किया एवं माता की ज्योत जलाई, इसके बाद माता का अभिषेक किया गया, जिसमें मुख्य यजमान के साथ-साथ सभी सदस्यों ने भाग लिया। दोपहर 2:00 से जीण धाम से पधारे आनंद पाराशर एवं अनुश्री शर्मा के सानिध्य में 751 महिलाओं ने राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में संगीतमय मंगल पाठ किया। मंगल पाठ के साथ-साथ माता का जन्मोत्सव मनाया गया। इसके बाद जीण माता को मेहंदी लगाई गई। विशेष रूप से बनाया गया 51 फीट का गजरा माता को पहनाया गया। कोलकाता से बनकर आई 181 फीट की चुनरी भी माता को अर्पित की गई, साथ ही माता को छप्पन भोग लगाया गया। इस बार समारोह में विशेष आकर्षण आदिशक्ति के चौसठ योगिनी रूप को जीवन झांकी के रूप में दिखाया गया पूरे कार्यक्रम में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था' कार्यक्रम का समापन रात्रि 8:00 बजे महा आरती के साथ किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई समिति एवं उप समिति बनाई गई थी। कार्यक्रम में विशेष रूप से अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, सचिव दिलीप पटवारी, कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, महोत्सव कोषाध्यक्ष बजरंग सोमानी, प्रदीप सिंघानिया, अमित शर्मा, प्रदीप शर्मा, प्रदीप पटवारी, अमित शर्मा, विनय अग्रवाल, नेहा सिंघानिया, मिथिलेश सिंघानिया, मंजू डीडवानिया, नेहा शर्मा, शशि कला सोमानी, शीतल अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, लक्ष्मी पोद्दार इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

# सांसद संजय सेठ ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची सांसद संजय सेठ ने रविवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बुढ़मू प्रखंड के उमेडंडा में सड़क निर्माण का शिलान्यास कांके विधायक समरी लाल के साथ किया। उन्होंने बताया कि लगभग 5.72 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण 1 करोड़ 31 लाख रुपए की लागत से होना है। श्री सेठ ने इसकी स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। श्री सेठ ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत चौकीटांड़ से बमने मेन रोड वाया डीहवाडीह टोली तक सड़क निर्माण कार्य का भी शिलान्यास विधायक समरी लाल के साथ किया। 5 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 4 करोड़ 44 लागत की लागत से होना है। जिससे लोगों को काफी सुविधा पहुंचेगी। बरसात के दिनों इन जगहों पर लोगों को आना और जाना काफी मुश्किल हो जाता है।

### सरना प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन, नेपाल के सरना आदिवासी भी हुए शामिल

**रांची।** राजी पड़हा सरना पार्थना सभा ने झारखंड की राजधानी में रविवार को विराट सरना पार्थना सभा सह सम्मेलन हुआ। इसमें रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों और नेपाल से भी सरना आदिवासी शामिल हुए। सम्मेलन में सरना धर्म कोड की मांग जोरदार ढंग से उठी। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश मे निवास करने वाले 12 करोड़ आदिवासियों को अपना धर्म कोड मिलना चाहिए। यह हमारे अस्तित्व से जुड़ी मांग है। सम्मेलन में पारसनाथ पर दावेदारी की भी बात उठी। वक्ताओं ने कहा कि पारसनाथ जैनियों का नहीं हैं, आदिवासियों का है। हमारा पूजा स्थल है। हमलोग सदियों से वहाँ पूजा पाठ, रीति रिवाज करते आये हैं। एक जैन मुनि वहां साधना करने आये थे। उनका निधन हो गया। इसके बाद वहां उस जैन मुनि की समाधि बना दी गयी।

# चिन्मय गीता गायन प्रतियोगिता-2022 का पुरस्कार वितरण सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** चिन्मय गीता गायन प्रतियोगिता-2022 का पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को सम्मपन्न हो गया। नगरस्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित प्रतिभागियों को चिन्मय मिशन, रांची के आचार्य स्वामी परिपूर्णानन्द के सानिध्य में पुरस्कृत किया गया। पूज्य स्वामी परिपूर्णानन्द जी ने युवाओं, माता-पिता व शिक्षकों को प्रेरणादायक आशीर्वचन दिए। उन्होंने कहा कि एक वाक्य में गीता ज्ञान यह है कि कर्तव्य न करने की नासमझी हटा उत्साहपूर्वक कर्तव्य करने की समझ देना है। नचिकेता के संदर्भ को उल्लेखित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को छोटे अनित्य उद्देश्य को नहीं स्वीकार कर बड़े लक्ष्य पर मन को स्थिर करना है। इससे पहले मंगलाचरण व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद सभी छात्राओं ने सामूहिक गीता के 10 श्लोकों का सस्वर गायन किया। कार्यक्रम में चिन्मय सेवा ट्रस्ट के सचिव वीके गढ़यान ने स्वागत संबोधन किया। वहीं, गीता गायन प्रतियोगिता एवं चिन्मय मिशन की अन्य गतिविधियों के बारे में सचिव श्याम टोरका ने संक्षिप्त रूप से बताया। चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण का संचालन चिक नीतीश बागला, विशाल सरायका एवं सहयोगी गण द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रतियोगिता के मुख्य को-ऑर्डिनेटर वेद प्रकाश बागला ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक सचिव अशोक अग्रवाल ने किया। मौके पर विजय सरायका, प्रेम प्रकाश आर्य, अशोक मंगल, प्रमोद सहित बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ।

**इन्हें किया गया सम्मानित : स्वामी चिन्मयानंद नगर :** (ब्रिजफोर्ड जीपी जालान मेमोरियल स्कूल, स्वामी सहजानंद ब्रिजफोर्ड स्कूल, आचार्यकुलम, नामकुम, केराली स्कूल, सच्चिदानंद ज्ञान भारती स्कूल, डोरंडा, योगदा सत्संग कन्या विद्यालय, चुटिया)। **स्वामी दयानन्द नगर :** (लोयला कॉन्वेंट, बूटी मोड़, डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू, एसआरडीएवी स्कूल, पुनदाग, डीएवी कपिलदेव स्कूल, कडरू, डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल, बरियातू)। **विक्रम साराभाई नगर :** (ब्रिजफोर्ड स्कूल), होमी **जहांगीर भाभा नगर :**(डीपीएस स्कूल) **बिरसा मुंडा नगर :** (टेंडर हार्ट स्कूल) **डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार नगर** (एसएसवीएम, धुर्वा) आदि शामिल हैं।

**खेल में बढ़ावा** | **दक्षिण झारखंड संभाग प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में रामगढ़ ओवर ऑल चैम्पियन**

# बच्चों को हर खेल से परिचय कराने की कोशिश

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** वनबंधु परिषद रांची चैप्टर के एकल अभियान के तहत बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम खेलगांव, रांची में आयोजित दो दिवसीय दक्षिण झारखंड संभाग प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। रविवार को आयोजित विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धा में बच्चों ने भाग लिया और अपने खेल का प्रदर्शन किया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैम्पियन रामगढ़ जिला बना। वहीं, रातू, रांची उपविजेता बना। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दीपक रोशन और पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान किया। रामगढ़ जिला को नौ गोल्ड, चार सिल्वर और दो ब्रान्ज मेडल मिला। रामगढ़ को कुल 59 प्वाइंट मिले। वहीं, रातू को पांच गोल्ड, तीन सिल्वर और पांच ब्रान्ज मिला। कुल 39 प्वाइंट प्राप्त हुए। समापन समारोह में न्यायाधीश दीपक रोशन ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी है। गांव से चल कर जो भी बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं वे बधाई के पात्र हैं। प्रतियोगिता में भाग लेना ही बड़ी बात है। पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को खेल से परिचय कराने की एक कोशिश है। आज के समय में खेल से सफलता हासिल की जा सकती है। शिक्षा के साथ खेल से जुडेंगे तो मानसिक और शारीरिक दोनों का विकास होता है। इस अवसर पर पूर्वी क्षेत्र की सचिव रेखा जैन, वनबंधु परिषद के अध्यक्ष रमेश धरणीधरका, वनबंधु परिषद रांची चैप्टर के सचिव जयदीप मोदी, डीएवी स्कूल पूर्वी क्षेत्र के निदेशक एमके सिन्हा, झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, अनुपमा राजगढ़िया, विजया आजमानी, सुमन मिनोचा, राज जैन, मुकेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, विशेष केडिया, कपिल भाटिया, दीपक श्रीवास्तव, अमरेंद्र विष्णुपुरी समेत अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप जैन ने किया। ज्ञात हो कि प्रतियोगिता के विजेता बच्चे फरवरी माह में राष्ट्रीय खेल में सहभागिता देने हेतु लखनऊ जाएंगे। जो बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर विजेता घोषित होंगे, उन्हें स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपनी देखरेख में प्रशिक्षित करेगा।

### मजदूर किसानों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है : अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन और किसान संघ के संयुक्त नेतृत्व में पंचायत का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने की। ललित नारायण ओझा ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार किसान और मजदूर विरोधी है। किसानों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। वे अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन मजदूर और किसानों की कोई सुध लेने वाला नहीं है। कहा कि वे आगे चरणबद्ध तरीके से सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे। इसको लेकर आज पंचायत में रणनीति बनायी गयी है। इस आंदोलन में पूरे राज्य के किसान और मजदूर शामिल होंगे। केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने बताया कि किसानों की कर्ज माफी का वादा कर सरकार ने मजदूरों और किसानों से वोट मांगी।

### सेवा भारती का बाल संगम कार्यक्रम संपन्न

# सेवा बस्ती को आदर्श बस्ती बनाने की मुहिम

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सेवा भारती, रांची महानगर का बस्ती परिवर्तन योजना को मूर्त रूप देने के लिए 22वां वार्षिकोत्सव सह बाल संगम रांची के धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में रांची के 70 सेवा बस्तियों में चलने वाले संस्कार केंद्र के बच्चे, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की महिलाओं की सहभागिता रही।सेवा भारती के एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान बच्चों का आयु वर्ग के अनुसार 50 मीटर,100 मीटर का दौड़ एवं गोली चमच दौड़, सिलाई केंद्र की महिलाओं का समूह गीत प्रतियोगिताएं हुई । जहां प्रथम, द्वितीय, तृतीय का चयन पुरस्कार के लिए किया गया। स्वावलंबन समूह गीत प्रतियोगिता के निर्णायक टोली की डॉ सुजाता मजूमदार, जेपी सिंह, नीलम वर्णवाल ने विजेता समूह को पुरस्कृत किया। सेवा भारती के बाल संगम के सार्वजनिक कार्यक्रम का उद्घाटन चिन्मय मिशन, रांची के आचार्य स्वामी परिपूर्णानंद एवं डा. आशा लकड़ा,महापौर, रांची ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंचीय परिचय-स्वागत के उपरांत आचार्य वाहिनी एवं स्वावलंबन वाहिनी का घोष दल के साथ मार्च पास्ट हुआ। इस अवसर पर सेवा बस्तियों के बच्चों द्वारा सामूहिक ब्रह्मनाद,गायत्री मंत्र सरस्वती वंदना प्रस्तुती व योगासन का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। मौके पर सेवा भारती,रांची महानगर के सचिव, श्याम टोरका ने संस्था के वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि समाज के वंचित,अभावग्रस्त बस्तियों में सेवा भारती के माध्यम से सांस्कारित शिक्षा,स्वास्थ्य, स्वावलंबन,सामाजिक सेवा आयामों के माध्यम से बस्ती परिवर्तन करने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

NEWS इन ब्रीफ

## मां ने पुलिस से अपने खोए विक्षिप्त पुत्र की ढूंढने की लगाई गुहार, सनहा दर्ज

**बरही।** कोनरा पंचायत अंतर्गत बेराहील निवासी मो शहजाद पिता मो रहमान पिछले 5 जनवरी से अपने घर वापास नही लौटा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है। प्रतिदिन वह अपने घर से बाहर निकलता था और शाम होते ही अपने घर वापस आ जाता था। परंतु बीते 5 जनवरी सुबह घर से जाने के बाद अब तक अपने घर नही आया है। इस संबंध में विक्षिप्त की मां मैमून खातून ने थाना में गुमशुदगी का रिपोर्ट लिखाते हुए अपने पुत्र के खोजने में मदद की गुहार लगाई है।

## जानवर के आक्रमण से वृद्धा घायल, प्राथमिक ईलाज के बाद रेफर

**बरही।** खेत में काम करने के दौरान हरिला निवासी परमेश्वरी देवी पति स्व. मेघन रविदास पर जानवर के द्वारा अचानक आक्रमण कर देने से वृद्धा घायल हो गई। जिन्हे स्थानीय लोगो की मदद से आनन फानन में अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया। चिकित्सकों के अनुसार वृद्धावस्था के कारण वृद्धा को ज्यादा दर्द है।

## प्रजापति समाज की बैठक में एकजुटता पर जोर

**इचाक।** रखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की जिला कमेटी की बैठक प्रजापति भवन में रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू व संचालन महामंत्री राजेंद्र कुमार रंजन ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा के दौरान, 11 दिसंबर 2022 को हुए जिला सम्मेलन के खर्च का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही जिला कमेटी के पदाधिकारियों का स्वागत प्रखंड स्तर पर करने का निर्णय लिया गया।

### स्वतंत्रता सेनानी शेख भिखारी व टिकैत उमरांव के शहादत दिवस पर पहुंचे सांसद, बोले

# क्रांति के प्रभाव से छोटानागपुर के पहाड़ पठार भी धधकने से नही बच सके: चंद्रप्रकाश

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** अमर स्वतंत्रता सेनानी शेख भिखारी एवं टिकैत उमरांव सिंह के शहादत दिवस पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने 8 जनवरी को चुटूपालू स्थित प्राचीन वट वृक्ष शहादत स्थल पहुंचकर शेख भिखारी एवं टिकैत उमरांव सिंह के शहादत स्थल पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर सांसद श्री चौधरी ने कहा कि सन 1857 ई के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम ने देशभर में क्रांति की चिंगारी को सुलगाने का कार्य किया था। कहा कि क्रांति के प्रभाव से छोटानागपुर के पहाड़ पठार भी धधकने से नही बच सके। क्रांति के प्रभाव से ये क्षेत्र भी सुलगने लगे। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि इस क्षेत्र में क्रांति का नेतृत्व शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह ने किया और उन्होंने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये। चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि छोटानागपुर क्षेत्र में 1857 की क्रांति को गति देने का कार्य शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह ने किया। कहा कि 1857 ई की क्रांति में महान योगदान के लिए देशवासी शेख भिखारी एवं टिकैत उमरांव सिंह को युगों युगों तक याद करते रहेंगे।

मौके पर दिलीप दांगी, लालबिहारी महतो, बबलू करमाली, देवधारी महतो, अभिमन्यु कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, महेश करमाली, राजेश महतो, डिया महतो, झगरू महतो, प्रशांत महतो, अनिल पटेल, अरुण अग्रवाल, नीरज मंडल,कुलदीप वर्मा, दीपू गुप्ता आदि उपस्थित थे।



### राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का जनसंपर्क अभियान जारी, प्रभारी ने कहा

# बाहरी को भगाओ स्थानीय को लाओ



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विस प्रभारी महेश ठाकुर के नेतृत्व में चौपारण के दैहर, झापा, दादपुर, चैयकला आदि पंचायतो के दादपुर, हथिया, दैहर, सोहरा, तेतरिया, पकड़िया, हथिन्दर, बिशनपुर सहित दर्जनो गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी के उद्देश्यों को बताया गया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में विकास, शांति, सौहार्द और भाईचारे के लिए आगामी विस में बाहरी को भगाने और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को समर्थन देने की बात कही। विस प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रति जनता का झुकाव बढ़ रहा है। विस के विभिन्न क्षेत्रों से कई लोग पार्टी से जुड़ रहे है। अभियान में विस प्रभारी सहित मुख्तार अंसारी, असगर अली, मनोज पासवान, महेंद्र सिंह, राकेश रंजन, दीपेश ठाकुर आदि शामिल थे।

## असामयिक निधन से शिक्षकों और गांव में शोक की लहर



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय डाकडीह, बरकट्ठा के सहायक अध्यापक शंभू कुमार 40 वर्ष, पिता रामेश्वर राम का निधन रिम्स हॉस्पिटल रांची में शनिवार रात्रि लगभग 10 बजे हो गया। मृतक असाध्य रोग के कारण कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। वही इलाज हेतु एक सप्ताह पूर्व रांची स्थित रिम्स में भर्ती कराए गए थे। घटना की सूचना मिलते ही शिक्षकों व ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। विदित हो कि मृतक अपने पीछे दो लड़की व दो लड़का छोड़ चले गए। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव शोकाकुल परिजनों से मिले तथा सांत्वना देते हुए ढाढस बंधाया। वहीं परिजनों से मिलने वालों में मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, दिलीप दास, दिलीप सोनी, बसंत कुमार, राजू कुमार, कुंदन कुमार समेत दर्जनों की संख्या में लोग पहुंचे व परिजनों को ढांढस बंधाया।

## 14 जनवरी तक सभी स्कूल बंद, भीषण ठंड के चलते सरकार का आदेश




**बरही।** राज्य में शीतलहर में लगातार उतरोत्तर वृद्धि हो रही है । प्रति दिन सर्द हवाएं और कोहरे ने लोगो को मजबूर किया है । इसे देखते हुए शिक्षा सचिव ने कक्षा एक से पांच तक की कक्षाओं को आगामी 14 जनवरी तक बंद करने का निर्देश जारी कर रिया है। इसके अलावा सभी निर्देश पूर्व की तरह ही रहेंगे । पुनः इन कक्षाओं में पठन पाठन आगामी 16 जनवरी से प्रारंभ होंगे।

## शहीदी कार्यक्रम में अल्पसंख्यक समाज ने लिए कई आवश्यक निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के बलिदान दिवस चंदवारा में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। जिसमे बरही विधानसभा से हजारों की संख्या में अल्पसंख्यक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाफिज मो सेराज और संचालन मो इरफानुल ने किया। जिसमे बतौर मुख्यातिथि अल्पसंख्यक कल्याण समिति के विस अध्यक्ष मो कयूम उपस्थित हुए। उपस्थित अतिथियों ने दोनो शहीदों के प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजली कर नमन किया। श्रद्धांजली सभा के उपस्थित लोगो ने समाज विकास मुद्दे पर चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए। जिसमें प्रमुखता के साथ समाज को दहेज मुक्त और शिक्षित करने पर जोर दिया गया। साथ ही राज्य के सीएम हेमंत सोरेन से अल्पसंख्यकों के प्रति हों रहे भेदभाव को दूर करते हुए अल्पसंख्यक समाज की तरक्की हेतु कार्य करने के साथ राज्य में पूरी आबादी के 18% अल्पसंख्यक होने के बाबजूद सरकारी कार्यालयों में उर्दू अनुवादक और राज्य में उर्दू विश्वविद्यालय भी है, इसे शीघ्र स्थापित करने के मांग की गई। इसके साथ ही प्रदेश में अल्पसंख्यक आयोग और झारखंड वक्फ बोर्ड का गठन करने, राज्य के 186 मदरसों में 7वां वेतन लागू करने और अल्पसंख्यक इलाके में अल्पसंख्यक समुदायिक भवन का निर्माण करने की भी बात कही गई। मौके पर संस्कृत एवं मदरसा शिक्षक को पेंशन देने के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद भी दिया गया। कार्यक्रम में बरही प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि अल्पसंख्यक विभाग नकीब खान, मो असगर मुखिया खण्डी, पूर्व मुखिया मो नसीम, पंचायत प्रदेश सचिव रुस्तम अली, अल्पसंख्यक विभाग मौलाना कफील कैफी संस्थापक सदस्य, नईम जावेद 20 सूत्री सदस्य, मौलाना हेलाल, मो जमाल, एमके ताहिर, पप्पू खान, एमओ यूसुफ, मो शमशेर आदि कई लोग मौजूद थे।



## रेल आईजी ने कोडरमा रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा इंतजाम का लिया जायजा




**कोडरमा।** पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के रेल महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एससी पाढ़ी और धनबाद रेल मंडल के कमांडेंट सैयद शहनवाज अहमद ने शनिवार को कोडरमा स्टेशन पर सुरक्षा का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कोडरमा स्टेशन पर लगे सीसीटीवी सिक्योरिटी सिस्टम का भी बारीकी से जांच पड़ताल की। उन्होंने आरपीएफ जवानों को हमेशा स्टेशन परिसर में यात्री सुरक्षा को लेकर गश्ती करने का निर्देश दिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए आईजी एससी पाढ़ी ने कहा कि मानव व बाल तस्करी को लेकर कोडरमा आरपीएफ पोस्ट पर एक अलग यूनिट कार्यरत है।

### भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक संपन्न, उपचुनाव को लेकर हुई चर्चा

# भाजपा की ताकत उसके कार्यकर्ता हैं : पांडे




नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक रविवार को जिला कार्यालय में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता एवं संचालन प्रो खिरोधर साहू ने की। वहीं, बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद डॉ यदुनाथ पांडे, जिला प्रभारी शशिभूषण भगत मौजूद थे। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलित कर हुआ। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने विषय प्रवेश करवाते हुए कहा की हमें डाटा प्रबंधन हेतु जिला से मंडल स्तर तक तैयारी करनी है और 25 जनवरी तक उप चुनाव को देखते हुए सभी शक्तिकेंद्रो की बैठक कर पन्ना प्रमुख तय करने के कार्य पूरा किया जाये। प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने रामगढ़ विधानसभा में होने वाले उप चुनाव को लेकर वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं के हवाले से कहा की हम दो सीट से आज बहुमत तक पहुंचने वाले विश्व की सबसे बड़े संगठन के कार्यकर्ता है। जिसमें असंभव को भी संभव बनाने की क्षमता है। मुख्य वक्त पूर्व सांसद डॉ. यदुनाथ पाण्डेय ने कहा की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र स्थित सभी पांचों विधानसभा को पहले भी हम जीत चुके हैं। कहा कि वर्तमान में इनमें से 2 सीटों भाजपा के पास है। लेकिन कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा पुनः इन पांचों सीटों को जीत सकती है। धन्यवाद ज्ञापन रंजन फौजी ने किया।

मौके पर मुख्य रूप से पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार,पूर्व जिलाध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रंजीत सिन्हा,नारायण चंद्र भौमिक, प्रकाश मिश्रा, अमरेंद्र गुप्ता, डॉ.संजय सिंह (पतरातु), इलारानी पाठक,महामंत्री खिरोधर साहू,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, स्नेहलता चौधरी, सरिता ठाकुर, अखिलेश प्रसाद, बलराम महतो, मंत्री राजेंद्र कुशवाहा, वासुद तिवारी, दिलीप सिंह, सतीश मोहन मिश्र आदि मौजूद थे।

## डिवाइन स्कूल में ताइक्वांडो ग्रेडिंग बेल्ट परीक्षा संपन्न




नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में ताइक्वांडो एसोसिएशन झारखंड द्वारा ग्रेडिंग बेल्ट परीक्षा आयोजित किया गया। ग्रेडिंग परीक्षा झारखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट अशोक वर्णवाल के निर्देशन में हुआ। ग्रेडिंग परीक्षा को संपन्न कराने में ताइक्वांडो प्रशिक्षक गुलाम हसन, प्रीति प्रभा तथा संजय कुमार यादव का योगदान विशेष रहा। अशोक वर्णवाल ने कहा कि ताइक्वांडो आत्मरक्षा के साथ साथ शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक होता है। वे बच्चों को प्रशिक्षण के समय एकाग्रता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। विद्यालय के प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि हर खेल में खिलाड़ी अनुशासन रखकर ही राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय पदक प्राप्त कर सकता है। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देकर हौसला अफजाई की गई। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों में राजेश कुमार, सागर कुमार,करन कुमार, समिक्षा पंडित, श्रुति कुमारी, मनिषा कुमारी, प्रीति कुमारी,दीक्षा दानी समेत आदि लोग शामिल थे।

### झारखंड विद्यालय रसोईया/संयोजिका अध्यक्ष संघ का अनुमंडलस्तरीय बैठक संपन्न

# मांगें जायज, हर संभव मदद करेंगे : किशुन

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** 15 सूत्री मांगो को लेकर झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया/संयोजिका अध्यक्ष संघ का अनुमंडलस्तरीय बैठक संपन्न हुआ। जिसमे बरही, बरकट्ठा आदि प्रखंड के सैकड़ों रसोईया और संयोजिका शामिल हुए। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेंद्र राम व संचालन बरही प्रखंड अध्यक्ष पूनम देवी और बरकट्ठा प्रखंड अध्यक्ष तूफानी देवी तथा भुनेश्वरी देवी ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव शामिल सहित संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजित प्रजापति, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिता देवी और डॉ कृष्णा यादव शामिल हुए। बैठक में सबों ने एक स्वर में राज्य सरकार से मानदेय वृद्धि करते हुए न्यूनतम पांच हजार मासिक भुगतान, पांच लाख का वार्षिक बीमा सहित वर्ष में दो बार साड़ी देने की मांग किया गया । साथ ही संगठन की मजबूती देने के लिए प्रखंडतरीय अभियान चलाकर शेष संयोजिका/रसोईया को संघ में जोड़ने का निर्णय लिया गया। जिप उपाध्यक्ष ने संघ के मांग को उचित बताते हुए अपने स्तर से हर संभव मदद करने की बात कही।



## अफ्रीकी देश के फुटबॉल खिलाड़ियों ने रामगढ़ में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** आदिवासी यूथ क्लब सतकड़िया द्वारा रामगढ़ के गिद्दी सी स्टेडियम में प्राइज मनी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में अफ्रीका के देश नाइजीरिया के दो पेशेवर खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया। इन दोनों खिलाड़ियों ने इस फुटबॉल आयोजन की सराहना करते हुए बताया कि हम लोग भारत में फुटबॉल खेलने आए हैं और यहां का आयोजन काफी अच्छा लगा। इस प्राइज मनी फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य पिकू देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए फुटबॉल को किक मारकर किया। इस क्रम में उन्होंने कहा कि आदिवासी बाहुल्य इस इलाके में इस आयोजन के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। पांच दिवसीय इस आयोजन में विजेता टीम को दो लाख एवम उप विजेता टीम को डेढ़ लाख का इनाम दिया जाएगा। इस फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के पड़ोसी राज्यों की 16 फुटबॉल टीमों ने हिस्सा लिया।

**बैठक** सूरजकुंड मेला को लेकर गोरहर थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

# प्रशासन व मेला कमेटी ने ली अपनी-अपनी जिम्मेवारी

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के सूरजकुंड धाम में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले 15 दिवसीय ऐतिहासिक सूरजकुंड मेला के सुचारू रूप से संचालन को लेकर गोरहर थाना परिसर में रविवार को मेला कमेटी के सदस्यों, विभिन्न पंचायत के मुखिया, प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ व संचालन बेलकपी मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय ने की। वहीं थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा ने उपस्थित लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मेला आयोजित करने की अपील की। विदित हो कि इस मेला का आयोजन 14 जनवरी से 30 जनवरी तक किया जाना है। वही विधि व्यवस्था व मेले में अन्य सुविधा को लेकर प्रशासन के द्वारा कई निर्देश कमेटी को दिए गए। जिसमें सीसीटीवी, मेला परिसर की सफाई, पानी, शौचालय, वॉलिंटियर, बैरिकेडिंग आदि आवश्यक व्यवस्था की जिम्मेवारी मेला कमेटी को दी गई। वहीं मेला के प्रत्येक दुकानों में रेट चार्ट लगाने हेतु निर्देश दिए गये। मेला परिसर में शराब, जुआ व हुड़दंगबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

कमेटी के मुखिया श्यामाकांत पांडेय ने मेला में विधि व्यवस्था बनाने हेतु प्रशासन से पुलिस बल, एंबुलेंस, अलाव व कंबल की मांग की है। वही चोर उचक्कों, जुआरियों पर नकेल कसने हेतु तत्पर रहने का आग्रह किया। कमेटी के सदस्यों ने सभी दुकानदारों से आसपास सफाई रखने तथा सूरजकुंड परिसर को स्वच्छ रखने का आग्रह किया।

बैठक में इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा,बीस सुत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद,बेल कप्पी मुखिया ललिता देवी,शिलाड़ीह मुखिया निजाम अंसारी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी, पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, पंसस प्रतिनिधि शमीम अंसारी, मेला कमेटी ठीकेदार श्यामाकांत पांडेय, विजय नायक, संजय पांडेय, विकास पांडेय समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मेला में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनात रहेगी पुलिस बल




## जिला लॉन टेनिस एसोसिएशन की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के कर्जन ग्राउंड में रविवार को जिला लॉन टेनिस एसोसिएशन की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता शुरू हो गई। बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक मनोज रत्न चौथे ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इससे पूर्व जिला लॉन टेनिस एसोसिएशन ने अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक मनोज रत्न चौथे का शोल ओढाकर एवं स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया।

## NEWS इन ब्रीफ

### मकर संक्रांति पर कैरो में लगेगा भव्य मेला



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड के खरता-हनहट दक्षिणी कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाली मेला को लेकर खरता अखरा में बैठक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा अर्चना व भव्य मेला को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसके अनुसार सुबह में पूजा अर्चना व प्रसाद वितरण के बाद 11 बजे से झारखंड के मशहूर सांस्कृतिक टीम फाइब स्टार आधुनिक स्टेज प्रोग्राम के द्वारा शाम तक सांस्कृतिक कार्यक्रम व दिन भर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### कैरो थाना में कोर्ट परिवाद के तहत मामला दर्ज

**कैरो/लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के कैरो नवाटोली गांव निवासी जलील खां के 40 वर्षीय पुत्र सुहैल खां उर्फ कलुवा खां ने कैरो निवासी राजकुमार महतो पिता जग्गू महतो राजकुमारी पिता जग्गू महतो व सावित्री देवी पति राजकुमार महतो के खिलाफ कोर्ट परिवाद संख्या 408/22 के तहत मामला दर्ज कराया है। कैरो थाना कांड संख्या 4/23 धारा 427, 323, 379, 295, 504, 506 / 34 भादीवी के तहत पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### सार्वभौम शाकद्विपीय ब्राह्मण महासभा ने किया शोक सभा आयोजित

**सिमडेगा।** सार्वभौम शाकद्विपीय ब्राह्मण महासभा सिमडेगा जिला ईकाई के द्वारा शास्त्रीपुरम में शोक सभा आयोजित कर दिवंगत सदस्य दिनेश मिश्र को श्रद्धाजंलि दी गई। शोक सभा की शुरूआत दिवंगत दिनेश मिश्र की आत्मा की शांति के लिए शांति पाठ करते हुए भगवान भुवन भाष्कर से उनको बैकुंठ में स्थान देने की प्रार्थना की गई। महासभा के मुख्य संरक्षक आचार्य नरोत्तम शास्त्री ने मंत्रोच्चार कर शांति पाठ कराया। इसके बाद महासभा के उपस्थित सभी सदस्यों ने दिवंगत दिनेश मिश्र की तस्वीर पर पुष्पार्पण कर उन्हे श्रद्धाजंलि दी और दो मिनट का मौन रख उनके परिजन को इस दुख की घड़ी में दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। मौके पर महासभा के कोषाध्यक्ष आशीष शास्त्री, संरक्षक विजय शास्त्री, सचिव अनुराग भूषण पाठक, संगठन मंत्री संजय पाठक, सहित महासभा के कई सदस्य मौजुद रहे।

### पबुड़ा मुखिया के पिता का निधन

**बानो।** प्रखंड के पबुड़ा पंचायत के मुखिया आलोक बारला के पिता प्यारा बारला का बीती शाम को निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को दिन भर काम करने के पश्चात शाम को घर मे थे शाम को अचानक बरामदे में गिर पड़े तो आनन फानन में सीएचसी बानो ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। स्व प्यारा बारला बानो पोस्ट ऑफिस में कार्यरत थे प्यारा बारला को उनके पैतृक गांव बुम्बुलडा में दफनाया गया। इधर मुखिया के पिता के निधन पर मुखिया संघ ने शोक जताया है।

### आंगनबाड़ी सेविका का किया गया चयन

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के बेलकुबा आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी सेविका का किया गया चयन इस मौके पर सबसे पहले आंगनबाड़ी सेविका का चयन की प्रक्रिया को उपस्थित लोगों को बताया गया। इसके बाद सभी आवेदकों का आवेदन पत्र लिया गया तत्पश्चात आवेदन पत्र की जांच चयन समिति द्वारा किया गया। इस मौके पर एमरेंसिया बाः को आंगनबाड़ी सेविका के रूप में चयन किया गया। इसके साथ ही उन्हें नियुक्ति प्रमाण पत्र भी दिया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, थाना प्रभारी मनीष कुमार पांडे, बाल विकास महिला पर्यवेक्षक सुनीता बरला, पंचायत सचिव रवि बड़ाईक, मुखिया शांति देवी, रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात, आठ घरों को किया क्षतिग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा/गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के रुकी पंचायत में कभी उग्रवादियों का गड़ रहा करता था उस समय भी उग्रवादियों के भय में जीते थे ग्रामीण और अभी लगातार दो दिनों से जंगली हाथियों के भय में जी रहे ग्रामीण। जंगली हाथियों के झुंड के डर से खेत में रात बिता रहे हैं ग्रामीण। किसी तरह जान बचा रहे ग्रामीण। हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग से अभी तक किसी तरह



का कोई पहल नहीं किया गया है जिससे ग्रामीणों में काफी रोष है। घाघरा थाना क्षेत्र के रुकी पंचायत के कई गांव में जंगली हाथियों ने दूसरे दिन भी 8 घरों को निशाना बनाया एवं बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। शाम के बाद गजराज के झुंड के आ धमकने से दशहत में रहे। हाथियों के झुंड में बच्चों सहित उनकी संख्या - 25 -30 की संख्या बताई जा रही है। हाथियों के झुंड ने रुकी निवासी आनंदिता होरो डेनियल होरो शालिम होरो निर्मल होरो मनुवाल होरो बदना उरांव धुमा उरांव डानियल टोप्पो साथ साथ घर मे रखे धान को चट कर गया। घटना शनिवार को 9 बजे की बताई जा रही है। घटना के समय सभी पीड़िता अपने परिजनों सहित खेत की ओर भागकर किसी तरह जान बचाए पूरी रात खेत में ही बिताई। घटना से पूरे गांव के लोग दहशत में है। पीड़ित परिजनों ने वन विभाग से क्षतिपूर्ति की मांग की है। हाथियों के झुंड से सुरक्षा की गुहार लगाई है। मौके पर पहूंचे भूतपूर्व उप प्रमुख कृष्णा लोहरा, विधायक प्रतिनिधि संजीव कुमार, समाजसेवी विजय साहू, कमाख्या भगत, आदि नेताओं ने क्षेत्र का दौरा कर हालचाल लिया।

# नमन विक्सल ने शिवनाथपुर व बरसलोया क्षेत्र का किया दौरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधायक ने रविवार को प्रखंड के शिवनाथपुर तथा बरसलोया पंचायत के जोनहाटोली गांवों का दौरा किया तथा वहां के लोगों की समस्यायों को सुना तथा समस्याओ से अवगत होकर कहा हरसंभव अपकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के अनुसार किया जाएगा एवं संबंधित विभाग को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा हमारी गठबंधन की सरकार आप सभी के विकास का कार्य कर रही है। सरकार विकास कार्य या नियुक्ति के लिए अच्छा कार्य कर रही है सभी जाति या धर्म चाहे आदिवासी समुदाय या सदान वर्ग के हों लोगों का सम्मान करते हुए उनके भाषा संस्कृति तथा अधिकारों को देने का कार्य कर रही है आने वाले समय में विभिन्न विभागों में नियुक्ति भी होने वाली है।

# हादसा : सीमेंट लदा टैंकर पलटने से लगभग चार घंटे लगा रहा जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना पुल के समीप सीमेंट लदी 18 चक्का टैंकर बीच सड़क पर ही पलट गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन टैंकर पलटने से सड़क के दोनों तरफ का आवागमन लगभग 4 घंटे से अधिक बाधित रहा। देर शाम को पुलिस प्रशासन के सहयोग से टैंकर को पोकलेन की मदद से सड़क किनारे कर सड़क जाम को हटाया गया। सड़क पर टैंकर पलटने से लोहरदगा गुमला जाने वाली कई वाहनों की




लंबी कतार लग गई थी। फिलहाल पुलिस प्रशासन ने सड़क किनारे टैंकर कर यात्रियों को राहत देने का कार्य किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजरामपुर सीमेंट प्लांट राउरकेला से सीमेंट लाद कर टैंकर बालूमाथ जा रही थी। उसी क्रम में जोगना पुल के समीप बाइक को बचाने के दौरान टैंकर ओडी 23 एन 4948 पलट गई। वहीं भीषण सड़क दुर्घटना की बात सुनकर मुख्यालय डीएसपी परमेश्वर प्रसाद घटना स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। घटना स्थल पर एस आई संतोष कुमार, ए एस आई राजेश शर्मा सहित पुलिस बल मौजूद थे।

# रेलिंग की चोरी करने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश, 5 लोग गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के विभिन्न जगहों पर सड़क दुर्घटना एवं सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगाए गए रेलिंग लगातार चोरी हो रहे थे इस मामले में पाकरटांड पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए लोहरदगा जिले के पांच चोरों को चोरी करते हुए ट्रक एवं दो कार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अमित कुमार राय ने बताया कि रामरेखा के बरटोली के पास रात्रि के समय चोरों के द्वारा लगाए गए रेलिंग की चोरी की जा रही थी। जिसकी सूचना प्राप्त हुई सूचना के आधार पर टीम बनाकर जब छापेमारी की गई तो भागने लगे जिसे पकड़ा गया। इस दौरान पकड़े गए व्यक्ति की पहचान अलाउद्दीन अंसारी, फिरोज अंसारी, समरुल अंसारी, आफताब अंसारी एवं मफूज अंसारी है। इनके पास से चोरी किया गया रेलिंग को भी बरामद किया गया। इस मामले में पाकरटांड थाना कांड संख्या 02/23 के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ के क्रम में बताया गया कि सिमडेगा के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले दिनों हुए रेलिंग की चोरी में इन्हीं का हाथ है और इस मामले में मुफस्सिल थाना में कोचेडेगा पंचायत के मुखिया द्वारा मामला दर्ज कराया था।

# जराकेल में ऐतिहासिक जतरा मेला आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड के जराकेल मेंजतरा मेला हर साल माघ महीना के कृष्णपक्ष दुतिया को जतरा मेला का आयोजन किया जाता है मेला में पुत्री नाच, झूला,आदि खेल तमाशा ग्रमीणों को देखने को मिलेगा। जराकेल ऐतिहासिक मेला पूर्व में काफी भीड़ जमा होती थी। रांची राउरकेला आदि क्षेत्रो से लोग मेला देखने आते थे। लॉकडाउन के बाद इस बार मेला समिति द्वारा मेला का आयोजन किया जा रहा है।सोमवार को10बजे से नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें कई कलाकार अपना जलवा बिखेरगे। इधर प्रशासन द्वारा जराकेल जतरा की डाक बंदोबस्ती 2500 रु में की जो स्थानीय निवासी पारस नाथ बड़ाईक के नाम पर अंचल कार्यालय से मेला का डाक पत्र निर्गत किया गया है। मेला के सम्बंध में बुजुर्गों का कहना है कि मेला काफी वर्षों से लगते आ रहा है। कहा जाता है कि बानो प्रखंड सहित आस पास के गावों से अगहन महीना में स्थानीय जमींदारों के पास कार्य करने वाले नौकर अपने घर चले जाते थे। पुनः जतरा मेला के दिन से नए तथा पुनः उसी किसान के पास पुनः धांगर के रूप में कार्य करने के बारे में लेन देन तय की जाती थी। उसी दिन अपने पसंद अनुसार धांगर का चयन किया जाता था।इसी के याद में आज भी हर वर्ष मेला का आयोजन किया जाता हैं। जतरा मेला के अवसर पर गांव के पहान पुजार द्वारा ग्राम देवता व इंद्र देव की पूजन के बाद मेला का आयोजन किया जाता है। मेला मुख्य रूप से कृषि से सम्बंधित है। खेती बारी काम आने वाले सामानों, फल ,कंद मूल, हर फार, डलिया आदि सामान बिकने के मेला चढ़ाए जाते हैं।

# दिल्ली से गुमला पहुंची तीनों लड़कियां गुमला थाने में हो रही है पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला के तीन मजदूर वर्ग की बेंटियों को दिल्ली से कराया गया मुक्त, पहुचें तीनों सकुशल अपने गांव। गुमला प्रखंड

### युवती के साथ मजदूरी भी नहीं दी गई उसके साथ मारपीट एवं छेड़छाड़ की भी घटना भी हुई

अंतर्गत करौंदा बरटोली गांव की पुर्णिमा कुमारी, बिशुनपुर प्रखंड के हेसार गांव की दो बेंटियों पायल कुमारी, एवं रीता कुमारी को मजदूर संघ सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खांन एवंम अहतू थाना प्रभारी अकाश कुमार पांडेय के पहल पर दिल्ली से कराया गया मुक्त। मौके पर मजदूर संघ




सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खांन ने जानकारी दिया की पुरनीमा कुमारी उम्र लगभग 18साल करौंदा बरटोली ढाई साल से फंसी थी,तथा रिया कुमारी हेंसराग विशुनपुर 17साल को 5साल से दिल्ली में बंधक बनाकर रखे गये थे तथा पायल कुमारी 18साल को 3साल से किया जा रहा था शोषण मजदूर संघ सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खांन ने कहा की दो दिन पूर्व हमारे पास शिकायत ले कर पुर्णिमा के पिता जोगेश्वर उरांव ने किया था। जिस पर तत्काल पहल कर युवतियों से बात चीत हुआ। उसके बाद तीन युवती सकुशल गुमला पहुंच गए है। पुलिस सभी मामले पर पूछताछ कर रही है।

# कोयल नदी में चेक डैम निर्माण का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत कंडरा के समीप कोयल नदी में चेक डैम निर्माण का कार्य का शुभारम्भ वासु पहान और पूजार विरेंद्र उराँव द्वारा धरती पूजा कर किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की मौजुद थी। उन्होंने कहा कि चेकडैम का निर्माण पीएचईडी विभाग से कराया जा रहा है। चेक डैम के निर्माण का उद्देश्य बूटी पंचायत सहित 13 गांव में घर घर नल जल योजना के तहत पानी पहुंचाना है। संवेदक निर्माण कार्य को गुणवता पूर्वक पूर्ण करें और इस पर समय का ध्यान रखें। नदी काफी बड़ी है और योजना भी बड़ा है। अधिक से अधिक मजदुर लगा कर काम को समय से पुरा कराये। मुखिया पार्वती देवी ने कहा की गांव-गांव में नल जल योजना के तहत पाइप लाइन लगाना है। इसका निमार्ण होने से पानी की कमी नही होगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, मुखिया पार्वती उरांव, पहान वासु उराँव, पुजार विरेंद्र उराँव मनोज कुमार, कनीय अभियंता निजामीन अंसारी, के मिश्रा सुनील उरांव, मनीष उरांव, बनेश्वर उरांव, समीर उरांव सहित सैकड़ों गर्मीण उपस्थित थे।

# राजभवन के समक्ष 21 जनवरी को सांकेतिक धरना देगा शिक्षक संघ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ झारखंड प्रदेश जिला इकाई लोहरदगा के जिला कार्यकारिणी कोर कमेटी की बैठक जिलाध्यक्ष चोन्हस उराँव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के आह्वान पर 21 जनवरी 2023 को राजभवन के समक्ष एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन के आयोजन में जिले के अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों को शामिल करने हेतु आवश्यक रणनीति बनाई गई। बताया गया कि राज्य सरकार के समक्ष अनेको बार ज्ञापन वत्ताओं के बावजूद राज्य सरकार के स्तर पर



सिवाय आश्वासन के अतिरिक्त कोई भी सकारात्मक पहल नही किया गया है। सभी शिक्षक बाध्य होकर अंततः एक दिवसीय सांकेतिक धरना के माध्यम से सरकार के समक्ष अपनी सात सूत्री मांगों पर सकारात्मक पहल करने का अपील करेंगे। अंत में पेशरार प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय बालाडीह में कार्यरत शिक्षक अशोक नायक जी के पुत्र के असामयिक निधन पर शोक सभा करते हुए बैठक समाप्त की गई। बैठक में शिक्षक अनुग्रह कुमार, विनय कुमार, प्रदीप कुमार हिंद, नवनीत कुमार गौड़, विकेश कुमार सिन्हा, सुनील कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# संघ ने केलाघाघ डैम किनारे किया मिलन समारोह

**सिमडेगा।** संवेदक संघ सिमडेगा द्वारा रविवार को पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम किनारे वार्षिक मिलन समारोह 1 भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला अध्यक्ष मिस्टर मोइनुद्दीन के द्वारा केक काटकर सभी को नववर्ष की शुभकामना देते हुए संगठित रहकर जिले के विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की ।साथ ही उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के कार्यों में गुणवत्ता रखते हुए कार्य करें और सिमडेगा जिले के विकास की गति को आगे बढ़ाने में सभी संवेदक सहयोग करें। इस मौके पर सिमडेगा जिले के सभी संवेदक एवं गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया था।

# अपहरण कर हत्या मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार, दो फरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** पत्नी द्वारा करीब 3 महीने के बाद अपने पति का अपहरण का मामला गुमला थाने में दर्ज करने के बाद पुलिस ने अनुसंधान में इस मामले की गुत्थी सुलझा ली। अपहरण कर हत्या का मामला पदार्फाश हुआ है। बताया जाता है कि गुमला थाना क्षेत्र के पतिया निवासी पूनम देवी ने गुमला थाना में 4 जनवरी 2023 को अपहरण का कांड 4/23 दर्ज किया। जिसमें संजू देवी पर अपहरण का आरोप लगाया। पुलिस ने अनुसंधान किया तो उसके पति रविंदर महतो उर्फ रवि की हत्या 31 अक्टूबर 2022



को करने का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने सर एवं धड़ से अलग शव को भी बरामद किया है। यह शव सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के छंदा नदी से रवि महतो उर्फ रवि का सर काटा शव बरामद हुआ है। इस संबंध में पुलिस ने इस कांड में शामिल दो अभियुक्त अजय महतो एवं संजू देवी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो अभी राजेंद्र साहू एवं कौशल्या देवी अभी फरार है। इस संबंध में गुमला थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए गुमला के एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि यह मामला प्रेम प्रसंग में हुई है। जहां मृतक रविंद्र महतो उर्फ रवि का प्रेम प्रसंग कौशल्या देवी एवं उसकी बहन संजू देवी दोनों के साथ में था। मृतक संजीव देवी के घर पर रविंद्र महतो गया हुआ था योजनाबद्ध तरीके से चारों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी।

**योग शिविर** | 15 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन

# स्वस्थ दिनचर्या का अनुपालन अत्यंत जरूरी है

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान लोहरदगा के तत्वावधान में चल रहे सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण योग शिविर में 79 वर्षीय तीजन यादव ने कठिन आसनों का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को चकित कर दिया। तीजन यादव ने शीर्षासन, सर्वांगासन, भूनमनासन, हलासन, चक्रासन जैसे कठिन आसनों को आसानी से करके नवप्रशिक्षुओं को प्रेरित किया। उन्हीने कहा कि वह दमा के मरीज थे व पेट सम्बन्धी बीमारियों से परेशान थे परंतु जब




दो हजार सोलह में जिला में पतंजलि योग समिति द्वारा लगाए गए योग शिविर में आकर योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती एवं शिवशंकर सिंह जी के बताए अनुसार योगाभ्यास किया तो मुझे अप्रत्याशित रूप से लाभ मिला और एक रोगी से में एक योगी के रूप में परिवर्तित हो गया। अब मुझे कोई रोग नहीं। वहीं जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि योगाभ्यास में निरन्तरता अत्यंत आवश्यक है। आज प्रशिक्षुओं को योग के मूल तत्वों एवं वात, पित्त व कफ के विषय में बताया गया। यौगिक जॉगिंग व आसनों का अभ्यास अभय भारती के द्वारा कराया गया एवं कहा गया कि आसनों को विधिपूर्वक करना चाहिए। स्वस्थ दिनचर्या का अंपालन अत्यंत जरूरी है। पतंजलि के प्रशिक्षण सत्र में पतंजलि राज्य कार्यकारिणी सदस्य जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, वनवासी कल्याण आश्रम से कृपाशंकर सिंह, नीरा सिंह, किरण देवी, नवनीत कुमार, गौड़सुदामा सिंह, अतुल कुमार, विशाल भारद्वाज, श्रवण साहू, राजा विवस्वान, दिलीप साहू, वासुदेव महतो, हेमंत राय, दिनेश प्रजापति, राजेश गुप्ता, मुनि मिंज, मानसी भारती, सौरव केशरी, दीपिका कुमारी, दिव्य ठाकुर, संगीता देवी, सूर्यवती साहू, कृष्णा साहू सृष्टि शक्ति रूपा दीपिका कुमारी किरण देवी देवी रवि शंकर द्विवेदी कृष्णा राम, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र मौजूद रहे।

# 29 वें सप्ताह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर लगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में लगातार 29 वें सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 18 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज करवा कर लाभान्वित हुए। प्रसिद्ध चित्रकार व समाजसेवी देवानंद महतो ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप कराकर अपने बीमारियों की जानकारी उन्हें मिलती है और उस बीमारी से सतर्क रहते हुए उक्त बीमारी का समय रहते इलाज कराकर स्वस्थ हो रहे हैं। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है। लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए। लोगों ने डॉ कुमुद अग्रवाल से बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द आदि का चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए। शिविर पर जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी,जगरनाथ महतो, रामजतन साहू, गोपाल प्रसाद, सुबोध प्रसाद, देवानंद महतो, दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, शिवनाथ प्रसाद, मनोज कुमार, अतुल सर्राफ, शिमला देवी, मीना देवी, अंजली सर्राफ आदि थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### 15 तक बंद रहेंगे प्राथमिक विद्यालय

**मेदिनीनगर।** पलामू में कक्षा पांच तक के सभी स्कूल अब 15 जनवरी तक बंद रहेंगे। इस बावत रविवार को शिक्षा विभाग ने नयी अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के मुताबिक राज्य में बढ़ रही ठंड को देखते हुए निजी और सरकारी स्कूलों को 15 तक बंद रखने की बात कही गयी है। हालांकि इस दौरान सरकारी स्कूल के बच्चे दोपहर डेढ़ बजे मिड डे मील के लिए स्कूल जा सकते हैं। गौरतलब है कि इससे पहले राज्य सरकार ने राज्य में कोहरे और धुंध के कारण बढ़ी कड़ाके की ठंड को देखते हुए कक्षा पांच तक के स्कूलों को आठ जनवरी तक बंद रखने की बात कही थी। इधर शिक्षा विभाग के अनुसार बच्चों की सेहत को सरकार ने प्राथमिकता दिया है। इस दौरान बच्चों के पढ़ाई की भरपाई बाद में कर ली जायेगी।स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के जारी आदेश में कहा है कि 16 जनवरी से स्कूलों में कक्षाएं यथावत्त चालू रहेंगी। वहीं 8 से 15 जनवरी तक सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षक उपस्थित होकर ऑफिस के कार्यों का निपटारा करेंगे। गरीब बच्चों के खाद्य सुरक्षा के लिए सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) स्कूलों में बच्चों को मीड डे मील दिया जाएगा।

### छात्रों ने चलाया ट्विटर कैंपेन

**मेदिनीनगर।** नियोजन नीति बनाने को लेकर रविवार को पलामू सहित राज्यभर के छात्रों ने ट्विटर कंपैन चलाया। ट्विटर कंपैन सुबह 11 बजे से शुरू हुआ, जो शाम तक जारी रहा। ट्विटर कंपैन के जरिए छात्रों ने सरकार से जल्द नियोजन नीति बनाने और नौकरी देने की मांग की। गौरतलब है कि सरकार द्वारा बनाई गई नियोजन नीति को हाई कोर्ट के द्वारा रद्द कर दिया गया है। जिसके बाद सभी नियुक्तियों में रुकावट आ गई गई। राज्य के लाखों बेरोजगार छात्रों के सामने विकट समस्या आ गई है। वहीं कल होने वाले कैबिनेट की बैठक में नियोजन नीति पर सहमति बने इसके लिए भी छात्रों के द्वारा लगातार मांग किया जा रहा है। सरकार द्वारा यदि जल्द नियोजन नीति लागू नही किया गया तो आंदोलन की भी रूपरेखा तैयार की गई है।

### एसएस मिनी मॉल में गर्म कपड़े की खरीद पर भारी छूट

**मेदिनीनगर।** बैरिया बाईपास रोड स्थित होटल सुमति टावर एंड रेजिडेंशि,भूतल स्थित एस एस मिनी मॉल का उद्घाटन पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा के द्वारा 14 दिसंबर को किया गया था। मॉल में ठंड को देखते हुए। भारी मात्रा में ऊनी व गर्म स्वेटर, जैकेट ,मफलर, टोपी सहित अन्य सामग्री काफी डिस्काउंट पर दी जा रही है। इसका फायदा लोगों तक ज्यादा से ज्यादा पहुंचे इसको लेकर गर्म कपड़े के खरीद पर 30% तक का आकर्षक छुट दी जा रही है। मेदिनीनगर में विभिन्न उत्पादों का आकर्षक सहित सेल लगा हुआ है। यहां पर जेंट्स बीयर लेडीज बियर, किड्स वियर होम नीड़ व अन्य सामग्री उपलब्ध है। छुट स्टॉक रहने तक ही रहेगा।

### सांप्रदायिकता के खिलाफ एक मंच पर आना होगा : अली

**मेदिनीनगर।** सामाजिक और राजनीतिक नेताओं ने पूर्व सांसद (राज्यसभा) अली अनवर से मुलाकात की। अनवर शहीद शेख भिखारी जी के शहादत दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में भाग लेने डालटेनगंज पहुंचे हैं। शिष्टाचार मुलाकात के क्रम में गणेश रवि ने उन्हें शाल ओढ़ाकर पलामू आगमन पर सम्मानित किया। इस अवसर पर सामाजिक और राजनीतिक बातों पर चर्चा हुई। मुलाकात में अख्तर जमा साहब, विनोद कुमार , संतोष मखनिया , शर्मा जी, रामनरेश प्रसाद, कुश कुमार, सहित कई लोग शामिल थे। इस अवसर पर अली अनवर ने कहा कि भाजपा की नजर में मुसलमान दोयम दर्जे के नागरिक है। उन्होंने कहा कि सभी धर्म के समानता दलित पिछड़े अन्य प्रगतिशील इंसाफ पसंद लोगों को साथ आकर देश हित के लिए आगे बढ़कर कार्य करना होगा।

---

### भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा

# पलामू में कार्यकर्ताओं को मजबूत करने आया हूं, नेतागिरी करने नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेई का पलामू जिले के मेदिनीनगर में आगमन हुआ। मेदिनीनगर पहुंच उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय में जिला कार्यसमिति की कामकाजी बैठक की। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने की एवं संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। प्रदेश प्रभारी सह राज्य सभा सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि मैं यहां भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच रहकर काम करने आया हूं। कार्यकर्ताओं को मजबूत करने आया हूं। यहां नेतागिरी करने नहीं आया हूँ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने यहां के आदिवासी, युवाओं, किसानों, महिलाओं से किया एक भी वादा पूरा नहीं किया है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनता को झूठा आश्वासन देकर उनका वोट लिया और अब जनता ठगा हुआ महसुस कर रही है। यहां अपराध,उग्रवाद और भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि हेमंत




सोरेन ने सरकारी अधिकारियों को जनता की सेवा करने के काम में नहीं, बल्कि लूटने के काम में लगा रखा है। राज्य में सिर्फ केंद्र द्वारा संचालित विकास की योजनायें ही धरातल दिख रहीं हैं। राज्य सरकार के पास राज्य के विकास के लिए कोई रोडमैप नहीं है। हेमंत सरकार राज्य नहीं बल्कि सिर्फ अपने विकास के लिये काम कर रही है। राज्य की स्थिति बद से बदतर हो गई है। जनता इन्हें सत्ता से बेदखल करने के लिए व्याकुल है। श्री वाजपेयी ने कहा कि पार्टी द्वारा संचालित कार्यक्रमों के माध्यम से हमारे कार्यकर्ता जनसेवा भी कर रहे हैं और जनमुद्दों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन भी कर रहें है। बैठक में मुख्य रूप से विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, विधायक आलोक चौरसिया, विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, प्रदेश मंत्री विवेक भवानी सिंह, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, जिला प्रभारी विनय जायसवाल,विनोद सिंह,डिप्टी मेयर मंगल सिंह, श्याम नारायण दुबे,प्रेम सिंह, विपिन सिंह, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, अमलेश दुबे, नीलू मिश्रा, कामेश्वर कुशवाहा, अमित तिवारी, अविनाश वर्मा, कर्नल संजय सिंह,विजय ओझा, प्रभात भुइयां, भोला सिंह, सुनील पासवान, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद सिंह, रामचंद्र यादव, शिवदीप सिंह, अजय तिवारी, रीना किशोर,शिव कुमार मिश्रा,ज्योति पांडे,जितेंद्र तिवारी,प्रदीप सिन्हा,उदय शुक्ल,लवली गुप्ता, रूपा सिंह, श्यामा द्विवेदी, सीटू गुप्ता, संटू सिंह, अजय सिंह,सोमेश सिंह,नवेन्दु मिश्रा जिले के सभी मंडल अध्यक्ष समेत जिला कार्यसमिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

## महिला ने बीएसएफ जवान पर दर्ज कराई एफआईआर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू फेसबुक के माध्यम से एक बीएसएफ जवान को विवाहित महिला के साथ प्यार हो गया था। बाद में जब इस बात की जानकारी महिला के पति को हुई तो पति ने इसका विरोध किया। जिसके बाद जवान ने उस महिला के पति को कुछ फोटो भेज दी। पूरे मामले में तब नया मोड़ आया, जब महिला ने बीएसएफ जवान के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। यह पूरा मामला पलामू प्रमंडल के मुख्यालय मेदिनीनगर का है। आरोपी बीएसएफ जवान के खिलाफ टाउन थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर के बाद आरोपी जवान को थाना से ही जमानत पर छोड़ा गया है। आरोपी जवान भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात है। जबकि महिला पलामू के विश्रामपुर के इलाके की रहने वाली है। पुलिस मामले में आगे की अनुसंधान में जुट गई है। दरसल, महिला ने अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था। वहीं बीएसएफ जवान भी पलामू के विश्रामपुर के इलाके का रहने वाला है। बीएसएफ जवान और महिला स्वजातीय हैं। कुछ दिनों पहले महिला की दोस्ती बीएसएफ जवान के साथ हुई थी। बीएसएफ जवान और महिला फेसबुक के माध्यम से एक-दूसरे के नजदीक आए थे। जब इस बात की जानकारी महिला के पति को हुई तो उसने इसका विरोध किया। महिला ने पुलिस को बताया है कि बीएसएफ जवान उसके घर में घुसकर उसके साथ मारपीट करता था और जान से मारने की धमकी देता था। पुलिस को दिए गए आवेदन में महिला ने उल्लेख किया है कि बीएसएफ जवान उस पर शादी के लिए दबाव बना रहा है। पुलिस को दिए गए आवेदन में महिला ने इस बात का भी जिक्र किया है कि जवान अचानक शनिवार को उसके घर में घुस आया था और उसके साथ मारपीट की है। महिला के आवेदन के आधार पर मेदिनीनगर टाउन थाना में बीएसएफ जवान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## द कराटे एकेडमी ने आयोजित की फिटनेस प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** स्थानीय छह मुहान चौक पर रविवार की सुबह फिटनेस कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पलामू खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ,ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के निर्देशक प्रदीप नारायण, ओरियंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य धीरज मेहता, समाजसेवी आशीष भारद्वाज एवं द कराटे एकेडमी के निर्देशक सिहान सुमित कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । मौके पर उमेश लोहरा ने कहा कि फिटनेस आज के लिए अति आवश्यक है । हमें अपनी दिनचर्या में से कम से कम आधा घंटा अपने स्वास्थ्य के लिए निकालना चाहिए । ताकि हम शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत रह सके । यह प्रतियोगिता शहर वासियों को फिटनेस के प्रति प्रेरित करने के लिए प्लैंक एवं पुशअप्स चैलेंज का आयोजन किया गया है। मौके पर द कराटे एकेडमी के निर्देशक सिहान सुमित कुमार ने बताया की फिटनेस जीवन का अहम हिस्सा है । अगर हम प्रतिदिन व्यायाम करेंगे तो हम कई प्रकार के बीमारियों से दूर रह सकते हैं । बीमारी आर्थिक एवं मानसिक रूप से लोगों को कमजोर करती है। अगर हमें खुशहाल जीवन जीना है तो शारीरिक मजबूती अति आवश्यक है । कार्यक्रम में शहर के 144 बालक, बालिका , बुजुर्गों ने हिस्सा लिया। जिन्हें कार्यक्रम में सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित भी किया गया। मौके पर सुमित ने कहा कि लोगों को फिट रखने के लिए इसी तरह का आयोजन करूंगा । कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र नाथ ने किया । मौके पर सनत चटर्जी , इशू राज सिंह ,प्रवीण कुमार ,आकर्ष प्रताप, अश्विन कुमार ,आशुतोष आदि मौजूद थे।

## मौसी के घर आये युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम जमुने में रविवार को पुलिस ने खेत से एक 33 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। युवक की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चांदो निवासी गणेश भुइयां के पुत्र शिवलाल भुइयां के रूप में की गई है। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह जमुने गांव के ग्रामीणों ने सूचना दी कि एक व्यक्ति का शव जमुने गांव के खेत में पड़ा हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस जमुने गांव पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक शिवलाल भुइयां अपने मौसी के घर से 3 दिनों से लापता था। लापता होने के बाद परिजन उसे इधर-उधर खोजने का काफी प्रयास किए । परंतु उसका कहीं भी पता नहीं चल



पाया। रविवार की सुबह उसकी लाश खेत में पाया गया। परिजनों ने बताया कि मृतक की पत्नी रविवार की सुबह जब शौच के लिए खेत के तरफ गई तो देखा की शिवलाल एक पेड़ के सहारे मृत पड़ा हुआ है। यह भी पता चला है कि शिवलाल भुइयां काफी लंबे समय से अपने फैमिली के साथ दिल्ली में रहकर काम करता था। कुछ दिनों पहले वह दिल्ली से मौसी घर जमुने आकर रह रहा था। इसी बीच यह घटना घटी। वही मृतक के रिश्तेदारों का कहना है कि शिवलाल की दिमागी हालत कुछ ठीक नहीं थी। मृतक के परिजन सभी दिल्ली रहते हैं। दिल्ली से आने के बाद मृतक का दाह संस्कार किया जायेगा। वही इस घटना के बाद से पुलिस इस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई हैं। वहीं दूसरी ओर पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी स्टेशन के पास से रेलवे पुलिस ने रविवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। वही घटना के बाद रेलवे पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं की गई है। इसके बाद से रेलवे पुलिस शव की पहचान करने में जुट गई है।

### महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ है भारत जोड़ो यात्रा : श्याम

**मेदिनीनगर।** हैदर नगर प्रखंड के नईम होटल के प्रशाल में भारत जोड़ो यात्रा संबंधी एक कार्यशाला का आयोजन 8 जनवरी 2023 को किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा देश को नई दिशा देगा तथा नफरत फैलाने वाले लोगों को उनके मंसूबों को विफल करेगा। भारत जोड़ो यात्रा देश में नई ऊर्जा भर रहा है । साथ हीं इस यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी देश की नई उम्मीद बन गए हैं। नफरत, महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ इस यात्रा को लगातार आम जनों तक पहुंचाने का काम कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता कर रहे हैं। कार्यक्रम में जिला चेयरमैन नवल किशोर पाठक ,वरिष्ठ नेत्री मालती सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी अर्जुन सिंह, अवधेश सिंह, रितिका पांडे,बिहारी सिंह, मीना देवी, गीता देवी, रामजी सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मोहम्मद इदरीश खान को कांग्रेस पार्टी शिक्षा विभाग का हैदरनगर प्रखंड की जिम्मेवारी सौंपी गई। कार्यक्रम के बाद कांग्रेसियों ने बाजार होते हुए रेलवे क्रॉसिंग तक पदयात्रा कार्यक्रम किया तथा लोगों को कांग्रेस की नीतियों से जुड़ने का आह्वान किया।

### दीन दुखियों की सेवा सबसे बड़ा पुनित कार्य : मीना देवी

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा पंचायत की मुखिया मीना देवी ने अपने आवास पर अपने निजी खर्च से कंबल वितरण समारोह आयोजित किया। ठंड के प्रकोप से बचने के लिए 75 चिन्हित जरूरतमंद दिन दुखियो गरीब असहाय विधवा दिव्यांग व्यक्तियों के बीच पंचायत की मुखिया मीना देवी पति व्यास राम चौरसिया ने कंबल वितरण किया। मुखिया मीना देवी ने कहा कि दीन दुखियों की सेवा करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। कपकपाती ठंढ में कंबल वितरण करना पुण्य का काम है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई विवश एवं लाचार लोगों को गर्म कपड़ा के अभाव में ठिठुरते हुए मुखिया मीना देवी ने देखा। लाचार एवं विवश लोगों के पास ओढ़ने के लिए कुछ नहीं है। इसलिए आज अपने निजी खर्च से लोगों को सेवा करने का जो मुखिया को सौभाग्य प्राप्त हुआ उससे उन्हें सुखद व शांति अनुभूति हो रही है। ऐसा कार्य करने से यज्ञ करने का फल प्राप्ति होती है। जनता के दुख सुख में सदैव समर्पित हू और रहूंगा। मौके पर अभिभावक नागेश्वर महतो, वार्ड सदस्य रामजीत राम, नंदकिशोर चौधरी, सुबोध गुप्ता, सुनील चौरसिया, रामा शंकर महतो, नागेंद्र कुमार, वशिष्ठ महतो, गिरवर महतो, उमेश चौरसिया एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### चतुर्थवर्गीय पदों की नियुक्ति को लेकर आंदोलन की समीक्षा की

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक जिला कार्यालय में आहूत की गयी। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने किया। बैठक में सफल अभ्यर्थियों के चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति के मांग को लेकर चलाए जा रहें आंदोलन की समिक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द कि जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मोर्चा कार्यालय में 10:00 बजे दिन से मनाई जायेगी। स्वामी विवेकानन्द का जन्म 12 जनवरी 1863 ई0 में हुआ था। स्वामी विवेकनन्द की जयंती के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता, वालीबॉल एवं क्रिकेट मैच का आयोजन किया जायेगा। और सफल छात्रों को पुरस्कृत किया जायेगा।

## फुलिया की टीम ने क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच 1 विकेट से जीता

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांडू।** क्रिकेट महासंग्राम फुलिया 2023 के द्वारा विद्युत उप केंद्र कुटमू के बगल में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 2 जनवरी को उद्घाटन मैच कुटमू और तीसीबार पंचायत की टीम के बीच खेला गया। पहला सेमीफाइनल तीसीबार और फुलिया के बीच हुआ। जिसमें फुलिया की टीम विजयी रही। दूसरा सेमीफाइनल मैच कजरू कला और गगन केड़ी की टीम के बीच खेला गया। जिसमें कजरू कला की टीम विजयी रही। इस तरह फुलिया और कजरू कला की टीम फाइनल में पहुंची। रविवार को खेले गए फाइनल मैच में कजरू कला ने पहले बैटिंग करते हुए कुल 14 ओवर में 124 रन बनाया। इसके जवाब में फुलिया की टीम ने तेरहवें ओवर में 1 विकेट रहते 125 रन बनाकर फाइनल मैच को जीत लिया। पलामू जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष गीता देवी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थी। मुख्य अतिथि और राजद प्रदेश महासचिव पप्पू सिंह अधिवक्ता ने फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। फुलिया मुखिया कलावती देवी, उप मुखिया शैलेश पाल, पंचायत समिति सदस्य गायत्री देवी, तीसीबार मुखिया,कुटमू मुखिया पति अरविंद पाल सहित कई गणमान्य लोग दर्शक दीर्घा में मौजूद थे।

## पांकी प्रखंड में भाकपा की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के पांकी अंचल की बैठक ग्राम औका में किया गया । जिसकी अध्यक्षता कामरेड रामलाल भुइयां ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि ग्राम औका खजूरी एवं आसपास के कुछ ग्राम जमींदारी शोषण एवं अत्याचार का अड्डा रहा है। आज से 50 वर्ष पहले कम्युनिस्ट पार्टी ने अत्याचार एवं दमन को समाप्त कर जमीनों पर वहां के रैयतों का अधिकार दिलवाया । लेकिन झारखंड बनने और भाजपा की सरकार बनने के बाद सरकार के इशारे पर पूर्व जमींदार परिवार कंपनी एवं प्रशासन की सांठ-गांठ से ग्रामीण रैयतों एवं जोतकारो को उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है । जिसे कम्युनिस्ट पार्टी कभी सफल नहीं होने देगी। भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि राज केंद्र एवं राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनता बेरोजगारी एवं महंगाई का दंश झेल रही है । ग्राम औका में खराब हुआ 1 साल से जल मीनार अभी तक नहीं बना और जनप्रतिनिधियों को इस ओर कोई ध्यान नहीं है। यहां के स्थानीय विधायक और पूर्व विधायक ठेका कर पैसा कमाने में लगे हुए हैं । लेकिन आम किसान मजदूर गरीबों का विकास कैसे हो उनके बच्चे कुपोषण के शिकार हो रहे हैं।

### वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने गरीब असहायों के बीच किया कपड़ा वितरण

**मेदिनीनगर।** पलामू की हाड़ कंपाती ठंड में जब आम लोग रजाई, कंबल के साथ कुछ साटकर ओढ़ने को विवश हैं । वहां वैसे लोगों की हालत सोचिए जिनके तन पर भरपूर कपड़े तक नहीं और जो लोग ऐसे में भी साड़ी, चादर या बोरी ओढ़ने को मजबूर हैं। ऐसे लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट डालटनगंज। सुदूरवर्ती गांव तक इनकी टीम पहुंचती है और जरूरतमंदों को गर्म कपड़े, मास्क, कंबल, आदि मुहैया कराती है । संडे अभियान के तहत आज 'वरदान 'की टीम तरहसी के सेलारी पंचायत के देल्हा गांव पहुंची, जहां लोगों के बीच सैकड़ों कंबल, स्वेटर, जैकेट, का वितरण किया है।

---

**टीबी वार्ड** | अस्पताल पहुंच कर मरीजों से की मुलाकात

# एसपी व उनकी पत्नी ने नवजात बच्चों के बीच किया वस्त्र का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा और उनकी पत्नी कंचन सिन्हा ने रविवार को सदर अस्पताल के महिला वार्ड में पहुंचकर बच्चों के बीच ऊनी कपड़ो का वितरण किया। वही कपड़ा वितरण के बाद एसपी चंदन सिन्हा कुपोषण वार्ड पहुंचकर वहां पर भर्ती कुपोषित बच्चों के बारे में डॉक्टरों से जानकारी ली। उन्होंने टीवी वार्ड का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने टीवी वार्ड में भर्ती 5 बच्चों को गोद लेने का निर्णय लिया है। एसपी चंदन सिन्हा की पत्नी कंचन सिन्हा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि टीबी वार्ड में भर्ती 5 बच्चों की देख रेख दवा सहित अन्य खर्च उठाने का निर्णय लिया है। वही कंचन सिन्हा ने बताया कि अस्पताल में बच्चों के बीच वितरण किया । स्वेटर वे अपने हाथों से बुनती है। इस तरह समय - समय पर जरूरतमंदो के बीच वस्त्रों का भेंट देना, सामाजिक कार्य भी है और ग्रुप की महिलाओं को आर्थिक मदद भी मिल जाती है। वहीं, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि इस तरह के



कार्य में हमारी पत्नी की पहल होती है । साथ ही बच्चो के प्रति भावनात्मक लगाव के साथ ही जरूरतमंदों के प्रति सहानुभूति हम दोनों को हैं। वे इस तरह का कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। हमारी पत्नी ने जो स्वेटर नवजात शिशुओं और उनकी माताओं को उपहार में दिया हैं। इसमें से साठ प्रतिशत मेरी पत्नी के द्वारा बुनी हुई है। आज हम अपने निजी खर्च पर यह दे रहे हैं। इससे अद्भुत अनुभूति और आत्म संतुष्टि का अनुभव होता है । कंचन सिन्हा द्वारा नवजात बच्चों को जब देने के लिए वार्ड गई तो वहां उत्साहित होकर उन्होंने बच्चों को प्यार से अपनी गोद में उठा लिया। साथ ही उनकी माताओं से बात की और बच्चों




को अस्पताल द्वारा दी गई सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद पुलिस अधीक्षक और उनकी पत्नी अस्पताल परिसर के विभिन्न वार्डो में गई और साथ गए डीपीएम दीपक कुमार से वार्ड और उनके कार्यो की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक श्री सिन्हा टीबी रोग से पीड़ित मरीजों को गोद लेने की भी घोषणा की। उन्होंने लोगों से ठंड से बचकर रहने की सलाह भी दी। इसी क्रम में एसपी चंदन सिन्हा ने डीपीएम दीपक कुमार से बातचीत करते हुए कहा कि अस्पताल में किसी भी हाल में दलाल को हावी नहीं होने दें। उन्होंने डीपीएम दीपक कुमार से कहा कि सदर अस्पताल में गरीब तबके के लोग आते हैं । जिन्हें दलालों के द्वारा लूटने का काम किया जाता है। यदि दलाली की घटना सामने आती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें ,पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दलालों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर उपस्थित डीपीएम दीपक कुमार ने अस्पताल के सभी कर्मचारियों को समझाते हुए कहा कि अस्पताल में किसी भी दलाल को देखने पर इसकी सूचना अस्पताल प्रबंधक को दें। उन्होंने कहा कि अस्पताल के किसी भी कर्मी की संलिप्तता दलाली में पाई जाती है तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें हटा दिया जायेगा। वहीं कुछ लोगों ने एसपी चंदन सिन्हा से शिकायत किया कि नगर निगम के द्वारा सभी जगहों पर अलाव की व्यवस्था पूर्ण ढंग से नहीं की जा रही है। इस पर पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने अपने निजी खर्च से शहर के 10 मुख्य चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था शीघ्र कराने को कहा है। मौके पर टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा ,ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह टीओपी टू प्रभारी रूद्रनंद सरस मुख्य रूप से उपस्थित थे।

ज्ञान की बात

**मन को बहुत ज्यादा दौड़ने न दें। इसे शांत रखने का प्रयास करें। योग करें। मेडिटेशन करें। यह दिमाग बहुत तेज चलता है। भांति-भांति के विचार आते हैं इसमें। दिमाग थकता नहीं। इसे नियंत्रित रखेंगे तो फायदे में रहेंगे। इसे छोड़ देंगे तो यह नुकसान कर देगा। मन को वश में करना कठिन तो है, पर असंभव नहीं। आज से प्रयास करेंगे तो सफल हो जाने की उम्मीद है।** *-बाबा रामदेव*

# कोर्ट का फैसला सवालों के घेरे में

**हल्द्वानी** में रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने के उत्तराखंड हाई कोर्ट के आदेश पर पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि यह मानवीय मुद्दा है। इसका व्यावहारिक समाधान निकालने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने आवश्यक दखल देते हुए उत्तराखंड के हल्द्वानी शहर में 4000 से अधिक घरों को गिराने के अभियान पर तात्कालिक रोक लगा दी। कहा जा रहा है कि ये घर रेलवे की जमीन अतिक्रमित कर अवैध रूप से बनाये गये हैं। करीब 50,000 से भी ज्यादा लोगों को राहत देते हुए शीर्ष अदालत ने इस मामले में कई जरूरी सवाल भी उठाये। हैरत में डालने वाली बात यह रही कि कानून और उसके पालन से जुड़े उन बुनियादी पहलुओं की तरफ पहले किसी का ध्यान नहीं गया। यह भी नहीं देखा गया कि रेलवे के कथित मालिकाना हक वाली जमीन पर बने जिन घरों को अवैध बता कर गिरा देने की बात कही जा रही है, उनमें से कई आजादी से पहले के बने हैं। उन घरों से जुड़े सारे दस्तावेज इन लोगों के पास हैं। इसी अवैध बताई जा रही कॉलोनी में सरकारी स्कूल और कॉलेज भी चल रहे हैं। इस जमीन के कुछ हिस्से को राज्य सरकार अपना बता रही है। ऐसा कोई सीमांकन नहीं हुआ है कि रेलवे की जमीन कहां तक है और कहां से राज्य सरकार की जमीन शुरू होती है। इन सबके बावजूद इस क्षेत्र के लोगों पर तब मानो वज्रपात हो गया, जब उत्तराखंड हाईकोर्ट की एक पीठ ने 20 दिसंबर को यह निर्देश जारी कर दिया कि सात दिन का नोटिस जारी कर इस इलाके को बलपूर्वक खाली कराया जाये और इन अवैध निमार्णों को गिरा दिया जाए। पीढ़ियों से यहां रह रहे लोग कहां जायेंगे, बेघर-बार होकर कैसे रहेंगे, इस पर कोई बात नहीं। इन लोगों के पुनर्वास की क्या व्यवस्था है, इस पर कोई चर्चा नहीं। सबसे बड़ी बात यह कि उत्तराखंड की निर्वाचित सरकार ने भी इस बारे में कोई चिंता जाहिर करना जरूरी नहीं समझा, जबकि इस अभियान से प्रभावित निवासी इसकी उम्मीद कर रहे थे। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार से लोग ऐसी आशा करते भी हैं। खैर, इन हालात में हताश-निराश और बदहवास पीड़ित कड़ाके की ठंड में सड़कों पर आ गये। महिलाएं, बच्चे, बूढ़े धरने पर बैठे रहे कि किसी तरह उनका घर बचे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने

**जब उत्तराखंड हाईकोर्ट की एक पीठ ने 20 दिसंबर को यह निर्देश जारी कर दिया कि सात दिन का नोटिस जारी कर इस इलाके को बलपूर्वक खाली कराया जाये और इन अवैध निमार्णों को गिरा दिया जाए। पीढ़ियों से यहां रह रहे लोग कहां जायेंगे।**

फैसले में बिलकुल ठीक कहा कि बरसों से एक जगह रह रहे 50,000 लोगों को इस तरह सात दिन के नोटिस पर उजाड़ा नहीं जा सकता। इस मामले की अगली सुनवाई 7 फरवरी को है। राज्य सरकार और रेलवे से भी जवाब मांगा गया है। वहां मामले के सभी पहलुओं पर बारीकी से विचार होगा। लेकिन महत्वपूर्ण कसौटी सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए तय कर दी है कि मामले का कोई व्यावहारिक हल निकालना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का ऐसे अन्य मामलों में भी ध्यान रखा जायेगा। हालांकि इसके दूसरे पक्ष को भी कहीं से नाजायज नहीं समझा जाना चाहिए।

# भाजपा को मथ रही है 'भारत जोड़ो यात्रा'



**7 सितंबर**, 2022 को कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री मुथुवेल करुणानिधि स्टालिन द्वारा 'भारत जोड़ो यात्रा' लॉन्च किया गया था। इसके तहत 3,570 किलोमीटर की अपनी श्रीनगर तक की पदयात्रा लगभग 150 दिनों में तय करनी थी। यात्रा का उद्देश्य मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, राजनीतिक केंद्रीकरण और विशेष रूप से 'भय और कट्टरता' का जो माहौल देश में बन गया है, उसके खिलाफ जन-जन के बीच प्रेम का संदेश फैलाना था। राहुल गांधी देश की सबसे पुरानी पार्टी की इस यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं, पिछले दिनों इस अभियान की आवश्यकता के बारे में कहा था कि इस यात्रा का एक उद्देश्य देश को एकजुट करना भी है। 108 दिन की 'भारत जोड़ो यात्रा' के दिल्ली पहुंचने के बाद राहुल गांधी पिछले दिनों लाल किले से लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में 24 घंटे हिंदू-मुस्लिम पर बात हो रही है। इस यात्रा का लक्ष्य भारत को जोड़ना है। राहुल गांधी ने कहा, 'पूरा देश जानता है कि यह नरेन्द्र मोदी की सरकार नहीं, अंबानी-अडानी की सरकार है। मैं 2,800 किमी चला, मुझे कहीं भी नफरत या हिंसा नहीं दिखी, लेकिन मैं जब भी न्यूज चैनल खोलता हूं तो हमेशा नफरत और हिंसा ही दिखाई देती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि ये आपका ध्यान इधर-से-उधर भटकाना चाहते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है, ताकि जो सच्चे मुद्दे हैं, उन पर आपका ध्यान गलती से भी न चला जाए। 'भारत जोड़ो यात्रा' की अपार सफलता और इसे मिल रहे भरपूर जनसमर्थन से कांग्रेस को समझने तथा समर्थन देने वाले और उनके कार्यकर्ता उत्साहित हैं, लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा में कहा जाता है कि खलबली मची है। इसी का उल्लेख करतें हुए कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने सरकार पर आरोप लगाया है कि यात्रा में राहुल गांधी से मिलने वालों की आईबी द्वारा खोजबीन और जांच-पड़ताल की जा रही है। 'भारत जोड़ो यात्रा' ने देश ही नहीं, विश्व में राहुल गांधी की जो छवि दुष्प्रचार के जरिये बना दी गई थी, वह टूट गई। राहुल गांधी अपनी यात्रा में विभिन्न स्थानों पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई बार इस मुद्दे को उठाया और कहा कि उनकी छवि को खराब करने के लिए मीडिया में सत्तारूढ़ दल द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किये गये, लेकिन उसका कभी कोई विरोध उन्होंने नहीं किया। क्योंकि वह जानते थे कि वे झूठ बोल रहे हैं और झूठ का एक दिन पदार्फाश होना ही है। यहां स्वामी विवेकानंद के कुछ वक्तव्यों को उद्धृत करना आवश्यक है। स्वामी विवेकानंद कहते हैं, 'भारत में सर्वश्रेष्ठ होने की क्षमता है, हमारा देश संसार का कीर्तिस्तंभ है, लेकिन हमारे ये तथाकथित नेता, ये मूर्ख और स्वार्थी नेता, अपनी संस्कृति का वैभव नष्ट करने पर तुले हैं। ये लोग उन सुधारों का प्रचार कर रहे हैं, जिससे उनकी जय-जयकार हो, किंतु देश का गौरव नष्ट हो जाये। ये अपनी संस्कृति और उसके गुणों को समझे बिना उसमें सुधार का दुस्साहस कर रहे हैं। हिंदुओं का आध्यात्मिक विकास न कर, हिंदू धर्म को मतों के सांचे में ढालने को ही गौरव समझ रहे हैं। जो आदर्श कभी अपने जीवन में अवतरित नहीं कर पाए, उनका प्रचार कर रहे हैं।' चूंकि देश की जनता इस प्रकार के दुष्प्रचार को समझ गई है, इसलिए वर्तमान सरकार में खलबली मची हुई है। इधर भाजपा इसे सिर्फ एक स्टंट मानते हुए यह दावा कर रही है कि हार के डर से राहुल गांधी चुनावों से बच रहे हैं और यह यात्रा उन पर उल्टा ही असर करेगी। 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान जहां एक तरफ राहुल गांधी लगातार अपने बयानों और ट्वीट के जरिये भाजपा सरकार पर निशाना साध रहे हैं, वहीं भाजपा भी राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए यह कह रही है कि यह 'भारत जोड़ो' नहीं, 'भारत तोड़ो' यात्रा है और राहुल गांधी को 'भारत जोड़ो' से पहले अपनी पार्टी कांग्रेस को जोड़ने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि हताश और निराश होकर कांग्रेस के दिग्गज नेता एक-एक करके पार्टी छोड़ रहे हैं। भाजपा ने तो अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से बाकायदा एक अभियान चला रखा है जिसके तहत पार्टी लगातार कांग्रेस की पिछली सरकारों की गलतियों को याद दिलाते हुए लोगों को यह समझाने का प्रयास करती है कि कांग्रेस का चरित्र हमेशा से ही भारत को जोड़ने का नहीं, तोड़ने का रहा है। कांग्रेस के दावों और भाजपा के पलटवार के बीच सवाल यह उठ रहा है कि राहुल गांधी की इस यात्रा का असर देश की राजनीति पर पड़ भी रहा है या नहीं? क्या वाकई इस यात्रा के जरिये कांग्रेस को एकजुट कर राहुल गांधी भाजपा सरकार के लिए खतरा बन सकते हैं?

**राहुल गांधी देश की सबसे पुरानी पार्टी की इस यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं, पिछले दिनों इस अभियान की आवश्यकता के बारे में कहा था कि इस यात्रा का एक उद्देश्य देश को एकजुट करना भी है। 108 दिन की 'भारत जोड़ो यात्रा' के दिल्ली पहुंचने के बाद राहुल गांधी पिछले दिनों लाल किले से लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में 24 घंटे हिंदू-मुस्लिम पर बात हो रही है...**

इन दिनों



निशिकांत ठाकुर

## बोधि वृक्ष

# सुनें महादेव की कहानियां

**प्राचीन** काल में रत्नभद्र नामक प्रसिद्ध एक धर्मात्मा यक्ष गंधमादन पर्वत पर रहता था। उनका पूर्णभद्र नामक एक पुत्र हुआ। अंत में अनेक भोगों को भोगकर उस रत्नभद्र ने शिव ध्यान-परायण हो परम शांत शिवलोक को प्राप्त किया। पिता के शिवलोक चले जाने पर पूर्णभद्र ने संतानहीन होने से अपनी भार्या कनककुंडला नाम की यक्षिणी से कहा : प्रिये! मुझे पुत्र के बिना यह राज्य और महल आदि अब शून्य मालूम होता है। कनककुंडला बोलीः प्राणनाथ! आप ज्ञानवान होकर पुत्र के लिए क्यों खेद करते हैं? यदि यही इच्छा है तो पुत्र मिलने का उपाय कीजिए। इस जगत में उद्यमी लोगों को क्या दुर्लभ है? जो प्राणी प्रारब्ध के भरोसे रहते हैं, वह नितांत कापुरुष हैं, क्योंकि अपना किया हुआ कर्म ही प्रारब्ध है और कुछ नहीं। इस कारण प्रतिकूल प्रारब्ध को शांत करने के लिए समस्त कारणों के भी कारणरूप भगवान शिव की शरण में जाना चाहिए। यदि आप सर्वश्रेष्ठ पुत्र चाहते हैं तो भगवान शिव की शरण में जाएं। वही आपका कल्याण करेंगे। अपनी पत्नी की बात सुनकर यक्षराज ने गीत-वाद्य से भगवान शिव का पूजन कर पुत्र की अभिलाषा पूर्ण की। उसका नाम हरिकेश पड़ा। पुत्र उत्पन्न होने की प्रसन्नता में उन्होंने खूब दान-पुण्य किये। जब हरिकेश आठ वर्ष का हुआ, तभी से वह खेल में धूलि (बालू) का शिवलिंग बनाकर तृणादि (दुर्वा) से उनका पूजन करता और अपने साथियों को शिव नाम से ही पुकारता था।

(क्रमशः)

# क्या इस साल एशिया में समुद्री युद्ध का नजारा देखेगी दुनिया

**नए** साल से ठीक पहले जिस तरह दक्षिणी चीन सागर के ऊपर चीनी नौसेना के एक जे-11 विमान और एक अमेरिकी जासूसी विमान के महज दस फुट की दूरी से होकर गुजर जाने की खबर आई- दोयम दर्जे के कुछ पश्चिमी मीडिया संस्थानों ने तो सनसनीबाजी में 'शूटडाउन' की सुर्खियां भी जड़ दीं- उससे लगता है कि सन 2023 में यह इलाका दुनिया के लिए यूक्रेन और ताइवान जितनी ही बड़ी चिंता का विषय बन सकता है। हालात पिछले साल भी इसी तरफ बढ़ते दिख रहे थे। बात-बात पर दक्षिणी चीन सागर में तनाव बन जा रहा था। लेकिन फरवरी 2022 में आयोजित पेइचिंग शीतकालीन ओलिंपिक्स से घटनाओं की दिशा अचानक बदल गई। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने इसके उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने आए अपने रूसी समवर्ती व्लादिमीर पूतिन से आपसी सहयोग की कोई सीमा न होने की बात कही, 20 फरवरी को खेल समाप्त हुए और 24 फरवरी को रूसी फौजें यूक्रेन पर चढ़ गईं।

**छिटपुट युद्ध :** कम्युनिस्ट चीन के असाधारण विकास की एक बड़ी वजह यह बताई जाती है कि उसने लड़ाइयों पर पैसे बहुत कम खर्च किये। इसका अर्थ यह नहीं है कि पिछले 75 वर्षों में चीन किसी लड़ाई में गया ही नहीं है। अपनी स्थापना के थोड़े ही समय बाद कोरिया में अमेरिकी फौजों के खिलाफ लड़े गये चीनी जनमुक्ति सेना के लगभग प्रत्यक्ष युद्ध के बाद 1962 के भारत-चीन युद्ध और 1979 के चीन-विएतनाम युद्ध से दुनिया वाकिफ है। लेकिन द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से ही घिसाव-थकाव वाली लंबी लड़ाइयों की जैसी परंपरा हम देखते आ रहे हैं, उनसे तुलना करके देखने पर ये सारे युद्ध छोटी-मोटी सीमावर्ती झड़पों जैसे ही नजर आते हैं। चीन की रणनीति अभी तक लंबे टकरावों में उलझने के बजाय धीरे-धीरे वर्चस्व बढ़ाने, पड़ोस के छोटे-छोटे इलाकों को नियंत्रण में लेकर उनपर अपने कब्जे को पक्का करते जाने और अपना कूटनीतिक व्यहार किसी सैन्य शक्ति से ज्यादा व्यापारिक शक्ति जैसा ही रखने की रही है।

**बदलती रणनीति :** दक्षिणी चीन सागर की स्थिति बता रही है कि इस रणनीति का प्याला अभी या तो भर चुका है, या भरने के करीब है। दिसंबर 2022 के तीसरे हफ्ते में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से यह खबर जारी की कि कोरोना के दौर में जब दुनिया का समुद्री व्यापार लगभग ठप पड़ गया था और समुद्रों पर की जाने वाली टोही गतिविधियां भी मंद हो चली थीं, तब चीन इस समय का सदुपयोग दक्षिणी चीन सागर में अपने नये सैनिक अड्डों के लिए जमीन तैयार करने में कर रहा था। इस विवादित सागर क्षेत्र के कई इलाके, जहां कुछ समय पहले तक जब-तब गुजरने वाले मछलीमार जहाजों के अलावा अछोर, एकरस गहरा नीला पानी ही नजर आता था, वहां अभी समुद्र से बाहर निकले हुए छोटे-छोटे समतल द्वीप दिखाई दे रहे हैं। इन्हें छिछले सागर तल की रेत और आसपास मौजूद मूंगा भित्तियों के मलबे से बनाया गया है, और एक बात तय है कि छोटे-मोटे फौजी ठिकानों के रूप में ये जितना चीनी फौज को फायदा पहुंचाएंगे, उससे कहीं ज्यादा यहां से होने वाले विश्व व्यापार के लिए अड़चनों का सबब बनेंगे। दक्षिणी चीन सागर के नाम में 'चीन' उसी तरह आता है, जैसे हिंद महासागर के नाम में 'हिंद' आता है। नाम के आधार पर कोई देश किसी समुद्र पर अपना दावा नहीं ठोक सकता। छोटे द्वीपों पर टकराती दावेदारियां बीसवीं सदी के शुरूआती हिस्से में हर जगह समस्या बनी हुई थीं लेकिन द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की शांति प्रक्रिया ने ऐसे अधिकतर विवादों का अंत कर दिया। अमेरिका के फौजी फैलाव ने दिएगो गार्सिया जैसी कुछ नई समस्याएं पैदा कीं लेकिन जैसे-तैसे उनका भी निपटारा हो गया। अभी तीस साल पहले तक दक्षिणी चीन सागर की उथली संरचनाओं पर चीन की कोई दावेदारी सुनने में नहीं आती थी। वैसे भी झगड़े की जड़ बनने के अलावा पहली नजर में इनकी कोई खूबी दिखाई नहीं पड़ती।

**दक्षिणी चीन सागर की स्थिति बता रही है कि इस रणनीति का प्याला अभी या तो भर चुका है, या भरने के करीब है। दिसंबर 2022 के तीसरे हफ्ते में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से यह खबर जारी की कि कोरोना के दौर में जब दुनिया का समुद्री व्यापार लगभग ठप पड़ गया था और समुद्रों पर की जाने वाली टोही गतिविधियां भी मंद हो चली थी।**

दुनियादारी




चंद्रभूषण

## फोटो की दुनिया




## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से



# सच में, रैगिंग अब बीते जमाने की बात हो गई?

**आज** भी ऐसी खबरें देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर आती रहती हैं। हालांकि धर्मांतरण, तीन तलाक, आरक्षण, भीड़-हत्या, चीन और पाकिस्तान जैसे मुद्दों की तरह रैगिंग को लेकर कभी कोई चर्चा या बहस नहीं हो पाती। इससे जुड़ी खबरें भी अंधविश्वास और मानसून की खबरों की तरह महज सूचनापरक होती हैं। यकीन मानिये कि जिस दिन इन मामलों में किसी प्रकार का कोई धार्मिक या जातिगत कोण-दृष्टिकोण जुड़ता दिखाई देने लगेगा, उस दिन इनको लेकर भी राजनीतिक मुद्दों पर आधारित चर्चा जैसी ही जोश और उमंग से लबरेज बहसों की दुकानें भी खूब सजने लगेंगी। यहां तक कि ये मामले विभिन्न राजनीतिक दलों के चुनावी एजंडों में भी प्रमुखता से स्थान पाने लगेंगे। बहरहाल, रैगिंग से जुड़ी हाल की कुछ घटनाओं पर नजर डालें तो चाहे नोएडा के एक इंजीनियरिंग महाविद्यालय में रैगिंग के दौरान कनिष्ठ छात्रों की पिटाई कर कंधे की हड्डियां तोड़ने का मामला हो या संबलपुर के सरकारी इंजीनियरिंग महाविद्यालय के छात्र की पिटाई करने वाली घटना, चाहे इंदौर के वरिष्ठ छात्रों द्वारा प्रताड़ित एक छात्र की आत्महत्या करने का मामला हो या डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के रैगिंग से पीड़ित एक छात्र द्वारा दूसरी मंजिल से छलांग लगाकर जान देने की घटना, ये सभी हमारे शिक्षण संस्थानों की प्रशासनिक क्षमताओं पर प्रश्नचिह्न खड़े करती हैं। लेकिन इन सबसे अलग इंदौर के महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कालेज में हुई रैगिंग की घटना में पुलिस की भूमिका बहुत सराहनीय रही। दरअसल, हुआ यह कि पीड़ित छात्रों द्वारा आरोपों से मुकर जाने के बाद रैगिंग के आरोपित विद्यार्थियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने की पुलिस की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आने लगा, लेकिन मामले की फाइल बंद करने से ठीक पहले संबंधित थाने के पुलिसकर्मियों और खासतौर पर जोखिम उठा कर एक महिला आरक्षी ने सादे वेश में कालेज विद्यार्थी के रूप में जाकर इस जटिल मामले का खुलासा किया और आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो सकी। इतिहास में जाएं तो रैगिंग की वजह से दुनिया में पहली मौत वर्ष 1873 में न्यूयार्क की कारनेल विश्वविद्यालय की इमारत से गिरकर एक कनिष्ठ छात्र की हुई थी। हालांकि रैगिंग की शुरूआत सातवीं-आठवीं शताब्दी में ही ग्रीस में वहां के विभिन्न खेल समुदायों के बीच नये खिलाड़ियों में खेल के प्रति उत्साह और प्रेरणा का भाव जगाने के उद्देश्य से की गई थी, जिसमें नये खिलाड़ियों को चिढ़ाया और अपमानित किया जाता था। समय के साथ रैगिंग के स्वरूप में बदलाव होता गया और बीसवीं सदी के आते-आते पश्चिमी देशों में इसका प्रवेश शिक्षण संस्थानों में भी हो गया। इसके बाद रैगिंग के दौरान वरिष्ठ छात्र नये विद्यार्थियों के साथ जिस तरह पेश आने लगे, उसने कई बार बेहद दुखद मोड़ लेना शुरू कर दिया। आए दिन हिंसक घटनाओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होती चली गई। वहीं हमारे देश में सर्वप्रथम इस कुरीति का चलन आजादी से ठीक पहले अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में प्रारंभ हुआ। इसलिए इसे अंग्रेजी परंपरा की देन कहना गलत नहीं होगा। हालांकि शुरूआती दौर में भारत में रैगिंग महज वरिष्ठ और नये विद्यार्थियों के बीच मित्रता बढ़ाने का एक जरिया भर होता था। तब रैगिंग के दौरान शालीनतापूर्वक व्यवहार किया जाता था, लेकिन पिछली सदी के नब्बे का दशक आते-आते हमारे देश में रैगिंग ने घातक रूप ले लिया। जान-पहचान के लिए जहां नये, मनोरंजक और सद्भाव पैदा करने वाले तरीके निकाले जाने चाहिए थे, वहीं इसका स्वरूप बिगड़ता गया और इसमें सामंती हिंसक और विकृत कुंठाओं के विस्फोट का रूप दिखाई देने लगा। रैगिंग के दुष्परिणामों को देखते हुए वर्ष 2001 में सर्वोच्च न्यायालय ने पूरे भारत में इस पर प्रतिबंध लगा दिया और इसके विरुद्ध कड़े कानून बनाये गये। उसके बाद से देश भर में कहीं भी रैगिंग लेना या फिर इस प्रक्रिया में भागीदार बनना एक आपराधिक कृत्य माना जाने लगा। इसके बावजूद रैगिंग की घटनाओं को रोक पाना एक मुश्किल काम बना रहा। आखिरकार 2009 में हिमाचल प्रदेश में अमन काचरू नामक एक मेडिकल छात्र की रैगिंग से हुई मौत के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने देश के सभी शिक्षण संस्थानों में रैगिंग विरोधी कानून कड़ाई से लागू करने का आदेश दिया।

**इतिहास में जाएं तो रैगिंग की वजह से दुनिया में पहली मौत वर्ष 1873 में न्यूयार्क की कारनेल विश्वविद्यालय की इमारत से गिरकर एक कनिष्ठ छात्र की हुई थी। हालांकि रैगिंग की शुरूआत सातवीं-आठवीं शताब्दी में ही ग्रीस में वहां के विभिन्न खेल समुदायों के बीच नये खिलाड़ियों में खेल के प्रति उत्साह और प्रेरणा का भाव जगाने के उद्देश्य से की गई थी।**

अपना समाज



चेतनादित्य आलोक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# औषधि महामुण्डी : जो मनुष्य का यौवन स्थिर कर देता है



**वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे**
**पतंजली आरोग्य केन्द्र रेड़मा**
**डालटनगंज पलामू झारखण्ड**
**मो. - 7903216488, 9334716688**

**संस्कृत :** अरूणा, कुडिंरिका, नीलकदम्बिका, तपस्विनी, श्रावणी, महामुण्डी
**हिन्दी :** गोरखमुण्डी, मुरमुरिया, लिलबरिया
बंगाल, गोरखमुण्डी, कुरमुरिया, लिलबरिया
**मराठी :** मुण्डी,मुन्दरी, गोरखमुण्डी
**गुजरात :** बढ़ियोकलर, मुण्डी, गोरखमुण्डी
**पंजाब :** रवमद्रस, मुण्डी, गोरखमुण्डी
**तामिल :** कोटकरंडई
**तेलगु :** बीड सोरम, बोडेतरपु
**लेटिन :** स्पेरेन्थस इण्डिकस
**वर्णन :** गोरखमुण्डी का क्षुप आधे से लेकर डेढ़ फुट तक ऊंचा होता है। इसका पौधा विशेष कर जमीन पर फैला हुआ है। इस सारे पौधे के ऊपर सफेद रूएं रहते हैं। इसके पत्ते आधे से दो इंच तक लम्बे होते है। इसकी किनारे के ऊपर छोटे-छोटे दांत कटे रहते है। डालियों के सिरे पर गुलाबी या बैगनी रंग के फूल आते हैं, फूलो की घुण्डी होती है। यह 1/4 से 1/2 इंच के व्यास की होती है। इस घुण्डी के पास-पास बहुत से फूल हुए रहते हैं। इसकी गंध बहुत तीव्र होती है। यह वनस्पति वर्षा ऋतु के बाद तर जमीन में पैदा होती है। इसकी दो जातियां होती है। एक को मुण्डी और दूसरी को महामुण्डी कहते हैं।

**गुण, उपयोग और प्रभावः** आयुर्वेद मत से मुण्डी कसैली, पचने में चरपरी, उष्णगवीर्य,तीक्ष्ण, मधुर, हल्की, दस्तावर, बुद्धिवर्धक, धातुपरिवर्तक तथा कण्ठमाल, अर्जीण, क्षय की ग्रन्थियां, वायु, नालियों का प्रदाह, पागलपन, रलीपद, पाण्डूरोग, अरूची, योनिशूल, गर्भाशय, और योनि सम्बन्धि व्याधियां, बवासीर, पथरी, पित्त, मृगी, श्वास, कृमि,रोग, कुष्ठ, विष विकार, अतिसार और वमन को दूर करनेवाली है। यह गूदाद्वारा के शूल, छातीका ढीलापन और आधा शीशी में भी लाभदायक है। महामुण्डी मधुर, कड़वी, गरम, रसायन, रूचिकारक, स्वर को शुद्ध करनेवाली, प्रमेह को नष्ट करनेवाली और वात विनाशक है।

चक्रदत के मतानुसार गोरखमुण्डी के पंचाग का चूर्ण करके छः माशे से लेकर एक तोला तक 1 तोला घी और 4 माशे शहद के साथ मिलाकर दिन में दो बारे खाने से और ऊपर नीम गिलोय का क्वाथ पीने से भयंकर वातरक्त का व कुष्ठ का रोग नष्ट होता है।

भाव मिश्र के मतानुसार गोरख मुण्डी और सोंठ को समान भाग में लेकर उसका चूर्ण बनाकर गरम पानी के साथ सेवन करने से आमवात का रोग नष्ट होता है। बवासीर के रोग के अन्दर भी यह औषधि प्रभावशाली असर दिखाती है। इसकी जड़ की छाल के चूर्ण को 3 से छः माशे तक की मात्रा को मठ्ठे के साथ पीने से थोड़े दिनों में बवासीर नष्ट हो जाता है। इसको सिल पर पीसकर लुग्दी बनाकर बवासीर कण्ठमाला, और सूखी हुई गठानों पर बांधने से अच्छा लाभ होता है। इसकी जड़ के चूर्ण को सेवन करने से पेट के कृमि नष्ट होते है।

कोमान के मतानुसार इस पौधे काढ़ा मूत्र सम्बन्धि बीमारियों में विशेष उपयोगी है। मूत्राशय की पथरी में इसके परिणाम बहुत सन्तोषजनक पाये जाते हैं।

कर्नल चोपड़ा के मतानुसार यह वनस्पति कटु, अग्निवर्धक और उत्तेजक है। यह ग्रन्थियों की सूजन, पथरी और पीलिया रोग में लाभदायक है। इसमें एक प्रकार का उड़नशील तेल और स्पेरेन्थाइन नामक उपक्षार पाया जाता है।



गोरखमुण्डी के सारे पौधों का छाया में सुखाकर, पीसकर उनका हलवा बनाकर खाने से मनुष्य का यौवन स्थिर रहता है। उन के बाल सफेद नहीं होते। नेत्र रोगों पर भी यह वनस्पति अच्छा काम करती है। ऐसा कहा जाता है कि एक फल (घुण्डी) साबुत निगल जाने से (चैत्र माह में) एक वर्ष तक आंख नहीं आती। तालीफ शरीफ नामक मशहूर ग्रन्थ के ग्रन्थकार का कथन है कि गोरखमुण्डी बुद्धि को बढ़ाती है। इसके प्रयोग से पेट के कीड़े मर जाते हैं। फोड़े-फुंसी और योनि के दर्द में भी लाभ पहुंचाती है। शरीर के पीलेपन को मिटाती है। सुजाक में भी यह लाभदायक है। गोरखमुण्डी के बीजों को पीसकर उनमें समान भाग शक्कर मिलाकर एक हथेली (6 ग्राम) भर प्रतिदिन लगातार खाने से बहुत ताकत पैदा होती है और मनुष्य दीर्घायु हो जाता है।

एक यूनानी हकीम के मतानुसार जब तक इन पौधों को इकट्ठा करके उसका चूर्ण शहद और घी के साथ खाने से 40 दिनों में जवानों की सी ताकत हासिल होती है। इसके फलों को 40 दिनों तक खाने से मनुष्य की शक्ति बढ़ती है। अगर इसकी जड़ को दूध के साथ 2 साल तक लगातार खाई जाय तो मनुष्य का शारीरिक संगठन बहुत अच्छा हो जाता है और बाल कभी सफेद नहीं होते है।

एक दूसरे यूनानी हकीम के मतानुसार अगर इसके पत्ते और इसकी जड़ को पीसकर गाय के दूध के साथ तीन रोज तक लगातार खावें तो मनुष्य की काम शक्ति बेहद बढ़ जाती है। अगर ऐसे ही 40 दिन तक सेवन किया जाय तो मनुष्य की कामशक्ति की ताकत, स्तम्भन की ताकत और बलवीर्य बहुत बढ़ जाते है। अगर इसके पौधों को उखाड़कर, सुखाकर उसकी धनी बवासीर के मस्सों को दी जाय तो वे कुछ ही दिनों में सूखकर गिर जाते हैं। कुछ शास्त्रीय योग- गोरख मुण्डी तेल : गोरखमुण्डी के पौधों को थोड़ा पानी में भिगोकर सिल पर पीसकर पानी को छान लें। जितना पानी हो उसका चौथाई काली तिल्ली तेल डालकर मन्द अग्नि पर पकायें। जब पानी जल जाये सिर्फ तेल बचे तो उसे आग से उताकर कर छान लें और सुरक्षित कांच के बोतल में रखें। और उसे सुरक्षित कांच के बोतल में रखें। इस तेल में से 7 माशे तेल रोजाना 40 दिन तक खाने से कामेन्द्रिय को बहुत शक्ति मिलती है।

**कुच कठोर तेल :** गोरखमुण्डी के पंचाग को और लींडी पीपर को समान भाग लेकर पानी के साथ सिलवट्टे पर पीसकर लग्दी बनाकर उस लुग्दी को कलईदार पीतलकी कड़ाही में रखकर उस लुग्दी से चौगुना काली तिल्ली तेल और तेल का चौगुना पानी डालकर हल्की आंच से पकायें। जब पानी जलकर मात्र तेल शेष हर जाय तब उसको छानकर रख लें। इस तेल को रूई भिगोकर उस रूई को स्तनों के ऊपर बांधने से व तेल को नाक के द्वारा सूंघने से स्त्रियों के ढ़ीले पड़े स्तन कठोर हो जाते है। (बंगसेन)

**गोरखमुण्डी रसायनः** गोरखमुण्डी के पौधों को फूल आने से पहले शुभ मुर्हुत में लगाकर छाया में सुखाकर चूर्ण को समान भाग मिलाकर इनमें से एक तोला चूर्ण घी के साथ प्रति दिन चाटने चाहिये। पथ्य में केवल दूध और भात लेना चाहिये। उस प्रकार 4-6 माह तक लगातार सेवन करने से वृद्धवस्था नष्ट होकर युवकों के समान बल, उमंग और कामशक्ति प्राप्त होती है।

**मेरे द्वारा तथा राजस्थान के मांऊरआबू के एक वैद्य भंवर पुरोहित के द्वारा अनुभूत प्रयोग :** गोरखमुण्डी का सूर्यतापी अर्क निकालकर 1/2 1/2 चम्मच अर्क 1/2 कप गुनगुने जल में लेने और दूध-भात का सेवन करने से दूसरे-तीसरे दिन से ही मनुष्य के शरीर में ताकत आना शुरू हो जाता है। इसे लगातार कम से कम 2 माह तक सेवन करें।

## विंटर में इम्युनिटी को बूस्ट करेंगे ये जूस



ठंड के मौसम में चुकंदर, गाजर और अदरक का जूस पीना काफी अच्छा माना जाता है। चूंकि अदरक की तासीर गर्म होती है इसलिए इस जूस का सेवन करने से आपके शरीर को गर्मी मिलती है। वहीं, गाजर और चुकंदर में कई तरह के विटामिन और खनिज मौजूद होते हैं। जब ठंड का मौसम आता है तो ऐसे में व्यक्ति को कई तरह की मौसमी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कोल्ड व फ्लू तो इस मौसम में बेहद आम है। अक्सर इस मौसम में लोग बार-बार बीमार पड़ते हैं। इतना ही नहीं, यह भी माना जाता है कि ठंड के मौसम में जूस का सेवन नहीं करना चाहिए। जबकि ऐसा नहीं है। सर्दी के मौसम में भी आप कई तरह के जूस आसानी से बना सकते हैं और अपनी इम्युनिटी को बूस्ट कर सकते हैं।

**चुकंदर और गाजर से बनाएं जूस :** ठंड के मौसम में चुकंदर, गाजर और अदरक का जूस पीना काफी अच्छा माना जाता है। चूंकि अदरक की तासीर गर्म होती है इसलिए इस जूस का सेवन करने से आपके शरीर को गर्मी मिलती है। वहीं, गाजर और चुकंदर में कई तरह के विटामिन और खनिज मौजूद होते हैं। जब आप इस जूस का सेवन करते हैं तो आपको आयरन, विटामिन ए और विटामिन सी काफी अच्छी मात्रा में मिलता है। साथ ही, इसके सेवन से आपका इम्युन सिस्टम भी मजबूत होता है।

**ग्रीन एप्पल, गाजर, और ऑरेंज से बनाएं जूस :** विंटर में इस जूस का सेवन करना भी काफी अच्छा माना जाता है। गाजर, सेब और संतरा आपके शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करने के लिए एक बेहद ही अच्छा कॉम्बिनेशन माना जाता है। जहां सेब और संतरे आपको विटामिन सी देते हैं। वहीं, गाजर में एंटीऑक्सीडेंट बीटा कैरोटीन और विटामिन बी 6 होते हैं।

**स्ट्रॉबेरी और कीवी से बनाएं जूस :** यह एक ऐसा जूस है, जो विटामिन सी रिच होता है और इसलिए इसे इम्युन सिस्टम के लिए काफी अच्छा माना जाता है। आप चाहें तो इसे एक स्मूदी के रूप में भी बनाकर पी सकते हैं। आप इसे तैयार करने के लिए इसमें दूध को भी शामिल कर सकती हैं। दूध प्रोटीन और विटामिन डी का एक अच्छा स्रोत है, जो केवल फलों या सब्जियों का उपयोग करने वाले जूस में मिलना मुश्किल है।

❖ **मिताली जैन**

# शुगर लेवल को करें कंट्रोल




क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन अभी हाल में ही बीता है, इन सेलिब्रेशन के दौरान की गयी सेहत की अनदेखी आपके लिए खतरनाक साबित हो सकती है। सेलिब्रेशन के दौरान मौज-मस्ती और अनाप-शनाप खाना पीना होता है जो आपकी हेल्थ लिए खतरनाक साबित हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक त्योहारों के बाद शुगर लेवल और वजन दोनों ही अनियंत्रित हो जाते हैं। गलत खान-पान से खराब हेल्थ खासकर डाइबिटिक लोगों का शुगर लेवल बिगड़ना आम बात है। सर्दियों के सीजन में ज्यादा ऑयली और मीठा खाने से वजन और शुगर लेवल को नियंत्रित रख पाना मुश्किल होता है, एक रिसर्च के अनुसार क्रिसमस सेलिब्रेशन और न्यू ईयर पार्टीज के बाद सबसे ज्यादा लोगों का शुगर लेवल अनियंत्रित पाया गया, ऐसे आयोजनों के मौके पर डाइबिटिक लोगों को ज्यादा सावधान रहने की जरूरत होती हैं। क्रिसमस केक का छोटा सा हिस्सा आपकी हेल्थ के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। खान-पान में बरती गयी लापरवाही आपकी सेहत को बिगाड़ सकती है, अधिक ब्लड शुगर से स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

**खान-पान का रखें विशेष ध्यान :** बैलेंस शुगर लेवल के लिए अपनी डाइट का विशेष ख्याल रखें, केक, पेस्ट्री खाने में तो टेस्टी होती है लेकिन इसमें शुगर की मात्रा आवश्यकता से अधिक होती है जिससे ब्लड शुगर को अनियंत्रित हो जाता है। भोजन में रंग-बिरंगे फल और हरी सब्जियों को शामिल करें। ज्यादा मात्रा में पानी और बॉडी को डिटॉक्स करने वाले फलों का जूस पीएं। लेकिन अधिक जीआई वाले फलों के सेवन से परहेज करें, अधिक जीआई वाले फल शुगर लेवल को बढ़ाते है,ब्लड शुगर को बैलेंस रखने के लिए कम जीआई वाले फल जैसे कीवी, सेब, अमरुद, पपीता, संतरा और चेरी को डाइट में शामिल करें।

### नियमित व्यायाम

ब्लड में शुगर लेवल को दुरुस्त रखने के लिए नियमित व्यायाम और योगा करें, यह आपके शुगर लेवल को बैलेंस रखेगा और एक्स्ट्रा कैलोरी को बर्न करने में सहायक होगा। नियमित व्यायाम से मेन्टल हेल्थ भी सुधरती है, तनाव और स्ट्रेस का आपकी हेल्थ पर प्रभाव नहीं पड़ता है।

आम केला और चीकू जैसे अधिक जीआई वाले फलों से परहेज करें।

**प्रोसेस्ड फूड से रहें दूर :** प्रोसेस्ड फूड से सावधान रहें यह डाइबिटिक लोगों के ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकते हैं, इन पदार्थों को लम्बे समय तक सुरक्षित बनाये रखने के लिए इनमें ट्रांसफैट का प्रयोग किया जाता है जो हृदय रोगों और शुगर लेवल बढ़ाने का कारण बनते हैं, कुकीज, पेस्ट्री जैसे खाद्य पदार्थों में सैचुरेटेड फैट होता है जो डाइबिटिक लोगों के लिए हानिकारक है। डिब्बाबंद भोज्य पदार्थों में प्रिजर्वेटिव केमिकल्स और सोडियम का प्रयोग किया जाता है जो डाइबिटिक लोगों की सेहत के लिए हानिकारक है।

# टेस्ट एलएसएटी- इंडिया के रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि की घोषणा

लॉ स्कूल एडमिशन काउंसिल द्वारा डिजाइन किए गए एवं पियरसन व्यू (Pearson Vue) द्वारा डिलीवर किए गए एलएसएटी-इंडियाट्ठ को 2023 में दो बार आयोजित किया जाएगा- एक जनवरी में और फिर जून में। एलएसएटी- इंडिया 2023 के जनवरी टेस्ट के लिए रजिस्टरी करने की अंतिम तिथि 11 जनवरी तक है। यह परीक्षा 22 जनवरी को कई स्लॉट्स में होगी। परीक्षा के लिए रजिस्टरी करने हेतु लिंक है http://pearson-vueindia.com/lsatindia एलएसएटी- इंडिया अब अपने 14वें साल में है- यह लॉ में प्रवेश के लिए अग्रणी परीक्षा है। जिसका उपयोग भारत के कई लॉ कॉलेजों में अंडर ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए किया जाता है। इस परीक्षा में एनालिटिकल रीजनिंग, लॉजिकल रीजनिंग और रीडिंग कॉम्प्रीहेंशन के सेक्शन होते हैं। एलएसएटी- इंडिया एक स्टैण्डर्ड टेस्ट है जिसके द्वारा छात्रों के रीडिंग स्किल, क्रिटिकल थिंकिंग एवं इनफोर्मल एवं डीडक्टिव रीजनिंग स्किल्स की जांच की जाती है। एलएसएटी- इंडिया में कुल 92 सवाल पूछे जाते हैं। जिनका जवाब 2 घण्टे 20 मिनट में देना होता है। एलएसएटीइंडिया के स्कोरकार्ड में एक स्केल्ड स्कोर और एक परसेंटाइल रैंक होता है।

लॉ के उम्मीदवारों को जनवीर 2023 की परीक्षा देने से कई फायदे होंगे। प्रोफेसर आनंद प्रकाश मिश्रा, डायरेक्टर, लॉ एडमिशन्स, ओपी जिंदल ग्लोबल युनिवर्सिटी एवं एसोसिएट डीन ऑफ जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल ने छात्रों को तीन कारण बताए। जिनकी वजह से उन्हें 22 जनवरी वाली परीक्षा देनी चाहिए। अगर आप जनवरी का टेस्ट देते हैं तो जेजीएलएस में एडमिशन मिलने की संभावना दोगुनी हो जाएगी। उम्मीदवार एलएसएटी- इंडिया टेस्ट देने वाले औसतन 3500 से अधिक उम्मीदवारों को 5 वर्षीय बीए/ बीबीए/ बीकॉम, एलएलबी ऑनर्स प्रोग्राम में एडमिशन नहीं मिलता। अगर आप जनवरी की परीक्षा देते हैं और आप एडमिशन के लिए कट-ऑफ क्वालिफाय नहीं कर पाते, तो आपके पास जून 2023 में फिर से टेस्ट देने का विकल्प होगा और आप वहां क्वालिफाइंग स्कोर पा सकेंगे।



जनवरी की परीक्षा में सफलता हासिल करने से 12वीं की बोर्ड परीक्षा से पहले ही जेजीएलएस में आपकी सीट सुरक्षित हो जाएगी। इस तरह आपके लिए बोर्ड की परीक्षा की तैयारी करना आसान हो जाएगा।

वे छात्र जो जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल में पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे दोनों में से उंचे कट-ऑफ स्कोर का उपयोग कर सकते हैं- जो आमतौर पर एलएसएटी- इंडिया परीक्षा में 90 परसेंटाइल होता है।

टेस्ट देने वाले छात्रों की सुविधा के लिए परीक्षा पूरे भारत में ऑनलाईन मोड के जरिए रिमोट प्रॉक्टरिंग द्वारा आयोजित की जाएगी। घर से परीक्षा देने के लिए छात्रों को सुनिश्चित करना होगा कि उनके पास जरूरी सिस्टम हो। छात्रों को एफएक्यू सेक्शन पर जाकर टेस्ट के बारे में सभी जानकारी पहले से हासिल कर लेनी चाहिए, ताकि वे टेस्ट की तैयारी के साथ-साथ घर से परीक्षा देने के लिए भी तैयार रह सकें।

प्रोफेसर डा. सी राज कुमार, फाउंडिंग वाइस चांसलर, ओपी जिंदल ग्लोबल युनिवर्सिटी एवं फाउंडिंग डीन, जिंदल ग्लोबल लॅ. स्कूल ने बताया, एलएसएटी इंडिया ला. स्कूल में एडमिशन के लिए सर्वश्रेष्ठ टेस्ट है, जिसमें छात्रों के लॉजिक, रीजनिंग एवं कॉम्प्रिहेंशन स्किल की जांच की जाती है, जो लॉ स्कूल एवं कानूनी पेशे में सफलता हासिल करने के लिए जरूरी हैं। देश की ज्यादातर अन्य प्रवेश परीक्षाओं के विपरीत, इसमें जनरल नॉलेज, करेंट अफेयर्स, मैथेमेटिक्स या लीगल नॉलेज की जांच नहीं की जाती। इस तरह छात्रों को क्रिटिकल थिंकिंग के लिए प्रेरित किया जाता है, ना कि रट कर पढ़ने के लिए। उन्होंने कहा लॉ स्कूल एडमिशन काउंसिल, यूएसए जो पियरसन व्यू (Pearson Vue) के साथ भारतीय लॉ स्कूलों में इस परीक्षा का आयोजन करता है, उसे जनवरी एवं जून में दो बार परीक्षा के आयोजन के लिए हम बधाई देते हैं। जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल की 75 फीसदी तक सीटें एलएसएटी-इंडिया 2023 जनवरी टेस्ट द्वारा भरी जा सकती हैं और इसलिए उन सभी छात्रों को 22 जनवरी वाला टेस्ट देना चाहिए जो आगे लॉ की पढ़ाई करना चाहते हैं।

## काव्य कोना

### लकड़ी का टुकड़ा

लकड़ी का टुकड़ा,
कहीं जलावन कहीं प्रेम शैय्या,
मंदिर की चौखट तो अस्थी की सामग्री कभी,
शिल्पकार के हाथों में,
सभ्यता की अमूल्य धरोहर,
सौंदर्य बढ़ाता अमूर्त को रुप देता,
लकड़ी का टुकड़ा।
विरोधाभास भी खूब है,
कभी अन्नपूर्णा का साधन हल फाल,
उपयोगीता संहार विनाश मे भी,
धनुष तीर से बंदूक तक,
क्या क्या नहीं भाग्य में तेरे,
मूर्त से कितनी समानता,
पर क्या कहे तेरे बिसात की,
हो तो बस एक बस एक,
लकड़ी का टुकड़ा।

❖ **नाग मणि**

## तुलसी के पत्तों को तोड़ते समय न करें ये गलतियां

हिंदू धर्म में तुलसी बहुत ही पवित्र मानी जाती है, इसलिए इस शास्त्र में तुलसी की पूजा का खास महत्व बताया गया है। इस पौधे का संबंध भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी से बताया गया है। धार्मिक नियमों के अनुसार, यदि तुलसी की पूजा की जाए तो देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। इसके अलावा जीवन में सुख-समृद्धि हासिल करने के लिए आप तुलसी का पौधा अपने घर या आंगन मे लगा सकते हैं। तुलसी के पत्ते भी बहुत ही लाभकारी माने जाते हैं इसलिए ज्योतिषाशास्त्र के अनुसार, तुलसी के पत्तों को तोड़ने से पहले कुछ नियमों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**नाखून के साथ न तोड़ें पत्ता :** तुलसी का पत्ता नाखून से कभी भी नहीं तोड़ना चाहिए। नाखूनों से तुलसी का पत्ता तोड़ना बहुत ही अशुभ माना जाता है। तुलसी के पत्ते को आप नाखून की जगह ऊंगली के कौर के साथ तोड़ सकते हैं। इसके अलावा गमले में जड़े हुए पत्तों का ही इस्तेमाल करें।

**इस दिन न तोड़ें :** ज्योतिषाशास्त्र के अनुसार, तुलसी का पत्ता रविवार को कभी भी नहीं तोड़ना चाहिए। इसके अलावा अमावस्या, एकादशी, चतुर्दशी और द्वादशी तिथि वाले दिन भी तुलसी का पत्ता नहीं तोड़ना चाहिए। इस दिन पत्ता तोड़ने से आपकी आर्थिक स्थिति खराब हो सकती है।

**सूर्य अस्त के बाद न तोड़ें :** तुलसी का पत्ता सूर्य अस्त होने के बाद कभी भी नहीं तोड़ना चाहिए। शास्त्रों के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि शाम को तुलसी देवी जिनको राधा का स्वरुप माना जाता है वह वन में श्रीकृष्ण के साथ शाम को रास रसाने जाती हैं। इसके अलावा सूर्य या चंद्र ग्रहण के दौरान भी तुलसी के पत्तों को नहीं तोड़ना चाहिए।

**साफ हाथों से छुएं तुलसी :** ऐसा माना जाता है कि तुलसी को हमेशा साफ हाथ से ही छूना चाहिए। यदि तुलसी का पत्ता टूटा भी है तो भी इसे हाथ साफ करके ही छुएं।

**घर में रखा सूखा तुलसी का पौधा :** घर में कभी भी सूखा तुलसी का पौधा न रखें। यदि पौधा सूख गया है तो किसी पवित्र नदी में इसे विसर्जित कर दें। शास्त्रों के अनुसार, घर में तुलसी का पौधा रखना अशुभ माना जाता है।

**शिव जी को न चढ़ाएं पत्ता :** तुलसी का पौधा कभी भी भगवान शिव और गणेश जी को नहीं अर्पित करना चाहिए। राधा भगवान शिव को अपना आराध्य मानती हैं वहीं तुलसी का मां राधा का रुप माना जाता है इसलिए कभी भी तुलसी भगवान शिव को नहीं चढ़ानी चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। मानसिक शान्ति रहेगी। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी।

**वृष राशि :** मन अशान्त रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें।

**मिथुन राशि :** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें।

**कर्क राशि :** मन परेशान रहेगा। कला या संगीत में रुचि बढ़ सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह राशि :** कारोबार से धन लाभ होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है।

**कन्या राशि :** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। खर्च बढ़ सकते हैं।

**तुला राशि :** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक राशि :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**धनु राशि :** संयत रहें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। धन लाभ में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मकर राशि :** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ राशि :** वाहन के रखरखाव एवं यात्रा खर्च बढ़ेंगे। शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव बने रहेंगे। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। शैक्षिक कार्यों से सफलता मिलेगी।

**मीन राशि :** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें।

## NEWS इन ब्रीफ

### चहल ने सूर्यकुमार के चूम लिये हाथ

**राजकोट।** श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 में सूर्यकुमार ने एक बार फिर अपने बल्ले से कोहराम मचा दिया। उन्होंने 51 गेंदों में 7 चौके और 9 छक्कों की बदौलत नाबाद 112 रनों की पारी खेली। सूर्यकुमार की इस तूफानी बल्लेबाजी को देख जहां पूरी क्रिकेट की दुनिया में उनकी वाह वाही हो रही हैं, वहीं इस पारी को देख भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल भी खुद को नहीं रोक पाए। मैच की पोस्ट सैरेमनी के वक्त चहल सूर्यकुमार यादव के हाथ चूमते हुए दिखाई दिए। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

### डेविस ने डब्ल्यूबीए लाइटवेट खिताब बरकरार रखा

**वाशिंगटन।** जेर्वोंटा डेविस ने आठ दौर के बाद तकनीकी नॉकआउट से हेक्टर लुईस गार्सिया को हराकर अपने डब्ल्यूबीए विश्व लाइटवेट चैम्पियनशिप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। डेविस ने 26वें नॉकआउट के साथ लगातार 28वीं जीत दर्ज की। उन्होंने धीमी शुरूआत के बाद वापसी करते हुए गार्सिया को हराया जिनकी 17वें पेशेवर मुकाबले में यह पहली हार है। गार्सिया ने डेविस को कड़ी टक्कर दी लेकिन वह नौवें दौर में धाराशायी हो गए। रात एक बजे के बाद शुरू हुए इस मुख्य मुकाबले को देखने के लिए 19,731 दर्शकों की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा था।

### सरफराज को बाहर निकालने वाले अपना चेहरा छुपा रहे : कनेरिया

**कराची।** कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में पाकिस्तानी बल्लेबाज सरफराज अहमद शानदार शतक लगाकर मैच को ड्रॉ करवाने में सफल रहे। वहीं, पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने सरफराज को पहले राष्ट्रीय टीम से बाहर करनेवालों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सरफराज को टीम से बाहर निकालने वाले अब अपना मुंह छिपा रहे हैं। उन्हें अब एहसास हो गया है कि उन्होंने उनके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया।

### वाइड गेंद नहीं देने पर भड़के शाकिब

**ढाका।** अनुभवी बांग्लादेशी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन अक्सर अपने एग्रेशन और अंपायरों पर अपनी हताशा निकालने के लिए जाने जाते है। शाकिब को कई बार मैच के दौरान अपना आपा खोते हुए भी देखा गया है, खासकर घरेलू क्रिकेट में वह अपने इस अंदाज से काफी चर्चा में रहते हैं। एक बार फिर ऐसा ही हुआ, बांग्लादेश का यह ऑलराउंडर बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के मैच के दौरान लेग अंपायर के फैसले को लेकर भड़क उठा। फैसला अपने पक्ष में नहीं जाने से नाखुश शाकिब को अंपायर पर चिल्लाते हुए भी देखा गया था और अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

# हार्दिक ने अपनी कप्तानी का श्रेय नेहरा को दिया

### टी-20 सीरीज जीतने के बाद पांड्या ने कहा, नेहरा ने मेरे जीवन में बड़ा अंतर पैदा किया

**एजेंसी। राजकोट**

हार्दिक पांड्या ने पिछले साल पहले ही सत्र में गुजरात टाइटंस को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिताब दिलाने के बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा और नए भारतीय टी-20 कप्तान ने अपनी कप्तानी में बड़ा अंतर पैदा करने के लिए अपने फ्रेंचाइजी कोच आशीष नेहरा को श्रेय दिया। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद इस प्रमुख ऑलराउंडर को गुजरात की टीम ने पहले ही साल में कप्तान बनाकर साहसिक कदम उठाया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान सिर्फ एक बार सीनियर स्तर पर भारतीय टीम की अगुआई करने वाले पांड्या ने हालांकि अपने विरोधियों को गलत साबित किया और उदाहरण पेश किया।

श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय में जीत के साथ भारत के 2-1 से श्रृंखला जीतने के बाद पांड्या ने कहा कि गुजरात के दृष्टिकोण से जो बहुत महत्वपूर्ण है वह यह है कि मैंने किस तरह के कोच के साथ काम किया। आशीष नेहरा ने हमारी मानसिकता के कारण मेरे जीवन में बड़ा अंतर पैदा किया। हम दो अलग-अलग व्यक्तित्व हो सकते हैं लेकिन हमारे क्रिकेट के विचार बहुत समान हैं। उन्होंने कहा कि क्योंकि मैं उनके साथ था, इसने मेरी कप्तानी को बेहतर किया। इससे मुझे ठीक वही हासिल करने में मदद मिली जो मैं जानता हूं। यह सिर्फ आश्वासन हासिल करने के बारे में था, एक बार जब मुझे वह मिल गया। इस खेल के बारे में जागरूकता जो मैं हमेशा से जानता था। यह उसे जानने और उसका समर्थन करने से जुड़ा था जो मैं पहले से जानता था। इसने निश्चित रूप से मेरी मदद की है।



# साउथ अफ्रीकी टी-20 : 10 जनवरी से शुरू होगा टूर्नामेंट




**एजेंसी। केपटाउन**

साउथ अफ्रीकी टी20 लीग 10 तारीख से हो रही है। आईपीएल की तर्ज पर शुरू हो रहे इस घरेलू टी20 टूर्नामेंट में 6 टीमें हिस्सा ले रही है। लीग में कुल 33 मुकाबले होंगे। सभी छह टीमें राउंड-रॉबिन चरण (घर और अवे गेम्स) में एक दूसरे से दो-दो मैच खेलेंगी। प्वाइट सिस्टम के आधार पर सेमीफाइनल और इसमें जीतने वाली टीमें 11 फरवरी को खिताब के लिए भिड़ेंगी। सभी टीमें आईपीएल के मालिकों द्वारा खरीदी गई हैं और मैनेजमेंट से लेकर ब्रॉडकास्टिंग तक में भारत का अहम रोल है। इसी कारण दक्षिण अफ्रीकी टी20 लीग को मिनी आईपीएल भी कहा जा रहा है।

#### टूर्नामेंट की टीमें और खिलाड़ी

**डरबन सुपर जायंट्स :** क्विंटन डिकॉक (कप्तान), प्रेनेलन सुब्रेयन, जेसन होल्डर, काइल मेयर्स, रीस टॉप्ली, ड्वेन प्रिटोरियस, हेनरिक क्लासेन, कीमो पॉल, केशव महाराज, काइल एबॉट, जूनियर डाला, दिलशान मदुशंका, जॉनसन चार्ल्स, मैथ्यू ब्रीट्जके, क्रिश्चियन जोंकर, वियान मुल्डर, साइमन हारमर।

**जोहानिसबर्ग सुपर किंग्स :** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), गेराल्ड कोएट्जी, महीष तीक्ष्णा, रोमारियो शेफर्ड, हैरी ब्रुक, जानेमन मलान, रीजा हेंड्रिक्स, काइल वेरेने, जॉर्ज गार्टन, अल्जारी जोसेफ, ल्यूस डु प्लॉय, लुईस ग्रेगरी, लिजाद विलियम्स, डोनावन फरेरा , नंद्रे बर्गर, मालुसी सिबोटो, कालेब सेलेका।

**मुंबई इंडियंस केपटाउन :** राशिद खान (कप्तान), कैगिसो रबाडा, डेवाल्ड ब्रेविस, लियाम लिविंगस्टोन, सैम कुरेन, रस्सी वैन डर डुसेन, रयान रिकेलटन, जॉर्ज लिंडे, ब्यूरन हेंड्रिक्स, डुआन जानसेन, डेलानो पोटगाइटर, ग्रांट रूलोफसेन, वेस्ले मार्शल, ओली स्टोन , वकार सलामखील, जुयाद अबाराम्स, ओडियन स्मिथ।

**पार्ल रॉयल्स :** डेविड मिलर (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, जोस बटलर, लुंगी एनगिडी, तबरेज शम्सी, जेसन रॉय, डेन विलास, ब्योर्न फोर्टुइन, विहान लुबे, फेरिस्को एडम्स, इमरान मैनैक, इवान जोन्स, रेमन सिमंड्स, मिशेल वैन ब्यूरेन, इयोन मॉर्गन, कोडी यूसुफ।

**प्रिटोरिया कैपिटल्स :** वेन पार्नेल (कप्तान), एनरिक नॉर्किया, मिगेल प्रिटोरियस, रिले रोसो, फिल साल्ट, जोश लिटिल, शॉन वॉन बर्ग, आदिल राशिद, कैमरन डेलपोर्ट, विल जैक, थ्यूनिस डी ब्रुइन, मार्को मरैस, कुसल मेंडिस, डेरिन डुपाविलॉन, जिमी नीशम, ईथन बॉश, शेन डैड्सवेल।

**सनराइजर्स ईस्टर्न केप :** एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मार्को जानसेन, ट्रिस्टन स्टब्स, सिसांडा मगला, जुनैद दाऊद, मेसन क्रेन, जॉन-जॉन स्मट्स, जॉर्डन कॉक्स, एडम रॉसिंगटन, रूलोफ वेन-डर मर्व, मार्कस एकरमैन, जेम्स फुलर, टॉम एबेल, आया गकामाने, सरेल एरवी, ब्रायडन कार्स।

# टी-20 में सबसे तेज डेढ़ हजार रन बनानेवाले बल्लेबाज बने सूर्यकुमार



### देर से खेलने और संघर्षों ने रनों की बढ़ाई भूख

**भारत** के तेजतर्रार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा कि मैच की तैयारी के दौरान वह खुद को दबाव में रखना पसंद करते हैं। सूर्यकुमार यादव जब भारत के लिए पदार्पण कर रहे थे तब उनकी उम्र 30 साल से ज्यादा थी, लेकिन इस तेजतर्रार बल्लेबाज का कहना है कि देर से चयन ने उनके संकल्प को और मजबूत किया और शीर्ष स्तर पर सफलता की उनकी भूख बढ़ा दी। सूर्यकुमार ने सबसे छोटे प्रारूप में एक और अविश्वसनीय पारी खेलते हुए श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 51 गेंद में नाबाद 112 रन की पारी खेली जिससे भारत ने 91 रन की जीत के साथ श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। सूर्यकुमार ने भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से कहा कि इससे मेरी (रनों की) भूख अब और बढ़ गई है।

**एजेंसी। राजकोट**

श्रीलंका के खिलाफ सूर्यकुमार यादव ने शतकीय पारी खेली जिससे भारत ने पहली पारी में 228 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद 91 रन से जीत दर्ज करते हुए सीरीज 2-1 से अपने नाम की। यह सूर्यकुमार का टी-20 में तीसरा शतक था और इसके साथ ही उन्होंने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। सूर्यकुमार टी-20 इंटरनेशनल में 1,500 तक पहुंचने वाले सबसे तेज खिलाड़ी (गेंदों के मामले में) बन गए हैं। टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में इस लैंडमार्क तक पहुंचने के लिए सूर्यकुमार यादव ने केवल 843 गेंदें लीं, जो सभी खिलाड़ियों में सबसे तेज है। वह पारी के मामले में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 1,500 रन के आंकड़े तक पहुंचने वाले तीसरे सबसे तेज खिलाड़ी हैं। लैंडमार्क तक पहुंचने वाले सबसे तेज बल्लेबाज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली, केएल राहुल, ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज एरोन फिंच और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम हैं जिन्होंने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 1,500 रन बनाने के लिए 39 पारियां लीं। पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान 42 पारियों में मील के पत्थर तक पहुंचे और सूर्यकुमार ने 43 पारियों में ऐसा किया।

### टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत की ओर से दूसरा सबसे तेज शतक

सूर्यकुमार यादव 150 या उससे अधिक की स्ट्राइक रेट के साथ लैंडमार्क तक पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 45 मैचों की 43 पारियों में 46.41 की औसत से 1578 रन बनाए हैं। उनके पास प्रारूप में तीन शतक और 13 अर्धशतक हैं, जिसमें 117 का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर और 180.34 का स्ट्राइक रेट है। सूर्यकुमार ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में एक भारतीय बल्लेबाज द्वारा दूसरा सबसे तेज शतक भी लगाया जिसने सबसे छोटे प्रारूप में अपना तीसरा शतक पूरा करने के लिए सिर्फ 45 गेंदें लीं। भारतीय द्वारा सबसे तेज टी-20 शतक कप्तान रोहित शर्मा ने बनाया है जिन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाया था।

### टालोन ने पुणे में पहला एटीपी विश्व टूर खिताब जीता




**एजेंसी। पुणे**

नीदरलैंड के टालोन ग्रीकस्पूर ने एक बेहद रोमांचक मुकाबले में बेंजामिन बोंजी को हराकर पहला एटीपी विश्व टूर खिताब जीत लिया। नीदरलैंड के इस खिलाड़ी ने टाटा ओपन महाराष्ट्र के फाइनल में फ्रांस के बोंजी को 4-6, 7-5, 6-3 से मात दी। दोनों खिलाड़ियों ने बालेवाड़ी स्टेडियम पर जबर्दस्त खेल का प्रदर्शन किया। पहले सेट में लग रहा था कि मुकाबला टाइब्रेकर तक खिंचेगा लेकिन ग्रीकस्पूर ने डबल फॉल्ट कर दिया और बोंजी ने तीन ब्रेक प्वाइंट के साथ पहला सेट अपनी झोली में डाला। दूसरे सेट में भी मुकाबला बराबरी का रहा और दोनों खिलाड़ियों की बेहतर सर्विस देखने को मिली। इस सेट में ग्रीकस्पूर ने वापसी करते हुए मुकाबले को निर्णायक सेट में खींचा। तीसरे सेट में उन्होंने बोंजी को वापसी का मौका नहीं दिया।

# एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए एएफआई ने घोषित की टीम

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कजाकिस्तान के अस्ताना में 10 से 12 फरवरी तक होनेवाली 10वीं एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए 26 सदस्यीय भारतीय दल की घोषणा की। टीम में 13 पुरुष और इतनी ही महिला एथलीट शामिल होंगी, जिनमें तोक्यो 2020 ओलिम्पियन तजिंदरपाल सिंह तूर और 100 मीटर बाधा दौड़ में महिला राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक ज्योति याराजी शामिल हैं। एएफआई के अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने कहा कि इन एथलीटों का चयन 36वें राष्ट्रीय खेलों और राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2022 में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया था और हमें इस आयोजन में उनकी सफलता की बहुत उम्मीद है। आयोजन के पिछले सत्र में भारत ने छह पदक जीते, जिसमें 4 रजत और 2 कांस्य शामिल थे।



# हॉकी : हरमनप्रीत कप्तान, तो अमित होंगे उप-कप्तान

### 13 जनवरी शुरू होगा टूर्नामेंट, 29 जनवरी को खेला जाएगा फाइनल

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 की शुरुआत 13 जनवरी को होने जा रही है, जबकि फाइनल 29 जनवरी को खेला जाएगा। टूर्नामेंट भुवनेश्वर और राउरकेला में आयोजित किया जाएगा। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि अमित रोहिदास को टीम के उप-कप्तान के रूप में नामित किया गया है। बेंगलुरू के साइ केंद्र में 33 खिलाड़ियों के दो दिवसीय परीक्षण के बाद भारतीय टीम का ऐलान किया गया था। कृष्ण बी पाठक और अनुभवी पीआर श्रीजेश को 18 सदस्यीय दल में दो गोलकीपर के रूप में चुना गया है। टखने की चोट के कारण भारत के हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे और एफआईएच हॉकी प्रो लीग में चूकने के बाद होनहार युवा मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद भी अपना जलवा बिखेरते नजर आएंगे।



मनप्रीत सिंह, जिन्होंने टोक्यो 2020 ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक दिलाया था, वह भी टीम में होंगे और उन्हें मिडफील्ड को संभालने का काम सौंपा जाएगा। फॉरवर्ड लाइन अनुभव और युवाओं का एक अच्छा मिश्रण है, जिसमें मंदीप सिंह और ललित कुमार उपाध्याय युवा अभिषेक और सुखजीत सिंह के साथ शामिल हैं, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में अपनी राष्ट्रीय टीम की शुरुआत के बाद प्रभावित किया है। राजकुमार पाल और जुगराज सिंह को दो रिजर्व खिलाड़ियों के रूप में नामित किया गया है। भारत को पूल डी में रखा गया है और वह राउरकेला में 13 जनवरी को स्पेन के खिलाफ अपने 2023 विश्व कप अभियान की शुरूआत करेगा। इंग्लैंड और वेल्स उनके पूल की अन्य दो टीमें हैं।

**सराहनीय**

### फॉलोआन के बाद भी द. अफ्रीका ने तीसरा टेस्ट ड्रॉ कराया

# ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से अपने नाम की सीरीज

**एजेंसी। सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के लिए रविवार को यहां अंतिम दिन 14 विकेट की दरकार थी, लेकिन मेजबान टीम छह ही विकेट हासिल कर सकी जिससे तीसरा और अंतिम टेस्ट ड्रॉ रहा। मौसम से प्रभावित मैच के अंतिम दिन धूप खिली लेकिन दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 255 रन पर समेटकर फॉलोआन के लिए मजबूर करने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया को ड्रॉ से संतोष करना पड़ा और टीम ने श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में कप्तान डीन एल्गर (10) और हेनरिक क्लासेन (35) के विकेट गंवाकर दो विकेट पर 106 रन बनाए तब दोनों टीम मैच ड्रॉ कराने पर सहमत हो गईं। इस समय सलामी बल्लेबाज सेरेल इर्वी 42 जबकि तेंबा बावुमा 17 रन बनाकर खेल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी चार विकेट पर 475 रन बनाकर घोषित की थी।



ऑस्ट्रेलिया ने लंच के बाद दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी को समेटकर विरोधी टीम को फॉलोआन दिया। दूसरी पारी में कप्तान पैट कमिंस (16 रन पर एक विकेट) ने एल्गर को पवेलियन भेजा। एल्गर ने मौजूदा श्रृंखला की छह पारियों में सिर्फ 56 रन बनाए। उन्होंने 3, 2, 26, 0, 15 और 10 रन की पारियां खेली। जोश हेलवुड (नौ रन पर एक विकेट) ने क्लासेन की पारी का अंत किया लेकिन इर्वी और बावुमा ने मैच ड्रॉ करा दिया। दक्षिण अफ्रीका का 47 मैच में यह पहला ड्रॉ है। इससे पहले हेजलवुड ने 48 रन पर चार विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने अंततः दक्षिण अफ्रीका के निचले क्रम को समेटकर टीम को 255 रन पर आउट किया जो फॉलोआन बचाने के स्कोर से 20 रन कम थे। निचले क्रम में मार्को जेनसन ने 78 गेंद में 11 रन बनाए। केशव महाराज ने 81 गेंद में 53 रन की पारी खेली जबकि साइमन हार्मर ने 165 गेंद में करियर की सर्वश्रेष्ठ 47 रन की पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका की फॉलोआन टालने की उम्मीद जगाई थी। हार्मर और महाराज ने 27 ओवर में 85 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को एक और जीत से महरूम रखने में अहम भूमिका निभाई। इन दोनों को हेजलवुड ने आउट किया। नाथन लियोन (88 रन पर दो विकेट) ने इसके बाद कागिसो रबादा को अपनी ही गेंद पर लपककर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी का अंत किया। ऑस्ट्रेलिया के पास दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका को समेटने के लिए 47 ओवर थे लेकिन मेजबान टीम को सफलता नहीं मिली।



## NEWS इन ब्रीफ

### सोना-चांदी में तेजी

**इंदौर।** सप्ताहांत सोना तथा चांदी में तेजी दर्ज की गई। इस दौरान सोना 650 रुपये तथा चांदी 1000 रुपये बढ़ कर बिकी। कारोबार की शुरूआत में सोना 54900 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 55550 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरूआत 65900 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 66900 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 55600 नीचे में 54700 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 65500 तथा नीचे 64400 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 1866 डॉलर तथा चांदी 2385 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

### बैंक हैकिंग के मामलों में आई तेजी

**नयी दिल्ली।** भारत समेत पूरी दुनिया में डिजिटलाइजेशन बहुत तेजी से बढ़ा है। इसके साथ ही दुनियाभर में हैकिंग के मामलों में भी तेजी से इजाफा हुआ है। साइबर अपराधियों का बैंक ठगी का मामल काफी बढ़ता दिखाई दे रहा है। वह दिन प्रतिदिन रूकने का नाम नहीं ले रहा है। आजकल ईमेल, मैसेज के जरिए खाता हैक कर करोड़ों की ठगी के मामले देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक यानी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने करोड़ों खाताधारकों को अलर्ट किया है। आजकल कई साइबर हैकर्स लोगों को खाता बंद हो जाने की धमकी देकर उनसे पर्सनल जानकारी प्राप्त कर लेते हैं और खाते को खाली कर देते हैं।


### सहारा से निवेशकों को अपने पैसे मिलने की अभी उम्मीद नहीं

**नयी दिल्ली।** सहाराश्री सुब्रत रॉय पर भरोसा करने वाले निवेशक आज आंसू बहाने पर मजबूर हैं। निवेशकों को उनकी मेहनत की कमाई अभी तक वापस नहीं मिल पाई है और न ही अभी मिलन की उम्मीद नजर आ रहा है। सेबी ने तमाम कार्रवाई भी की लेकिन इसके बाद भी निवेशकों का पैसा फंसा हुआ है। किसी ने बेटी की शादी तो किसी ने अपने बुढ़ापे के लिए अपनी मेहनत की कमाई जमा की थी। देशभर के करोड़ों लोगों ने सहारा ग्रुप की कंपनियों में पैसा लगाया था।

### मंदी को लेकर दुनिया के सबसे बड़े बैंक ने दी चेतावनी

**नयी दिल्ली।** दुनियाभर में बढ़ती महंगाई और इस पर काबू पाने के लिए ब्याज दरों में लगातार बढ़ोतरी होने से कई देशों में आर्थिक हालात बुरी तरह से खराब हो रहे हैं और वैश्विक आर्थिक मंदी का खतरा मंडराने लगा है। कई प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और बड़ी संस्थाएं दुनिया में मंदी की आशंका जता चुके हैं। अब वर्ल्ड बैंक ने भी इस पर चिंता जताई है और कहा कि कुछ प्रतिकूल कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को मंदी की ओर धकेल सकते हैं। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर देशों पर इसका ज्यादा असर देखने को मिलेगा।

# एप्पल भारत में रिटेल स्टोर खोलेगी



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

आज के दौर दुनियाभर की कई टेक कम्पनियां अपने कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। धीरे-धीरे ये बड़ी कंपनी कर्मचारियों को किसी न किसी कारणवश नौकरी से बाहर निकाल चुकी है। फेसबुक, ट्विटर, अमेजन जैसी बड़ी कंपनी वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका को लेकर अपने खर्चे को कम करने में जुटी हुई है। वहीं दूसरी और एप्पल भारत में अपना कारोबार बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। एप्पल बड़ी संख्या में देश के अंदर अपने रिटेल स्टोर खोलने की तैयारी में है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एप्पल कंपनी ने इसके लिए कर्मचारियों की भर्ती करना शुरू कर दिया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट की मानें तो, एप्प्ल इंक भारत में रिटेल स्टोर के लिए कर्मचारियों की भर्ती शुरू कर रही है। कंपनी की दूसरी पोजिशंस को भरने की भी योजना बनाई जा रही है। ये टेक कंपनी भारत में काफी संख्या में स्टोर खोलने जा रही है। कंपनी के करियर पेज में भारत में कामगारों के लिए कई अवसरों की सूची है। इस लिस्ट में बिजनेस एक्सपर्ट, जीनियस, ऑपरेशंस एक्सपर्ट और टेक्नीकल स्पेशिलिस्ट शामिल हैं। एपल की वेबसाइट के अनुसार, फिलहाल कंपनी भारत में जॉब पोजिशन के लिए 100 से ज्यादा रिजल्ट दिखा रही है। मुंबई और नई दिल्ली जैसे देश के भीतर विभिन्न स्थानों के लिए शनिवार को कुछ रिटेल जॉब रोल पोस्ट किए थे। कंपनी ने लंबे समय से भारत में फिजिकल रिटेल प्लेस स्थापित करने की योजना बना रही है, जो दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन बाजारों में से एक है। जबकि कंपनी ने 2020 में सीधे ऑनलाइन सेल शुरू की थी। मालूम हो कि एप्प्ल इंक ने भारत में अपने प्रोडक्शन में आईफोन की नई सीरीज 14 शुरू करने की घोषणा की थी। इस कदम को भारत में कंपनी के मील के पत्थर के रूप में देखा रहा है। चेन्नई में फॉक्सकॉन यूनिट ने पिछले साल सितंबर में घरेलू भारतीय बाजार के लिए आईफोन 14 सीरीज के स्मार्टफोन को असेंबल करना शुरू किया है। वर्तमान में, फॉक्सकॉन के साथ साझेदारी में भारत में बने 80 फीसदी से अधिक आईफोन घरेलू मांग को पूरा करते हैं। एप्पल आईफोन के प्रोडक्शन को चीन में बंद कर दिया गया है। क्रिसमस और नव वर्ष की छुट्टियों से पहले कोविड-19 को नियंत्रित करने के लिए हजारों श्रमिकों को चीन के झेंग्झौ शहर में फॉक्सकॉन की फैक्ट्री को छोड़ने के लिए कहा गया था। फॉक्सकॉन ने नए कर्मचारियों को आकर्षित करने और बाकी कर्मचारियों को काम पर बनाए रखने के लिए बोनस तक दिया।

**एप्पल की वेबसाइट के अनुसार, फिलहाल कंपनी भारत में जॉब पोजिशन के लिए 100 से ज्यादा रिजल्ट दिखा रही है**

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 562.9 अरब डॉलर पर



**एजेंसी। मुंबई**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 4.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 562.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 69.1 करोड़ डॉलर घटकर 562.8 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 30 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 30.2 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 498.2 अरब डॉलर रह गयी। हालांकि इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 35.4 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 41.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 80 लाख डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.18 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 5.16 अरब डॉलर पर स्थिर रही।

### सीलिंग फैन के दामों में 8 से लेकर 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी का अनुमान

**नयी दिल्ली।** अब आम लोगों की जरूरत में शामिल सीलिंग फैन को लेकर बड़ी खबर आ रही है। ये एक ऐसा प्रोडक्ट है जिसकी जरूरत हर किसी को होती है। हर कोई अपने घर, दुकान, शादी हॉल, ऑफिस में सीलिंग पंखे का इस्तेमाल करता है। सीलिंग पंखों को बिजली बचत करने वाली स्टार रेटिंग के साथ मार्केट में बेचा जाता है। लेकिन अब इसे बेचने के लिए स्टार रेटिंग को 1 जनवरी 2023 से अनिवार्य कर दिया गया है। जिसके कारण सीलिंग फैन के दामों में 8 से लेकर 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया जा रहा है। देश में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के संशोधित मानकों के कारण अब बिजली की बचत करने की क्षमता के आधार पर बिजली से चलने वाले पंखों को स्टार रेटिंग दी जाएगी।

# एयरटेल और जियो को टक्कर देगी बीएसएनएल अप्रैल 2024 तक लॉन्च करेगी 5जी सर्विस




**एजेंसी। नयी दिल्ली**

एयरटेल और जियो के बाद अब सरकारी टेलीकॉम कंपनी 'भारत संचार निगम लिमिटेड' (बीएसएनएल) भी अपनी 5 जी सर्विस को लॉन्च करने की तैयारियां कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूनियन आईटी एंड टेलीकॉम मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने इस बात को कंफर्म किया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि अश्विनी वैष्णव ने अनाउंसमेंट की है कि बीएसएनएल अपनी 5जी सर्विस को अप्रैल 2024 तक पेश कर देगा। फिलहाल, कंपनी 4 जी लॉन्च पर ध्यान दे रही है। इरठछ 4जी नेटवर्क लॉन्च होने के एक साल के अंदर ही इसको 5जी पर अपग्रेड कर दिया जाएगा। फिलहाल, बीएसएनएल टीसीएस और सी-डॉट के साथ मिलकर 4जी नेटवर्क लॉन्च करने पर काम कर रही है। अश्विनी वैष्णव के अनुसार, बीएसएनएल 5जी मार्च या अप्रैल 2024 से उपलब्ध होगा। उन्होंने ये भी बताया कि नेटवर्क अपग्रेडशन का काम काफी तेजी से हो रहा है। बीएसएनएल रैपिडली 4जी सर्विस को पेश करेगा और ऐसा ही 5जी के साथ भी होगा। अश्विनी वैष्णव ने एयरटेल और जियो 5जी सर्विस को ओडिशा में पेश करने के दौरान यह बातें कही हैं। उन्होंने ये भी दावा किया कि पूरे ओडिशा में बीएसएनएल 5जी सर्विस अगले 2 साल में उपलब्ध करा दी जाएगी। इससे पहले उन्होंने कहा था कि राज्य में 5 जी सर्विस 26 जनवरी से उपलब्ध हो जाएगी। बीएसएनएल 5जी सर्विस लॉन्च होने के बाद एयरटेल और जियो को टक्कर मिलेगी। आपको बता दें कि एयरटेल और जियो ने भारत में अक्टूबर में 5जी सर्विस को लॉन्च किया था। इसके बाद से अब तक एयरटेल और जियो दोनों कंपनियों ने कई शहरों में 5जी सर्विस लॉन्च कर दी है। 5जी सर्विस यूज करने के लिए आपके पास एलिजिबल स्मार्टफोन और टेलीकॉम प्लान होना जरूरी है। हालांकि, इसके लिए आपको कोई 5जी प्लान लेने की जरूरत नहीं है।

**पूरे ओडिशा में बीएसएनएल 5जी सर्विस अगले 2 साल में उपलब्ध करा दी जाएगी**

## अधिकांश खाद्य तेलों में गिरावट



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

विदेशी बाजारों के नाकरात्मक रुझान के दबाव में बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिर गए जबकि अन्य जिंसों में मिलाजुला रुख रहा। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 239 रिंगिट की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 3934 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी सप्ताहांत पर 3.24 सेंट उतरकर 62.76 सेंट प्रति पाउंड रह गया। बीते सप्ताह सरसों तेल 72 रुपये और वनस्पति तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि मूंगफली तेल 147 रुपये, सूरजमुखी तेल 146 रुपये, सोया रिफाइंड 148 रुपये और पाम ऑयल 73 प्रति क्विंटल उतर गया। सप्ताहांत पर सरसों तेल 17435 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19633 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 18681 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15237 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 10549 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 13333 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

# केनरा बैंक अपने फिक्स डिपॉजिट पर ग्राहकों को दे रहा 3.25 फीसद का ब्याज




**एजेंसी। नयी दिल्ली**

इन दिनों बैंक अपने फिक्स डिपॉजिट पर तगड़ा ब्याज ऑफर कर रहे हैं। चाहे प्राइवेट बैंक हों या सरकारी, सबकी ब्याज दरें इस समय बहुत आकर्षक हो गई हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा रेपो रेट में लगातार बढ़ोतरी किए जाने के बाद बैंकों ने भी अपनी ब्याज दरों को संशोधित किया है। सरकारी बैंकों की बात करें तो देश के कई सरकारी बैंक इन दिनों एफबी पर तगड़ा ब्याज दे रहे हैं, खासकर सीनियर सिटीजन को सामान्य लोगों की मुकाबलों में बहुत अच्छा इन्टरेस्ट दिया जा रहा है। देश का अग्रणी सरकारी बैंक केनरा बैंक अपने फिक्स डिपॉजिट पर 3.25 फीसद से लेकर 7 फीसद तक ब्याज ऑफर कर रहा है। 7 से 45 दिन के फिक्स्ड डिपॉजिट पर केनरा बैंक की ब्याज दर 3.25 है। 46 दिन से लेकर 90 दिन की अवधि तक की ब्याज 4.5 फीसद रेट ऑफर किया जा रहा है। इसी तरह 91 दिन से लेकर 179 दिन तक की एफडी पर 4.5 फीसद की दर से ब्याज दिया जा रहा है, जबकि 180 दिन से लेकर 269 दिन और 270 दिन से लेकर 364 दिन के लिए केनरा बैंक 5.5% ब्याज ऑफर कर रहा है। 1 वर्ष से लेकर 2 वर्ष से कम के टाइम पीरियड के लिए केनरा बैंक की ब्याज दर 6.80 है। 666 दिनों की डिपॉजिट बैंक 7 फीसद की दर से ब्याज दे रहा है। 5 साल और उससे अधिक के लिए टैक्स सेविंग एफडी पर केनरा बैंक 6.50 की दर से ब्याज दे रहा है। आपको बता दें कि यह सभी दरें दो करोड़ से कम के रिटेल डिपॉजिट पर मिलेंगी। ध्यान रहे कि ये ब्याज दरें दो करोड़ से अधिक की बल्क एफडी रेट्स पर हैं। पंजाब नेशनल बैंक ने हाल के दिनों में अपने एफडी की दरों में बदलाव कर दिया है।

### ट्विटर में फिर से छंटनी : कंपनी ने ट्रस्ट- सेफ्टी टीम के कई कर्मचारियों को किया बर्खास्त

**नयी दिल्ली।** ट्विटर में एक बार फिर से बड़े पैमाने पर छंटनी की गई है। कंपनी ने एक बार फिर से ग्लोबल कंटेंट मॉडरेशन को संभालने वाली ट्रस्ट और सेफ्टी टीम से संबंधित यूनिट में कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर कटौती की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रात कम से कम एक दर्जन से अधिक कर्मचारियों के बर्खास्त करने से कंपनी के डबलिन और सिंगापुर कार्यालयों के श्रमिक प्रभावित हुए हैं। बर्खास्त कर्मचारियों में बड़े अधिकारी भी शामिल हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक जिन अधिकारियों को हटाया गया है वे हैं नूर अजहर बिन अयोब जो कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रमुख हैं। इसके अलावा राजस्व नीति के ट्विटर के वरिष्ठ निदेशक एनालुइसा डोमिंग्वेज को भी हटाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्विटर पर गलत सूचना, वैश्विक अपील और राज्य मीडिया पर नीति को संभालने वाली टीमों के कार्यकर्ताओं को भी हटा दिया गया था।

# शेयर बाजार में उथल-पुथल होने से डूब गए एक लाख करोड़ रुपये



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ को पिछले सप्ताह बाजार मूल्यांकन में 1,06,991.42 करोड़ रुपये की चपत लगी। शेयर बाजार में आये उथल-पुथल में कंपनी और बैकों के डूब गये एक लाख रुपये। आईटी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों इंफोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के साथ-साथ एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। पिछले हफ्ते सेंसेक्स में 940.37 अंक या 1.55 फीसदी की गिरावट आई थी। हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को छोड़कर, आठ फर्मों को उनके बाजार पूंजीकरण (एमकैप) में कमी का सामना करना पड़ा। इंफोसिस का बाजार मूल्यांकन 25,185.37 करोड़ रुपये गिरकर 6,09,687.79 करोड़ रुपये पर आ गया, जो शीर्ष 10 फर्मों में सबसे अधिक है। एचडीएफसी बैंक का एमकैप 18,375.41 करोड़ रुपये घटकर 8,89,130 करोड़ रुपये रह गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मूल्यांकन 17,289.02 करोड़ रुपये घटकर 11,75,287.30 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक की वैल्यू 14,447.69 करोड़ रुपये घटकर 6,07,140.65 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 11,245.01 करोड़ रुपये घटकर 5,36,012.18 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी का मार्केट कैप 7,419.45 करोड़ रुपये घटकर 4,74,018.02 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का मूल्यांकन 7,408.2 करोड़ रुपये घटकर 17,16,571.25 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 5,621.27 करोड़ रुपये घटकर 4,43,356.45 करोड़ रुपये रह गया। हालांकि, एलआईसी ने अपने मार्केट कैपिटलिजेशन में 14,105.09 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे उसका मूल्यांकन 4,47,114.09 करोड़ रुपये हो गया।

## वृद्धि | देश में बीते साल में कुल 42.5 लाख नयी गाड़ियां बिकीं

# भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल मार्केट



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत ने साल 2022 में अपने नाम एक बड़ा रिकॉर्ड किया है। साल 2022 में भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल मार्केट बन गया है। हाल ही ऑटो मार्केट इंडस्ट्री के द्वारा दी गई जानकारी से यह पता चला है कि भारत में साल 2022 में कुल 42.5 लाख नई गाड़ियां बिकी है। वहीं जापान में साल 2022 इस दौरान में कुल 42 लाख यूनिट्स गाड़ियों की बिक्री हुई है। ऐसे में भारत साल 2022 में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटो मार्केट के रूप में उभरा है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक साल 2022 के जनवरी से लेकर नवंबर के महीने तक भारत में कुल 41.3 लाख गाड़ियों की डिलीवरी की गई थी। वहीं साल के अंत तक यह आकड़ा 42 l50 लाख पहुंच गया था। देश की बड़ी ऑटो सेक्टर की कंपनी मारुति सुजुकी से दिसंबर में अपनी गाड़ियों की सेल्स के आंकड़े जारी किए हैं। इसके बाद यह पता चला कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटो मार्केट के रूप में उभरा है। जापान ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने बताया कि जापान में साल 2022 में गाड़ियों की सेल में रही कम रही हैं। बीते साल जापान में कुल 42 लाख गाड़ियां बिकी हैं जो कि साल 2021 के मुकाबले 5.6 फीसदी कम रही है। आपको बता दें कि चीन दुनिया का सबसे बड़ा ऑटो मार्केट है। साल 2021 में चीन में कुल 2.62 करोड़ गाड़ियां बिकी थी। वहीं दूसरे नंबर पर अमेरिका था जिसमें साल 2021 में कुल 1.54 करोड़ गाड़िया बिकी थी। वहीं साल 2021 में जापान में कुल 44.4 लाख गाड़िया बिकी थी। आपको बता दें कि जापान लगातार की सालों से एशिया का सबसे बड़ा ऑटो मार्केट बना हुआ था। साल 2018 में जापान में कुल 40.4 लाख गाड़ियों की बिक्री हुई थी। वहीं साल 2019 में कुल 40 लाख गाड़ियों की बिक्री हुई थी। कोरोना महामारी के पहले साल 2020 में ऑटो सेक्टर को तगड़ा झटका लगा था और जापान में गाड़ियों की सेल 30 साल से कम थी।

## पेज एक के शेष

### तोपचांची बाजार में...

लेने के लिए बाइक की डिक्की खोली, बम फट गया। घायल होने वाली पांचों महिलाएं सब्जी बेचने आयी थीं। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को सील कर दिया है। मामले की जांच चल रही है। एक घायल महिला ने बताया कि वह तोपचांची बाजार में सब्जी बेच रही थी। तभी एक बाइक सवार आया। वह सब्जी खरीद कर उसे डिक्की में रख रहा था। जैसे ही उसने डिक्की खोली, ब्लास्ट हो गया। वह समझ नहीं पा रही थी कि अचानक क्या हो गया। घायल बाइक सवार ने बताया कि वह बगोदर से गोमो अपने घर जा रहा था। तोपचांची बाजार पहुंचा तो सोचा कि घर के लिए सब्जी ले लूं। यही सोचकर थैला निकालने के लिए डिक्की खोली। तभी ब्लास्ट हो गया। उसने कहा कि बम बाइक में हुआ या सब्जी बाजार में, कुछ समझ नहीं आ रहा है। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को सील कर दिया है। पुलिस इस मामले की बारीकी से तफ्तीश में जुटी है। पुलिस इस पहलू पर भी जांच कर रही है कि बाइक सवार कहीं बम लेकर तो नहीं जा रहा था या फिर किसी ने साजिश के तहत उसकी बाइक की डिक्की में बम तो नहीं रखा था।

### बिहार जैसे राज्य...

में? जिनकी सियासी लिप्साएं होंगी, जिनकी राजनीतिक भूख-महत्वाकांक्षाएं होंगी, आपको फंडिंग वही करेंगे। उनकी फंडिंग से ही आपकी यात्रा हो सकती है। क्राउड फंडिंग का सीधा सा मतलब यह हुआ कि आप 10 जगह मुंह खोलेंगे तो एक-दो लोग कुछ धन डाल देंगे। इससे काम चलेगा क्या? शायद नहीं। दूसरों के लिए रणनीति बनाना और उसे अमलीजामा पहनाना कई बार आसान होता है, बनिस्पत अपने लिए कुछ करने के, एक समूह के लिए कुछ करने के। देश के नंबर-1 चुनावी रणनीतिकार की जनसुराज यात्रा में फंड की कमी हो रही है, यह अव्वल तो विश्वास करने वाली बात ही नहीं और अगर एक सेकेंड के लिए इसे सच मान भी लें तो बहुत बड़ा सवाल खुद प्रशांत किशोर पर भी खड़ा हो जाता है। लेकिन, उसके पहले जनसुराज यात्रा निकालने वालों को अपने में यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वास्तव में वही लोग क्राउड फंडिंग के नाम पर पैसे मांग रहे हैं या कोई फ्राड उनके इस अभियान में सेंध लगा रहा है?

### भारत में रिवर...

लिए सुसज्जित किया गया है। विश्व विरासत स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानों, नदी घाटों, और बिहार में पटना, झारखंड में साहिबगंज, पश्चिम बंगाल में कोलकाता, बांग्लादेश में ढाका और असम में गुवाहाटी जैसे प्रमुख शहरों सहित 50 पर्यटन स्थलों की 51 दिनों की क्रूज यात्रा की योजना बनाई गई है। एमवी गंगा विलास क्रूज 62 मीटर लंबा, 12 मीटर चौड़ा है और आराम से 1.4 मीटर के ड्राफ्ट के साथ चलता है। इसमें तीन डेक हैं, 36 पर्यटकों की क्षमता वाले बोर्ड पर 18 सुइट हैं, जिसमें पर्यटकों के लिए एक यादगार और शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए सभी सुविधाएं हैं। जहाज अपने मूल में स्थायी सिद्धांतों का पालन करता है, क्योंकि यह प्रदूषण मुक्त प्रणाली और शोर नियंत्रण तकनीकों से लैस है। एमवी गंगा विलास की पहली यात्रा में स्विट्जरलैंड के 32 पर्यटक वाराणसी से डिब्रूगढ़ की यात्रा का आनंद लेंगे। एमवी गंगा विलास के डिब्रूगढ़ पहुंचने की संभावित तिथि 1 मार्च, 2023 है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

## प. बंगाल के पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी का निधन



**प्रयागराज।** पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व विस अध्यक्ष पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी का रविवार को उनके निवास पर निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। 30 दिसम्बर 2022 को उन्हें प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्रिपाठी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि केशरी नाथ त्रिपाठी एक वरिष्ठ और अनुभवी राजनेता थे। वे संसदीय नियमों, परंपराओं और विधि के गहरे जानकार थे। त्रिपाठी एक विद्वान अधिवक्ता और संवेदनशील साहित्यकार भी थे। उनके निधन से समाज की अपूरणीय क्षति हुई है।

## चीन में भीषण सड़क दुर्घटना, 17 की मौत

**नानचांग।** पूर्वी चीन के जियांग्शी प्रांत के नानचांग क्षेत्र में रविवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में 17 लोगों की मौत हो गयी और 22 अन्य घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## डॉ. सुनीता घोगरा बनी राजस्थान साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष

**उदयपुर।** राजस्थान साहित्य अकादमी में आदिवासी वर्ग के भील समुदाय की डॉ. सुनीता घोगरा को उपाध्यक्ष के पद पर चुना गया है। अकादमी अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण की अध्यक्षता में 19वीं सरस्वती सभा की बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए आदिवासी वर्ग के भील समुदाय की डॉ. सुनीता घोगरा को उपाध्यक्ष के पद पर चुना गया।

## जंगली हथिनी ने चार लोगों को मार दिया

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में अंगुल वन मंडल में एक जंगली हथिनी ने चार लोगों को कुचल कर मार दिया। वन अधिकारियों ने मृतक की पहचान सुभाष बिस्वाल, अनिरुद्ध साहू, रमेश स्वैन और अजय बिस्वाल के रूप में की है। मरने वालों की उम्र 50 से 60 के बीच थी। हथिनी 25 सदस्यीय झुंड का एक हिस्सा थी और शुक्रवार की रात को झुंड से अलग होकर शनिवार की सुबह गांव की ओर चली गयी।

## सुक्खू मंत्रिमंडल का विस्तार, सात विधायक बने मंत्री

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में रविवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के मंत्रिमंडल का लगभग एक माह की कशमकश के बाद रविवार को विस्तार हुआ जिसमें सात और मंत्रियों को शामिल किया गया है। यहां राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में नये मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई। सबसे पहले सोलन से विधायक धनीराम शांडिल (82) तथा इसके बाद कांगड़ा जिले के विधायक चंद्र कुमार, हर्षवर्द्धन चौहान, जगत सिंह नेगी, रोहित ठाकुर, अनिरुद्ध सिंह और शिमला ग्रामीण से विधायक विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली।

# हम 22 राज्यों में काम कर रहे, सभी जगह भाजपा की सरकार नहीं है : गौतम अडानी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दुनिया के तीसरे सबसे रईस शख्स गौतम अडानी ने इंडिया टीवी को एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में बताया कि उनके कारोबार के फलने-फूलने के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करीबी रिश्तों के होने की बात बिल्कुल निराधार है, क्योंकि वह कई विपक्ष-शासित राज्यों में भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा तो मकसद रहेगा कि हर राज्य में जहां-जहां संभव हो, वहां अधिकतम निवेश करें। अडानी ग्रुप को इस बात की खुशी है कि आज हम 22 राज्यों में काम कर रहे हैं और सब राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है। हम तो केरल में वाममोर्चा सरकार के साथ भी काम कर रहे हैं, बंगाल में ममता दीदी के साथ भी काम कर रहे हैं, नवीन पटनायक जी के साथ भी काम कर रहे हैं, जगनमोहन रेड्डी, केसीआर। हर जगह जहां क्षेत्रीय पार्टियों की सरकारें हैं, काम कर रहे हैं। मैं आज दावे के साथ कह सकता हूं कि इनमें से किसी भी सरकार से हमें कोई तकलीफ नहीं हुई।

रजत शर्मा द्वारा होस्ट किए गए कार्यक्रम आप की अदालत में पहुंचे गौतम अडानी ने कहा, मैं बताना चाहता हूं कि मोदीजी से आप कोई व्यक्तिगत सहायता नहीं ले सकते। आप उनसे नीति विषयक बात कर सकते हैं, आप देश के हित में चर्चा कर सकते हैं, लेकिन जो नीति बनती है, वह सबके लिए होती है, वह अकेले अडानी ग्रुप के लिए नहीं बनती। 60 वर्षीय उद्योगपति ने यह भी



कहा कि उनके अरबों का कारोबार करने वाले ग्रुप के बारे में गलतफहमी है कि उसे प्रमोट किया जा रहा है, जिसके चलते बैंकों और आम आदमी की बचत खतरे में आ सकती है। उन्होंने कहा, पिछले 7-8 साल के अंदर हमारे कर्ज में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और हमारी आमदनी 24 प्रतिशत बढ़ी है। आज हमारी कुल संपत्ति हमारे कर्ज की तुलना में 3 से 4 गुणा हो चुकी है।

90 मिनट के शो के दौरान गौतम अडानी ने कहा कि उनका मानना है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी बार-बार उनके खिलाफ क्रोनी कैपिटलिज्म का जो आरोप लगाते हैं, वह राजनीति के तौर-तरीकों का हिस्सा है। उन्होंने राजस्थान का उदाहरण दिया, जहां कांग्रेस की ही सरकार है। कांग्रेस-शासित राजस्थान में किए गए 68 हजार करोड़ रुपये के निवेश का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, निवेश करना हमारा सामान्य काम है। मैं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निमंत्रण पर निवेशक सम्मेलन में वहां भी गया था। बाद में, राहुल (गांधी) जी ने भी राजस्थान में हमारे निवेश को सराहा था। मैं जानता हूं, राहुल की नीतियां भी विकास-विरोधी नहीं हैं। गौतम अडानी के मुताबिक जो आलोचक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके रिश्तों पर सवाल खड़े करते हैं, वे भूल जाते हैं कि उनका सफर लगभग चार दशक पहले शुरू हुआ था, जब कांग्रेस का देश पर शासन था।

उन्होंने कहा : मेरे जीवन में तीन बड़े ब्रेक मिले। पहला ब्रेक मिला 1985 में, जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे और नई आयात-निर्यात नीति आई, हमारी कंपनी एक ग्लोबल ट्रेडिंग हाउस बनी। दूसरा ब्रेक 1991 में मिला, जब पीवी नरसिम्हा राव और डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार के समय हम पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप कर सके। इससे देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर को नई दिशा मिली। तीसरा, नरेंद्र मोदी के गुजरात में मुख्यमंत्री के रूप में 22 साल के शासन में। मैं गर्व से कह सकता हूं, वह बहुत अच्छा अनुभव रहा।

### हम बिडिंग के बिना, मेरिट के बिना, कभी बिजनेस में प्रवेश नहीं करते

उन्होंने कहा : जब लोग आरोप लगाते हैं, तो वे ये बताएं कि हमने एक भी काम बगैर बिडिंग (बोली) के किया हो। हम बिडिंग के बिना, मेरिट के बिना, कभी उस बिजनेस में प्रवेश नहीं करते। हमको भी मालूम है, भारत में उस तरह का काम करने में विवाद ज्यादा होता है। अडानी ग्रुप का यह दर्शन रहा है कि कोई भी चीज बिना बिडिंग के हम टच नहीं करते। चाहे पोर्ट हो, एयरपोर्ट हो, रोड हो, बिजलीघर हो, एक भी बिजनेस में हमने बगैर बिडिंग के काम नहीं किया। हमारे ऊपर एक भी आरोप नहीं है कि हमने बिडिंग को मैनेज किया हो। हमारे ऊपर वह आक्षेप राहुल (गांधी) जी ने भी नहीं डाला है कि बिडिंग प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी थी।

# पीएम ने कहा: केन्द्र और राज्यों को मिलकर काम करना चाहिए

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां मुख्य सचिवों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र और राज्यों को मिलकर काम करना चाहिए और प्रगति की गति को तेज करना चाहिए। मोदी ने अपने संबोधन में जून 2022 में पिछले सम्मेलन के बाद से देश द्वारा हासिल किए गए विकास के मील के पत्थर को याद किया, जिसमें भारत को जी20 की अध्यक्षता प्राप्त करने, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने, नए स्टार्टअप का तेजी से पंजीकरण जैसे विभिन्न उदाहरणों का हवाला दिया। मोदी ने कहाः विकसित भारत के निर्माण के लिए देश बुनियादी ढांचे, निवेश, नवाचार और समावेश के चार स्तंभों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। आज पूरी दुनिया भारत में अपना विश्वास जता रही है और हमें एक ऐसे देश के रूप में देखा जा रहा है जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में स्थिरता ला सकता है। देश इसका पूरा फायदा तभी उठा पाएगा जब राज्य पहल करें, गुणवत्ता पर ध्यान बनाए रखें और भारत-प्रथम दृष्टिकोण के साथ निर्णय लें।

प्रधानमंत्री ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत देश के विभिन्न जिलों में हासिल की गई सफलता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला मॉडल को अब आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के रूप में ब्लॉक स्तर तक ले जाया जाना चाहिए। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने राज्यों में इस कार्यक्रम को लागू करें।

### राज्य एमएसएमई पर सक्रिय रूप से करें कार्य

**पीएम** ने एमएसएमई पर चर्चा करते हुए कहा कि राज्यों को एमएसएमई के औपचारिककरण की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एमएसएमई को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए हमें वित्त, प्रौद्योगिकी, बाजार और कौशल तक पहुंच उपलब्ध कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्यों को अपने सर्वोत्तम स्थानीय उत्पादों की पहचान करनी चाहिए और उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर हासिल करने में मदद करनी चाहिए। यहां उन्होंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थित एकता मॉल का उदाहरण भी दिया। प्रधानमंत्री ने देश के तटीय क्षेत्रों के विकास पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश का विशाल विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र संसाधनों से लैस है और देश के लिए जबरदस्त अवसर प्रदान करता है।

## वीजा समाप्त हो चुके तीन विदेशी पकड़ाये

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दक्षिणी दिल्ली के राजू पार्क इलाके में वीजा एक्सपायर होने के बाद रह रहे तीन लोगों को गिरफ्तार करने गई नारकोटिक्स स्क्वाड की टीम पर दक्षिण अफ्रीकी मूल के लोगों ने हमला कर दिया। इन लोगों ने पुलिस कस्टडी से कुछ आरोपी भी छुड़ा लिए। बाद में पुलिस टीम ने किसी तरह उन्हें फिर पकड़ा और थाने लेकर आई। नारकोटिक्स स्क्वाड की टीम कुछ अफ्रीकी मूल के आरोपियों को पकड़ने राजू पार्क गई थी। वहां अफ्रीकी मूल के 3 ऐसे लोगों को पकड़ा गया, जिनका वीजा एक्सपायर हो गया था। इसी बीच 100 अफ्रीकी मूल के लोग इकठ्ठा हो गए और उन्होंने पुलिस टीम पर हमला कर तीनों आरोपियों को कस्टडी से छुड़ा लिया। इसके बाद छुड़ाए एक आरोपी फिलिप को पुलिस ने पकड़ लिया। इसके बाद नेब सराय थाने और नारकोटिक्स स्क्वाड की टीम गई और 4 अफ्रीकी मूल के नागरिकों को पकड़ा गया।

# जिविका दीदियों के सहारे चल रही नीतीश की समाधान यात्रा



**नवीन मेल नेटवर्क। पटना**

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समाधान यात्रा जिविका दीदियों के सहारे चल रही है। मुख्यमंत्री अपनी यात्रा के क्रम में भले ही फीडबैक लेने की बात कह रहे हों, लेकिन वह आम लोगों से दूरी बनाए हुए हैं। स्थिती यह है कि गडबड़ी की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाते हैं। यही नहीं, मुख्यमंत्री के दौरे से पूर्व जिला प्रशासन और पटना की स्पेशल टीम द्वारा मॉक ड्रिल कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया जाता है। इसके बाद ही मुख्यमंत्री का काफिला आगे बढ़ता है। यात्रा के दौरान सुरक्षा में कोई चूक ना रह जाए ऐसी व्यवस्था की जाती है। यात्रा के दौरान जिलों में अलग-अलग स्थानों पर ड्रॉप गेट बना दिए जाते हैं, जहां पुलिस के जवानों की तैनाती की जाती है। यात्रा के दौरान कोई भी व्यक्ति वहां नही फटके इसकी पूरी तैयारी की जाती है। जिला प्रशासन के द्वारा चिन्हित कुछ जगहों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जाते हैं।

इस दौरान वहां कोई अपनी शिकायत नहीं करे इसकी चेतावनी पहले ही दे दी जाती है। कार्यक्रम के बाद शाम में जिविका दीदियों का समूह सरकार की तारीफ में कसीदे गढ़ती हैं। जिविका दीदियों की समूह में से गिनिचुनी पांच-सात दीदियां सरकार के कार्यों की तारीफ में गुनगान करती हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनकी बातों को सुन-सुनकर मंद-मंद मुस्काते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हैं। अब तो मुख्यमंत्री ने जिविका दीदियों को स्कूलों की जांच-पड़ताल का भी जिम्मा सौंप दिया है।

# बीजेपी गंगा की तरह, पापों से मुक्ति पाने के लिए इसमें डुबकी लगाएं : माणिक साहा

**एजेंसी। काकराबान (त्रिपुरा)**

वामपंथी नेताओं से बीजेपी में शामिल होने की अपील करते हुए त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को भाजपा की तुलना गंगा नदी से कर दी। माणिक साहा ने विपक्षी नेताओं को ऑफर देते हुए कहा कि भाजपा गंगा नदी की तरह है और इसमें डुबकी लगाने से उन्हें सभी पापों से मुक्ति मिल जाएगी। मुख्यमंत्री दक्षिण त्रिपुरा के काकराबान में जन विश्वास रैली के तहत एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

साहा ने कहाः भाजपा इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत को लेकर आश्वस्त है। मैं उन लोगों से अपील करता हूं, जो अभी भी स्टालिन और लेनिन की विचारधारा में विश्वास करते हैं, वे भाजपा में शामिल हो जाएं क्योंकि यह गंगा नदी की तरह है। यदि आप गंगा में पवित्र स्नान करते हैं तो आपके सभी पाप नष्ट हो जाएंगे। ट्रेन के डिब्बे अभी भी खाली हैं। खाली डिब्बे में बैठें और प्रधानमंत्री हम सभी को उस मंजिल तक ले जाएंगे, जहां हमें पहुंचना चाहिए था। कम्युनिस्टों ने लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन किया और वर्षों तक त्रिपुरा पर शासन किया। कम्युनिस्ट शासन के दौरान कोई लोकतंत्र नहीं था, क्योंकि वे हिंसा और आतंक की रणनीति में विश्वास करते थे।

# अभूतपूर्व तरीके से बदल रहा भारत : एस. जयशंकर


**एजेंसी। इंदौर**

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत में जिस गति से बदलाव आ रहा है, वह अभूतपूर्व है और देश आज प्रत्येक संभावना की दिशा में आत्मविश्वास के साथ कदम बढ़ा रहा है। वह 17वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत केंद्रीय खेल और युवा कल्याण मंत्री अनुराग ठाकुर और उसके राज्य मंत्री निशीथ प्रामाणिक भी उपस्थित थे।

समारोह को संबोधित करते जयशंकर ने कहा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल पासपोर्ट वाले संबंधों पर नहीं, बल्कि रक्त संबंधों पर विश्वास करते हैं। संबंध स्थापित करने की प्रक्रिया दोतरफा है और ये पहलू सबसे ज्यादा कोविड महामारी और टीकाकरण के दौरान महसूस किया गया।

FILMY हलचल

# अजय देवगन के भांजे अमन बॉलीवुड में करेंगे डेब्यू



**मुंबई।** जानेमाने अभिनेता अजय देवगन के भांजे अमन देवगन बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। अमन देवगन अपने मामा अजय देवगन के साथ फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक कपूर करनेवाले हैं। अभिषेक कपूर एक फिल्म की कहानी पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिये अमन का डेब्यू होगा। अमनअपनी फिल्म के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है। अभिषेक कपूर एक्शन एडवेंचर फिल्म बनाना चाहते हैं। इसे लेकर वह काफी उत्साहित है। यह फिल्म बड़े स्केल पर शूट की जाएगी और इसकी शूटिंग अगले महीने से शुरू होगी। फिल्म में अजय देवगन एक खास और नए अंदाज में नजर आएंगे। उनके लिए एक नए स्पेशल लुक को भी डिजाइन किया जा रहा है। फिल्म का निर्माण प्रज्ञा कपूर और रॉनी स्क्रूवाला मिलकर करेंगे।

मिसाल | जस्टिस चंद्रचूड़ अपने बच्चों की परवरिश को लेकर बनने लगे उत्तम उदाहरण

# सीजेआई ने दोनों बच्चियों को लिया है गोद

**भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, पत्नी कल्पना दास, उनकी बेटी प्रियंका (14) व माही (12)**

**- आरएनएम। नयी दिल्ली**

भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ (डीवाई चंद्रचूड़) के फैसलों की खूब चर्चा होती है। उनके शपथ ग्रहण करने के पहले भी पार्टी विशेष के लोग सोशल मीडिया पर तरह-तरह के ट्वीट आदि किये थे। हाल में चीफ जस्टिस अपनी दोनों बेटी माही और प्रियंका को लेकर अपने दफ्तर पहुंचे थे। जिसके बाद उनके निजी जीवन पर भी बात हो रही है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने अपनी बेटियों को न्यायालय कक्ष, कॉरिडोर व पुस्तकालय दिखाई। उन जगहों को भी दिखाया, जहां वकील बहस करते हैं। मालूम हो कि माही और प्रियंका दोनों स्पेशल चाइल्ड हैं।

डीवाई चंद्रचूड़ और उनकी पत्नी कल्पना दास ने दोनों बच्चियों को गोद लिया है। कल्पना दास जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की दूसरी पत्नी हैं। वह भी पेशे से वकील हैं और ब्रिटिश काउंसिल में बड़े पद पर रह चुकी हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ की पहली पत्नी रश्मि की 2007 में कैंसर से मौत हो गई थी। कुछ साल बाद उन्होंने कल्पना दास से शादी की। चंद्रचूड़ को उनकी पहली पत्नी से दो बेटे हैं। बड़े बेटे का नाम अभिनव और छोटे का नाम चिंतन है। दोनों ही वकील हैं। अभिनव बॉम्बे हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं और कई किताबें भी लिखी हैं। एक किताब पूर्व अटॉर्नी जनरल सोली सोराबजी के जीवन पर भी लिखी है। छोटे बेटे चिंतन इंग्लैंड में एक कानूनी फर्म के साथ कार्यरत हैं। डीवाई चंद्रचूड़ भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश वाईवी चंद्रचूड़ के बेटे हैं। वाईवी चंद्रचूड़ साल 1978 से 1985 के बीच सात साल तक भारत के मुख्य न्यायाधीश रहे थे। यह अब तक का सबसे लंबा कार्यकाल है।

### एनडीए सरकार में 1998 से 2000 तक भारत के रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल

**डीवाई** चंद्रचूड़ ने दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से अर्थशास्त्र में बीए किया है। इसके बाद उन्होंने



दिल्ली विश्वविद्यालय से ही एलएलबी पूरी की। इसके बाद उन्होंने एलएलएम की डिग्री और न्यायिक विज्ञान में डॉक्टरेट के लिए हार्वर्ड लॉ स्कूल गए। जस्टिस चंद्रचूड़ को एनडीए सरकार ने 1998 से 2000 तक भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में चुना था। 29 मार्च, 2000 को बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति तक वह इस पद पर बने रहे थे। 13 मई 2016 को उन्हे सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। डीवाई चंद्रचूड़ को प्रगतिशील चीफ जस्टिस भी कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने कई ऐसे फैसले लिखे, जो समाज के एक बड़े वर्ग को आसानी से स्वीकार्य नहीं था। उन्होंने सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने, भारतीय नौसेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने जैसे फैसले भी लिखे। आईपीसी की धारा-377 खत्म करनेवाले पीठ में थे।